शुभम संदेश
एक राज्य - एक अखबार
शुभ धनतेरस

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

## ब्रीफ खबरें

### महुआ को अयोग्य घोषित करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** लोकसभा की आचार समिति ने रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने संबंधी आरोपों के मामले में गुरुवार को टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा को संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की. भाजपा सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने बैठक की, जिसमें समिति की रिपोर्ट को 6-4 से स्वीकार किया गया. रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेज दी गई है.

### बिहार में अब 75% कोटा विस से प्रस्ताव पास

**पटना।** बिहार में अब 75% आरक्षण लागू होगा. विधानसभा से गुरुवार को आरक्षण संशोधन विधेयक पास हो गया. खास बात ये रही कि किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया. बिहार में अब अनारक्षित कोटा मात्र 25% बच गया है. राज्य में 75 फीसदी रिजर्वेशन लागू करने का रास्ता साफ हो गया है. सदन में किसी भी सदस्य ने इसका विरोध नहीं किया. तमिलनाडु के बाद बिहार भी आरक्षण बढ़ाने वाला दूसरा राज्य बन गया है.

## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.1 | 22.8 |
| जमशेदपुर | 32.2 | 16.6 |
| डालटनगंज | 33.0 | 15.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**सुप्रीम कोर्ट बोला : सांसदों और विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केस जल्द निपटाएं, हाईकोर्ट में स्पेशल बेंच बनें**

# खुद लें संज्ञान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सांसदों-विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केस पर जल्द फैसला देने वाली याचिका पर सुनवाई की. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाईकोर्ट और निचली अदालतों को कई निर्देश जारी किए. शीर्ष कोर्ट ने कहा- ऐसे मामलों के लिए हाईकोर्ट में एक स्पेशल बेंच गठित की जाए. साथ ही निचली अदालतें सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की निगरानी के लिए स्वतः संज्ञान भी लें.

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले की 3 बड़ी बातें...

1. हाईकोर्ट एमपी-एमएलए के खिलाफ आपराधिक केसों की निगरानी के लिए विशेष पीठ का गठन करेंगे, इसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस करेंगे या उनकी तरफ से नामित पीठ.
2. **हाईकोर्ट क्रिमिनल केस में सांसदों के खिलाफ केसों की स्थिति पर रिपोर्ट के लिए विशेष निचली अदालतों को बुला सकते हैं. ट्रायल कोर्ट केवल दुर्लभ कारणों को छोड़ कर संसद सदस्यों, विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई स्थगित नहीं करेंगी.**
3. प्रधान जिला और सत्र जज कानून निर्माताओं की सुनवाई करने वाली नामित विशेष अदालतों के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे, तकनीकी सुविधा सुनिश्चित करेंगे.

### तारीख पे तारीख वाली अदालत नहीं



चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ कोर्ट में लंबित मामलों को लेकर पहले ही चिंता जता चुके हैं. उन्हो 3 नवंबर को लंबित मामलों को सुलझाने में देरी और सुनवाई टालने पर चिंता जताते हुए वकीलों से कहा था कि हम नहीं चाहते कि ये तारीख पे तारीख वाली अदालत बन जाए. उन्होंने कहा कि हर रोज औसतन 154 मामले टाले जाते हैं.

### झारखंड के इन नेताओं पर हैं आपराधिक मामले

1 हेमंत सोरेन, सीएम
2 मधु कोड़ा, पूर्व सीएम
3 बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम
4 रघुवर दास, पूर्व सीएम
5 चंपई सोरेन, मंत्री
6 सत्यानंद भोक्ता, मंत्री
7 बन्ना गुप्ता, मंत्री
8 मिथिलेश ठाकुर, मंत्री
9 शिबू सोरेन, सांसद
10 गीता कोड़ा, सांसद
11 निशिकांत दुबे, सांसद
12 चंद्रप्रकाश चौधरी, सांसद
13 विद्युत वरण महतो, सांसद
14 बिरंची नारायण, विधायक
15 शशिभूषण मेहता, विधायक
16 लोबिन हेंब्रम, विधायक
17 भूषण बाड़ा, विधायक
18 जयप्रकाश पटेल, विधायक
19 अपर्णा सेनगुप्ता, विधायक
20 उमाशंकर अकेला, विधायक
21 नवीन जायसवाल, विधायक
22 पौलुस सुरीन, पूर्व विधायक
23 प्रदीप यादव, विधायक
24 अंबा प्रसाद, विधायक
25 मनीष जायसवाल, विधायक
26 नलिन सोरेन, विधायक
27 रामदास सोरेन, विधायक
28 रणधीर सिंह, विधायक
29 समीर मोहंती, विधायक
30 सीता सोरेन, विधायक
31 विनोद सिंह, विधायक
32 ढुल्लू महतो, विधायक
33 भूषण तिर्की, विधायक
34 भानु प्रताप शाही, विधायक
35 इरफान अंसारी, विधायक
36 दीपिका पांडेय, विधायक
37 ददई दुबे, पूर्व सांसद
38 बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री
39 एनोस एक्का, पूर्व मंत्री
40 कमलेश सिंह, पूर्व मंत्री
41 देवकुमार धान, पूर्व मंत्री
42 राजा पीटर, पूर्व मंत्री
43 बड़कुंवर गगराई, पूर्व मंत्री
44 घुरन राम, पूर्व सांसद
45 सालखन मुर्मू, पूर्व सांसद
46 सुखदेव भगत, पूर्व विधायक
47 अमित महतो, पूर्व विधायक
48 योगेंद्र प्रसाद, पूर्व विधायक
49 अनंत प्रताप देव, पूर्व विधायक
50 अरूप चटर्जी, पूर्व विधायक
51 अरविंद सिंह, पूर्व विधायक
52 सूर्य सिंह बेसरा, पूर्व विधायक
53 जलेश्वर महतो, पूर्व विधायक
54 जानकी यादव, पूर्व विधायक
55 केएन त्रिपाठी, पूर्व विधायक
56 कुणाल षाडंगी, पूर्व विधायक
57 ममता देवी, पूर्व विधायक
58 राजकुमार यादव, पूर्व विधायक
59 साधुचरण महतो, पूर्व विधायक

**सीएम हेमंत सोरेन ने की घोषणा : प्रतियोगिता परीक्षा का आवेदन शुल्क सरकार करेगी पूरा माफ**

# फॉर्म फी माफ

**भारत बंद के दौरान हुए केस की वापसी पर खुशी में एसटी/एएसी छात्रों ने सीएम का जताया आभार**

**कौशल आनंद। रांची**

राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में तत्कालीन रघुवर सरकार के दौरान 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद के दौरान एसटी/एएसी छात्रों पर दर्ज हुए केस को वापस लेने पर आदिवासी-मूलवासी छात्र गुरुवार को सीएम हाउस पहुंचे. सीएम का आभार जताया, और खुशी जाहिर की. मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा,कि आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को मान-सम्मान के साथ हक देने का काम कर रहे. यहां रहने वालों को इनकी भावनाओं का ख्याल रखना होगा. उन्होंने घोषणा की कि सरकार जल्द ही प्रतियोगिता परीक्षाओं के आवेदन शुल्क माफ कर देगी. आदिवासियों -मूल वासियों के साथ संवेदनशीलता के साथ सरकार खड़ी है. आपका जोश देख कर सरकार को ताकत मिलती है. झारखंडी हमेशा से ही स्वाभिमानी रहे हैं. इस मौके पर आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष संजय महली, सुमति कुमारी और सुरबाली समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

**छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार :** सीएम ने कहा, अब आप सुविधाओं से लैस हॉस्टलों में रहेंगे. कल्याण विभाग के हॉस्टलों के जीर्णोद्धार का काम तेजी से चल रहा है. अब छात्रों-छात्राओं को घर से अनाज लाने की जरूरत नहीं है. अनाज सरकार देगी और यहां रसोंइए और सिक्योरिटी गार्ड भी होंगे.



### आपने झारखंडी आत्मा की लड़ाई लड़ी थी, मगर आप पर चले लाठी-डंडे

सीएम ने कहा कि आपने झारखंडी आत्मा की लड़ाई लड़ी थी. मगर आप पर लाठी-डंडे चले थे. आपके खिलाफ केस दर्ज हुए. इसे देख कर हमें काफी तकलीफ हुई थी. ऐसे में जब हमारी सरकार बनी, तो पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए झारखंड के आदिवासी -मूलवासी के हित में लगातार निर्णय लिया, और आगे भी लेते रहेंगे.

### आपको आपका हक जरूर देंगे

सीएम ने कहा कि 40 वर्षों के संघर्ष के बाद हमें राज्य मिला. हज़ारों लोगों ने अपनी शहादत दी. लेकिन, अलग राज्य बनने के 20 वर्षों के बाद भी आदिवासी -मूलवासियों को उनका हक नहीं मिला. स्वाभिमानी झारखंडियों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास होता रहा. लेकिन, जब हमारी सरकार बनी तो आदिवासियों मूलवासियों दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों को मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रहे हैं.

### नौजवानों को रोजगार देने पर विशेष जोर

सीएम ने कहा कि चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी. युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार देने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं. कई विभागों में खाली पड़े हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं, तो कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया जारी है. आप सरकार पर भरोसा रखें. नियुक्तियों में धांधली नहीं होने देंगे.

# ईस्सर पइसे, दलिद्दर निकसे



दीपावली अर्थात दीपों की कतार. दीपों का उत्सव जब सूर्य अस्त हो जाते हैं और अमावस्या के कारण चंद्र भी क्षीण हो जाते हैं, तो हम अग्नि के सहारे स्वयं को जाग्रत रखने का उद्यम करते हैं. नन्हे दीपक सूर्य, चंद्र और अग्नि के प्रतिनिधि स्वरूप हमारे घर, पड़ोस और परिवेश को उजास से भर देते हैं. दीपकों की रोशनी की असंख्य नन्ही किरणें भगवती स्वरूपा होती हैं. भारतीय मनीषा में देवी का एक नाम रोचना यानी रोशनी भी है. हालांकि रोशनी फारसी शब्द है, किंतु रोचन संस्कृत है और रोचना का अर्थ दीप्ति या द्युति है. हमारा सनातन धर्म भारतीय नारी में तेज और दीप्ति की प्रधानता न केवल देखता है, अपितु उसकी उपासना भी करता है. हमारे यहां व्यक्तिवाचक नारी संज्ञाओं के साथ देवी शब्द जोड़ने की परंपरा रही है, जो अब काल बाह्य या आधुनिकता विरोधी हो गया है.

**प्रसंगवश**



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

मार्कंडेय पुराण में सृष्टि की मूलभूत आद्या शक्ति महालक्ष्मी को ही बताया गया है. वह सत, रज और तम तीनों गुणों का समन्वय हैं. वह सृष्टि का मूल कारण भी हैं और चराचर जगत का स्वरूप भी. जयशंकर प्रसाद की कामायनी का आशा सर्ग 'उषा सुनहले तीर बरसती जयलक्ष्मी-सी उदित हुई' से प्रारंभ होता है और आगे की पंक्तियों- 'वर्षा बीती हुआ सृष्टि में शरद विकास नये सिर से' में यह संकेत भी है कि शरद सृष्टि के नये सिरे से विकास की ऋतु है. इसी में यह संकेत भी छिपा है कि शरद के प्रथम मास (कार्तिक) की अमावस्या को ही जयलक्ष्मी की आराधना क्यों की जाती है. हालांकि एक मान्यता यह भी है कि लंका विजय के उपरांत श्री राम के अयोध्या लौटने पर नगरवासियों ने दीपावली मनाई थी और उसी समय से हम भारतवासी दीपोत्सव मना रहे हैं. यदि गूढ़ अर्थों में कहें तो लंका विजय भी भोगवादी संस्कृति पर योगवादी संस्कृति की विजय का प्रतीक है. एक तरफ दशाननी (आनन भोगवादी होता है) संस्कृति थी तो दूसरी तरफ दाशरथी (दसों इंद्रियों को वश में रखनेवाली) संस्कृति. दशाननी संस्कृति के साथ यदि इंद्रजीत था तो दशरथी संस्कृति के साथ इंद्रियजीत लक्ष्मण ( नींद नारि भोजन परिहरई ) तथा हनुमान थे. लेकिन सनातन शास्त्रों के अनुशीलन से यह स्पष्ट होता है कि सृष्टि के प्रारंभ से ही आद्या शक्ति की उपासना होती रही है, चाहे वह शक्ति लक्ष्मी हों, काली हों या सरस्वती. इस प्रकार दीपावली हमारा मूल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक त्योहार है. दीपोत्सव के लिए तीन कारक प्रधान होते हैं. एक दीपक, दूसरा वर्तिका (बाती) और तीसरा स्नेह (तेल). आम तौर पर हम कहते हैं कि दीपक जलता है, लेकिन वस्तुतः दीपक जलता नहीं है, वह प्रकाश फैलाता है. जलती है बाती. इस वर्तिका की आत्माहुति से ही ज्योतिशिखा उत्पन्न होती है और दीप्तिधारी दीपक का नाम सार्थक होता है. वर्तिका के उत्सर्ग में सहायक होता है स्नेह (तेल). स्नेह आप्लावित उत्सर्ग ही प्रकाश का मूल आधार है. विवशता में बलिदान नहीं दिया जाता. श्रद्धा के बिना समर्पण फलदायी हो ही नहीं सकता. लोकभाषा का कवि जब कहता है कि नेह भरल रहे, पोढ़ बाती रहे, छाती दिया के हरदम फुलाइल रहे, तब वह यज्ञ भाव, अनासक्ति योग की कामना या प्रार्थना कर रहा होता है. इसे आध्यात्मिक दृष्टि से 'इदं इन्द्राय न इदं मम' का रूपांतर भी कह सकते हैं.

-शेष पेज 10 पर



## ब्रीफ खबरें

### पारा शिक्षक के निधन पर हुई शोकसभा

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के एनपीएस मुड़ाकाटी में कार्यरत शिक्षक सालखन मुर्मू की बुधवार की रात ब्रेन हेमरेज होने के कारण मौत हो गई. मृतक की आत्मा की शांति के लिए बीआरसी परिसर में बहरागोड़ा वन और टू के बीओ सुरेश कुमार महतो व लखिंदर सोरेन सहित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पारा शिक्षक एवं सरकारी शिक्षकों ने एक मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. इसमें शिक्षकों ने उनके परिवार को आर्थिक सहायता के लिए निजी स्तर से रुपए इकट्ठा किए. इस मौके पर शिक्षक रूप कुमार सीट, राजकुमार महापात्र, सपन कुमार, शिखा कुमारी, जोबा महतो, सरोज पांडा, रमेश चंद्र घोष, मंगल मांडी, चंडी प्रसाद आदि उपस्थित थे.

### एमपीएल में लगी हस्तकला प्रदर्शनी

**मैथन।** दीपावली उत्सव पर गुरुवार को एमपीएल सीएसआर में स्पेशल बच्चों के स्कूल पहला कदम, समृद्धि सेंटर, सर्वमंगला स्वयं सहायता समूह एवं महिला साक्षरता केंद्र की ओर से हस्त निर्मित दीपावली सामग्रियों की प्रदर्शनी लगायी गयी. एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी की शुरुआत की. मौके पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं पहला कदम स्कूल के विशेष बच्चों द्वारा निर्मित दीपावली सामग्रियों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि एमपीएल सदैव महिलाओं एवं बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तत्पर है.

### रंगोली व दीप बनाकर बच्चों ने दिखाई कला

**बोकारो।** चंदनकियारी के मोहाल स्थित नन्हें कदम विद्यालय में नरेन किशोर शेखर एजूकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से दीपक बनाओ व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस दौरान नन्हें कदम के बच्चों ने रंग बिरंगे दीये व आकर्षक रंगोली बानाए. बच्चों ने इसके माध्यम से समाज को कई तरह के सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया. सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. बीस सूत्री कमिटी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के बीच मानसिक तथा भौतिक ज्ञान का विकास होता है. शिक्षा के साथ साथ बच्चों के बीच छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता जरूरी है.

**एक्सएलआरआई : 300 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल**

# पीओएमएस इंडिया चैप्टर कॉन्फ्रेंस 4 से

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर के एक्सएलआरआई में आगामी 4 से 6 दिसंबर तक पीओएमएस इंडिया चैप्टर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है. इस कॉन्फ्रेंस का विषय "संचालन के भविष्य की कल्पना की वहनीयता" होगा. कार्यक्रम का लक्ष्य यह है कि नई तकनीक को बढ़ावा देना और यह पता लगाना है कि यह क्षेत्र कैसा हो सकता है. पीओएमएस इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ताओं को नई तकनीक इजाद करने के लिए करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो दोनों को एक मंच पर लाता है. यह वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का परिचायक भी है.

**पीओएमएस का आयोजन :** इस संबंध में जानकारी देते हुए एक्सएलआरआई के निदेशक फादर एस जार्ज ने बताया कि संबंधित विषय के साथ पीओएमएस का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने आशा जताई है कि यह कार्यक्रम एक्सएलआरआई एवं एक्सलर्स (छात्र-छात्राओं) के भविष्य के लिए काफी लाभदायक साबित होगा. इससे उत्पादन और संचालन प्रबंधन के क्षेत्र में भविष्य में सकारात्मक बदलाव की संभावना को बल मिलेगा.

**खास बातें**

- संचालन के भविष्य की कल्पना की वहनीयता पर होगी कॉन्फ्रेंस
- नई तकनीक को बढावा देना है कार्यक्रम का लक्ष्य

**कार्यक्रम को लेकर योजना तैयार**

सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो आलोक राज ने इस कार्यक्रम को लेकर योजना तैयार की है जिसके तहत इस कार्यक्रम में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, कोलंबिया और कनाडा से कुल 300 से ज्यादा प्रतिभागी शिरकत करेंगे. इसमें तीन पैनल पर चर्चा होगी, जिसमें कार्बन तटस्थता, डीईआई और डिजिटल आर्पूर्ति श्रृंखला शामिल है. इस कार्यशाला का संचालन प्रो विनोद सिंघल करेंगे.

### विरोध के बाद कार्मल स्कूल ने बदली टेस्ट की तिथि

**धनबाद।** अभिभावकों के विरोध के बाद कार्मेल स्कूल धनबाद ने 21 तारीख को होने वाले मासिक टेस्ट परीक्षा की तिथि में बदलाव किया. अब यह टेस्ट पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 23 नवंबर को आयोजित किया जाएगा. कार्मेल स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को मैसेज के माध्यम से इस बात की सूचना दी. बता दें कि विगत दिनों कार्मेल स्कूल ने कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा की तिथि 23 नवंबर से बदलकर 21 नवंबर कर दी थी. छठ पूजा समाप्त होने के ठीक अगले दिन की तिथि होने की वजह से छठ पूजा में बिहार या अपने पैतृक गांव जाने वाले अभिभावकों ने आपत्ति जताते हुए स्कूल प्रबंधन के साथ झारखंड अभिभावक महासंघ व जिले के सामाजिक संगठननों को पत्र लिख का विरोध जताया था.

### बीएनएस डीएवी में दीपावली महोत्सव का आयोजन

**गिरिडीह।** धनतेरस और दीपावली के अवसर पर बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यालय में चित्रकला, क्लेमाडलिंग, रंगोली एवं दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या, नारी सशक्तिकरण, अनुशासन, साहचर्य, विश्वबन्धुत्व और अन्याय पर न्याय की जीत जैसे संदेशों से लोगों को जागरूक किया.

# रक्तदान शिविर में 13 यूनिट रक्त संग्रह

संवाददाता । जमशेदपुर




जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से गुरुवार को धातकीडीह स्थित जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रियाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज समेत वोलेंटियर्स उपस्थित थे. रक्तदान की महत्ता को समझते हुए एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने शिविर के आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लिया. शिविर में सुशांत बोबोंगा, रेयान रज़ा, गोपी पोद्दार, अनूप कुमार ने रक्तदान किया. शिविर में 13 यूनिट रक्तदान संग्रह किया गया. रक्तदाताओं की प्रारंभिक जांच के बाद रक्तदान आरंभ हुआ. शिविर में ब्लड बैंक के डॉक्टरों ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है.

रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन के अंतराल में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए. इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है और शरीर स्वस्थ रहता है. शिविर में सभी रक्तदाताओं को जमशेदपुर ब्लड बैंक की ओर से प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस शिविर में कोल्हान यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक अब्दुल कादिर, रोहित कुमार कर, सूरज शाह, बेबी महतो, वर्षा चौधरी समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे.




# विद्यार्थियों की माताओं ने बनाई रंगोली, जीते पुरस्कार



संवाददाता । घाटशिला

किडजी प्री-स्कूल परिसर गोपालपुर में गुरुवार को बच्चों की माताओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. दीपावली आने वाली है तथा दीपावली रंगोली के बिना अधूरी है. इसलिए हर साल की तरह इस साल भी दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम का संचालन स्कूल की शिक्षिका अमृता कौर ने किया. सुमिता दास ने सभी माता तथा बच्चों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत की. इस रंगोली प्रतियोगिता के कुछ नियम थे, जिन्हें हर प्रतिभागी को पालन करना था. इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रोमा गुप्ता शामिल थी. हर प्रतिभागी को 35 मिनट में दिए गए बॉक्स में पारंपरिक रंगोली बनानी थी. इस प्रतियोगिता में कुल 20 माताओं ने भाग लिया. इसमें प्रथम पुरस्कार मौसमी नमता, द्वितीय पुरस्कार प्रतिभा कुमारी, तृतीय पुरस्कार गीता किस्कू को मिला. सांत्वना पुरस्कार के रूप में नेहा अग्रवाल, डांगी माडी, जैस्मिन माडी, तृषा टुडू, रिया गोराई, सुजाता महतो को दिया गया. दुर्गा पूजा के अवसर पर बच्चों को मां दुर्गा के चित्र को सजा कर लाना था जिसमें कक्षा अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को पुरस्कार वितरण किया गया. कक्षा प्ले ग्रुप से विहान नमता, नर्सरी से अथर्व सिंह, एलजी से ऊर्वी माडी, यूकेजी से अनीशा गोराई, कक्षा 1 से जयेश कांगो को पुरस्कृत किया गया.

# छात्राओं को मिली कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोष छात्रवृत्ति की राशि

संवाददाता । चांडिल

नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर चांडिल में अध्ययनरत पांच छात्राओं को कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोष छात्रवृत्ति के तहत गुरुवार को 20-20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया. यह छात्रवृति विद्यालय की ओर से प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाली सभी छात्राओं दी जाती है. गुरुवार को विद्यालय के प्राचार्य और उप प्राचार्य ने सभी चयनीत छात्राओं को छात्रवृति की राशि सौंपी. कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोश छात्रवृत्ति का चेक पाकर सभी छात्राएं प्रसन्न थीं. चयनित छात्राओं ने अपने अभिभावकों की ओर से विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया.

**होती है चयन प्रतियोगिता :** इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि नौरंगराय सूर्यादेवी ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्ष कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोष छात्रवृत्ति पुरस्कार कक्षा 6 से 10 तक के छात्रा को प्रदान की जाती है. इसके चयन के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाती है.

### वर्कर्स कॉलेज में कॉलेज फेस्ट संपन्न

**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में सांस्कृतिक शैक्षणिक गतिविधियों के साथ संचालित दो दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान सह कॉलेज फेस्ट गुरुवार को संपन्न हुआ. समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्यप्रिय महालिक ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया. कार्यक्रम के दूसरे व अंतिम दिन भाषण प्रतियोगिता में चंदन कुमार, कविता पाठ में शिल्पा, नृत्य में सुजल एवं प्रियंका तथा चित्रकला में समीर एवं राकेश को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया. इस अभियान में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन तथा अपने डॉक्यूमेंट जमा करवाये हैं. कार्यक्रम में कॉलेज के जूलॉजी विभाग के छात्र दीपांशु सिंह तथा पीयूष पांडेय को गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में रोल बॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर सम्मानित व पुरस्कृत किया गया.

### केएसएमएस के छात्रों ने मनाई दीपावली

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित केरल समाजम मॉडल स्कूल में स्कूल के ज्योति क्लब ने गुरुवार को केरल समाजम प्रोजेक्ट स्कूल के छात्रों के साथ दीपावली मनायी. क्लब के सदस्यों ने प्रोजेक्ट स्कूल के छात्रों द्वारा बनाई गई सुंदर मोमबत्तियां और दीये एकत्र किए. इसके बाद उसे जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच बेचे. शिक्षकों और कार्यालय कर्मचारियों ने भी मोमबत्तियां खरीदी. दीयों और मोमबत्तियों को बेचकर एकत्र की गई राशि प्रोजेक्ट स्कूल के प्रिंसिपल को सौंपी गई, जो इन दीयों को तैयार करने वाले छात्रों को दी जाएगी. इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में जिम्मेदारी, सहानुभूति, मदद, दया और एक साथ रहने के मूल्य की भावना जागृत करना था. यह कार्यक्रम प्रिंसिपल नंदिनी शुक्ला, वाइस प्रिंसिपल, शिक्षक मॉडरेटर सुधा सिंह और अमिता नाथन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.






### ब्रीफ खबरें

## हेमंत ने किया नेहरू पार्क का उद्घाटन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को एचईसी स्थित नेहरू पार्क का उद्घाटन किया. जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के बाद इस पार्क का उद्घाटन किया गया है. इस मौके पर सीएम ने कहा कि आज से यह नेहरु पार्क आम नागरिकों को समर्पित किया जा रहा है. जुडको द्वारा इसे बहुत आकर्षक ढंग से बनाया गया है. आसपास के लोगों को दो पल सुकून के गुजारने का सुंदर पार्क मिल गया है. इसकी सुंदरता और स्वच्छ्ता बनाये रखना भी आम नागरिकों का कर्तव्य है. इस मौके पर नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे मौजूत थे.

## आदिवासियों के लिए गर्व की बात : कोड़ा

**चाईबासा ।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय चाईबासा में गुरुवार को सम्पन हुई. जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने की. जिसमें भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव उपस्थित थे. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने कहा कि 15 नवंबर बिरसा मुंडा का जन्मदिन है. इस दिननको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातियों के मान सम्मान के लिए जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है.

## झामुमो ने पर्यवेक्षकों को किया नियुक्त

**जमशेदपुर ।** झामुमो ने बूथ स्तर की समिति का गठन करने और सदस्यता अभियान चलाने के लिए प्रखंड व शहरी निकाय में दो-दो पर्यवेक्षकों को प्रतिनियुक्ति किया है. यह कार्यक्रम नामित पर्यवेक्षकों की देख-रेख में सम्पन्न कराया जाएगा. यह अभियान 15 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाना है. इसके तहत पटमदा प्रखंड के प्रभारी मो. शेख बदरूद्दीन एवं प्रमोद लाल, बोड़ाम प्रखंड के महाबीर मुर्मू एवं अजय रजक, जमशेदपुर प्रखंड के आदित्य प्रधान एवं डोमन मांझी, पोटका प्रखंड के सुमन महतो एवं नरोत्तम दास पर्यवेक्षक बनाए गए हैं.

### रांची में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का सम्मान समारोह, कहा-

# सभी आंदोलनकारियों को मिले राजकीय सम्मान

**संवाददाता। रांची**

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में गुरूवार को झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह एवं उलगुलान सभा बहु बाजार प्रांगण में किया गया. इसकी अध्यक्षता संयोजक इजहार राही ने की. मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग के पूर्व सदस्य शामिल हुए. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान देकर सम्मानित करें. आंदोलनकारियों से ही संपूर्ण राज्य की पहचान है, राज्य का सम्मान है. इसलिये इन्हें सम्मान मिलना ही चाहिये. मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि बेहतर झारखंड बनाने के लिए झारखंड आंदोलनकारियों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा.



**खास बातें**

- आंदोलनकारियों से संपूर्ण राज्य का सम्मान
- सभी को संगठित होकर संघर्ष करना होगा

**मौके पर ये थे उपस्थित :** मौके पर झारखंड आंदोलनकारी मो. फैजी, इमरान अंसारी, रवि नदी, जुबैर अहमद,जितेंद्र सिंह, रामनाथ मेहता, शिव शंकर मेहता, जबीउल्लाह अंसारी, सरोजिनी कछप, पुष्पा बरदेवा, मनोज कुमार महतो, अनिता कच्छप, अंतू तिर्की, विल्सन लकड़ा, बाहा कछप, अनिल उरांव, जमील खान, पूरन सिंह, प्रभु रवानी, मो फैज, सुरेंद्र गुप्ता, अलीम अंसारी, संजीव रंजन, भीमसेन संगा, लालू मुंडा, मनोज पासवान, निगार सुलताना, पूरण प्रसाद सिंह, प्रभु रवानी,इबादत अंसारी, एलके सोनी पप्पू आलम, हरिदास गुप्ता, अनवर खान समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल हुए जिन्हें मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया.

# शौक पूरा करे में 1 करोड़ उड़ाए, पइसो न दिए, बेचारा सप्लायर भटक रहल है

**विनीत आभा उपाध्याय/ सौरभ सिंह। रांची**

इंसान के पास जब पैसा और पावर आता है, तो उसका शौक जागे लगता है. पैसा और पावर अगर बेशुमार हो जाए, तो शौक नशे में बदल जाता है. लेकिन कई बार पावरफुल व्यक्ति का शौक पूरा करे के चक्कर में भला आदमी भी फंस जाता है. फंस का जाता है, ओकरो इंटरेस्ट रहता है कि साहेब के खुश करेंगे, तो आगे कुछ फायदे होगा. तो पहिले तनी इन्वेस्ट कर दो, बाद में तो फायदा उठाइए लेंगे. अब खाकी वाले बड़का साहेब का शौक पूरा करे वाला परेशान है. बोकारो से भाया हजारीबाग, रांची तक के चक्कर लगाइले है. फिलहाल ब्यूरोक्रेसी में ई शौकीन अफसर साहेब की चर्चा भी खूबो जोरशोर से हो रही है. चर्चा है कि साहेब के पास पावर था, पइसो था. साहब अपन शौक पूरा करने के लिए पइसा पानी की तरह बहावे में विश्वास करते हैं, करियो देते हैं...लेकिन उफ्फ तक नहीं करते. काहे कि शौक पूरा करेला जेबी से पइसवा तो नहीं न लगता है. जिन शौकीन साहेब की बात हम कर रहे हैं, वे बोकारो के इस्पात नगरी में पुलिस के मलिकार भी रह चुके हैं. ओकरा से पहिले एगो दूसर इस्पात नगरी में पुलिस के सह-मलिकार रह चुके हैं. फिर कोयला वाली एक नगरी में भी पुलिस के मलिकार रहे. माने पुलिस के सभे कुछ थे. अब राजधानिए में अपराध के अनुसंधान में जुटल हैं.

लेकिन देखिए शौक तो ढेरे लोग पालता है. फुटानियों करता है. लेकिन ई साहब तनी ज्यादा ही शौक फरमा के चर्चा में आ गइल हैं. साहब को जब जिला मिला, तो भौकाल टाइट हो गया. नक्सलियों से लड़ाई लड़े ला केंद्र ने पइसा भेजा, लेकिन मलिकार अपन शौक पूरा करे में खर्च कर दीहिन. पावर हइए था, पइसवो आइए गया, तो मलिकार को नियम-कानून का ख्याले न रहा. ताखे पर रख दीहिन नियम-कानून. सरकारी कोठी में दनदना के इंटीरियर का काम करा लिए. इंटीरियर से मन न भरा, तो साहब ने महंगा-महंगा और चमचमाता टाइल्स लगवा लिया. करीब एक करोड़ का बिल फट गया. जब काम हुआ तो साहब पुलिस के मलिकार थे. काम पूरा होवे के बाद साहब को चमचमाती टाइल्स और नए इंटीरियर वाली कोठी में चैन की नींद तो आई, लेकिन सप्लायर की नींद अब तक उड़ी हुई है. उन्हीं के कहने पर सप्लायर ने ठोक के काम तो करा दिया, लेकिन पइसा ला छछने लगे. सप्लायर ने एक करोड़ खरच कर मलिकार के कोठी में ढेरे काम कराया, लेकिन बिल अटकल है. अब भला बिल के पास करेगा. इस्पातवाली नगरी से साहब का तबादला हुए पांच साल से ज्यादा समय बीत गया. इन पांच वर्षों में सप्लायर बोकारो से हजारीबाग और अब हजारीबाग के बाद रांची तक का चक्कर लगा रहा है. मलिकार रांची में ही एक श्याम-सलोनी कॉलोनी में डेरा जमाइले हैं. सूचना तो यह भी है कि ब्यूरोक्रेसी के प्रमुख मामले की जांच भी करानेवाले हैं. लेकिन साहब भी कमजोर नहीं हैं, मिही-मिही बोले बतियावे में माहिर साहेब अब तिकड़म भिड़ावे में जुटल हैं, ताकि कोई ऐसा उपाय निकल जाए कि जांच से पहिले ही मामला रफा-दफा हो जाए.

# रघुपाल समर्थकों के साथ राजद में शामिल

**संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में मिलन समारोह का आयोजन हुआ. जिसमें मनिका के भाजपा नेता और विधानसभा के प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राजद की सदस्या ग्रहण की. मिलन समारोह से पूर्व बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के 34वें जन्मदिवस पर सामूहिक रूप से केक काटा गया.

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव,झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता पूर्व मंत्री सुरेश पासवान और चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव ने संयुक्त रूप से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता की रसीद देकर उनका पार्टी में स्वागत किया.



इस मौके पर रघुपाल सिंह ने कहा कि झारखंड में भाजपा से आदिवासियों का मोह भंग हो चुका है जिसका नतीजा है कि पिछले विधानसभा चुनाव में 2 ही आदिवासी विधायक जीत पाए , 2024 के चुनाव में भाजपा का जाना तय है. उन्होंने कहा कि वे राजद के सिद्धांतों और लालू प्रसाद के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं.

प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि रघुपाल सिंह के आने से पार्टी मजबूत होगी. राष्ट्रीय जनता दल का संगठन पूरे झारखंड में मजबूत है. खासकर पलामू प्रमंडल में एक समय में हम लोग सभी सीट जीता करते थे, और आज भी वहां हम मजबूत स्थिति में हैं. हमारी तैयारी चल रही है. छठ के बाद सभी विधानसभा में कार्यकर्ता समेलन करेंगे.

झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अभी यह झांकी है. बहुत कुछ अभी बाकी है. राजद और लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के नीति सिद्धांत को मानने और चाहने वालों की संख्या लाखों में है.

## पीएम मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**मनोहरपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर खूंटी में पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों में भाजपा के कार्यकर्ता जुट गए है. इस कार्यक्रम को सफल बनाने और कार्यक्रम में सम्मिलित होने को लेकर गुरुवार को स्थानीय हाजरा प्रांगण में प्रभारी अमरेश प्रधान,शिवा बोदरा एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष बहनु तिर्की की उपस्थिति में बैठक की गई. बैठक में 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व जनजातीय गौरव दिवस पर खूंटी में आयोजित होने वाले जनसभा में सम्मिलित होने को लेकर मनोहरपुर प्रखंड कमेटी के साथ चर्चा की गई.










## ब्रीफ खबरें

### बाजारों में सादे लिबास में तैनात रहेगी पुलिस

**जमशेदपुर ।** पूजा सीजन को लेकर बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है. इस दौरान चोर गिरोह भी काफी सक्रिय हो जाते हैं. वे लोग भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं. ऐसे गिरोह अधिकतर महिलाओं को अपना निशाना बनाते हैं. इसकी रोकथाम के लिए पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है. शहर से सभी भीड़-भाड़ वाले बाजारों जैसे साकची, बिष्टुपुर और जुगसलाई में पुलिस को सादे लिबास तैनात किया जाएगा. इन जगहों पर पुलिस संदिग्ध लोगों पर नजर रखेगी. एसएसपी ने बताया कि पूजा सीजन में दूसरे राज्यों से आने वाले गिरोह काफी सक्रिय हो जाते हैं. ऐसे गिरोह की पहचान की जा रही है. सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में लगातार गश्त करने का भी निर्देश दिया गया है.

### छठ पूजा को लेकर घाटों का निरीक्षण

**जमशेदपुर ।** महापर्व छठ को लेकर भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने मानगो पुरुलिया रोड स्तिथ इंटेक वेल छठ घाट, चाणक्य पूरी घाट और वर्कर्स कॉलेज छठ घाट का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि पूरे घाट में गंदगी का अंबार लगा हुआ है. वहीं, पूरे घाट पर कूड़ा पड़ा हुआ है. मानगो नगर निगम के द्वारा पूरे घरों और नालों का गंदा बदबूदार पानी घाट पर बहाया जा रहा है, जिस कारण वहां कोई दो पल खड़ा भी नहीं रह सकता. जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सह राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर निशाना साधते हुए नीरज सिंह ने कहा की मंत्री जी केवल अधिकारियों के साथ घाटों पर जाकर सफाई के नाम केवल ढोंग कर रहें हैं और अधिकारियों के साथ मिलकर जनता को बेवकूफ बना रहे हैं.

### समस्याओं का ऑन द स्पॉट करें समाधान

**घाटशिला ।** घाटशिला प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, कृषि पेयजल एवं स्वच्छता विद्युत बाल विकास परियोजना सहित प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी कर्मचारियों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए. अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आयोजित शिविर में सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी एवं आवश्यक उपकरण के साथ शामिल हो ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया जा सके.

#### झारखंड की वायु गुणवत्ता को लेकर राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने जारी किए निर्देश

# दिवाली पर रात 8 से 10 बजे तक ही फोड़ें पटाखे

**संवाददाता।रांची**



दिवाली से लेकर छठ तक पटाखों की वजह से प्रदूषण का खतरा बना रहता है. अगले दो दिनों में दिवाली है. प्रदूषण की आशंका को देखते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने गुरुवार को निर्देश जारी किए हैं. पर्षद ने पटाखे छोड़ने का समय निर्धारित किया है. आदेश में कहा गया है कि झारखंड की एयर क्वालिटी अच्छी है. इसे बरकरार बनाए रखने के लिए निर्धारित समय में ही पटाखें फोड़ें. पटाखे ज्यादा कानफोड़ू न हों, इसका भी ख्याल सभी लोग रखें.

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक एनजीटी, नई दिल्ली ने दिवाली के मद्देनजर एयर पॉल्यूशन को देखते हुए आदेश जारी कर रखा है. इसी आदेश के आलोक में पटाखे फोड़ने का निर्देश दिया गया है. आदेश में कहा गया है कि दीपावली की रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही पटाखे फोड़ें. इसके अलावा छठ, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के समय भी पटाखे मात्र दो घंटे चलाए जाएंगे. इस निर्देश के उल्लंघन पर आइसीसी की धारा 188 एवं वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण एक्ट 1981 की धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधि सम्मत कार्रवाई जिले के डीसी स्तर से की जाएगी.

**क्रिसमस पर आधी रात तक परमिशन :** प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के मुताबिक दीपावली, गुरु पर्व पर रात 8-10 बजे तक पटाखे चलाने की इजाजत होगी. छठ में सुबह 6 से 8 बजे तक ही पटाखे छोड़े जा सकेंगे. वहीं क्रिसमस और नव वर्ष की मध्य रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक पटाखे चलाये जा सकते हैं.

**खास बातें**

- पर्षद ने पटाखे छोड़ने का समय किया निर्धारित
- पर्षद ने कहा - अभी एयर क्वालिटी ठीक, पर ध्यान रखें

**वायु गुणवत्ता का स्तर अभी संतोषजनक है**

पर्षद के मुताबिक झारखंड के सभी जिलों के शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता स्तर इस वर्ष अच्छी या संतोषप्रद स्थिति में है (अच्छी 1-50, संतोषजनक 51-100)। एयर का यह स्तर बिगड़े नहीं इसका पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए. वहीं कहा है कि ऐसे ही पटाखों की बिक्री हो जिनकी आवाज 125 डीबी (ए) से कम हो.

**आओ जानें**

### मुख्यमंत्री कन्यादान योजना लाभुकों की संख्या

| | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 |
|---|---|---|---|---|---|
| कॉंके | 83 | 95 | 88 | 93 | 96 |
| रातु | 32 | 37 | 62 | 38 | 50 |
| नगड़ी | 38 | 43 | 69 | 61 | 41 |
| चान्हों | 56 | 65 | 95 | 80 | 65 |
| मांडर | 61 | 74 | 107 | 79 | 72 |
| लापुंग | 60 | 68 | 59 | 88 | 78 |
| बुढ़मू | 69 | 79 | 84 | 74 | 80 |
| नामकुम | 75 | 86 | 39 | 68 | 44 |
| ओरमांझी | 48 | 55 | 124 | 115 | 63 |
| अनगड़ा | 57 | 67 | 73 | 58 | 52 |
| सिल्ली | 55 | 63 | 81 | 87 | 65 |
| बुण्डू | 40 | 46 | 40 | 45 | 48 |
| सोनाहातु | 65 | 73 | 58 | 48 | 56 |
| तमाड़ | 76 | 87 | 120 | 48 | 71 |
| सदर | 101 | 148 | 52 | 208 | 203 |

#### हरमू नदी के उद्गम स्थल के पास अतिक्रमण, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

# अतिक्रमण का निरीक्षण करेगी 3 वकीलों की कमेटी

**संवाददाता।रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने हरमू नदी के उद्गम स्थल के पास हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है. यह कमेटी 24 नवंबर को हरमू नदी के उद्गम स्थल का निरीक्षण करेगी, उसके बाद अदालत में 30 नवंबर तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी. कमेटी में हाईकोर्ट के तीन अधिवक्ता शामिल होंगे. दरअसल हाईकोर्ट ने नगर निगम द्वारा नक्शा पास करने में पैसों के लेनदेन की खबरें प्रकाशित होने से संबंधित खबरों पर संज्ञान लिया था. अदालत इस मामले को जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई कर रही है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई की. सुनवाई के दौरान अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव ने अदालत को बताया कि हरमू नदी के उद्गम स्थल के पास एक हाई राइज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है. नगर निगम ने सभी नियमों को ताक पर रखकर नक्शा पास कर दिया है, जिससे हरमू नदी का अस्तित्व खतरे में है. नगर निगम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह और आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता एल सी एन शाहदेव ने इस मामले में पक्ष रखा.



### उषा मार्टिन के जीएम को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** उषा मार्टिन कंपनी के जीएम मार्केटिंग प्रमोद कुमार फतेहपुरिया को झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है. उन्होंने रांची ED की विशेष कोर्ट से समन जारी होने के बाद अपनी अग्रिम जमानत के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की थी. उनकी याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई. उनकी ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने बहस की. रांची ईडी की विशेष कोर्ट ने उषा मार्टिन कंपनी के जीएम मार्केटिंग प्रमोद कुमार फतेपुरिया को जून महीने में समन जारी करने का आदेश जारी किया था. ईडी की विशेष कोर्ट से समन जारी होने के बाद प्रमोद कुमार फतेपुरिया के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी.

#### स्वीमिंग पुल में डूब कर हुई थी छात्र की मौत

### हाईकोर्ट ने कहा-10 लाख रुपये का मुआवजा दें

**विनीत आभा उपाध्याय।रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने बीसीएल (बोकारो स्टील लिमिटेड) को यह आदेश दिया है कि वह कंपनी के स्वीमिंग पूल में छात्र के मौत मामले में परिजनों को 10 लाख रुपए का मुआवजा दे. दरअसल साल 2019 में बोकारो के एक निजी स्कूल के छात्र की बीएसएल के स्वीमिंग पूल में डूब कर मौत हो गयी थी. घटना के बाद युवक के परिजनों ने यह आरोप लगाया था कि स्विमिंग पुल संचालित करने के लिए जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया था और न ही स्वीमिंग पुल के पास लाइफ जैकेट रखा गया था. अगर जरूरी मानकों का ध्यान रखा गया होता, तो उनके बेटे की मृत्यु नहीं होती. लेकिन बीएसएल प्रबंधन ने अपनी गलती नहीं मानी. इसके बाद मृतक के परिजनों ने पहले बोकारो में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी. इसके बाद छात्र के परिजनों ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की थी. लेकिन एकल पीठ ने इसे खारिज कर दिया था. जिसके बाद मृतक के पिता अरविंद कुमार सिन्हा ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में एलपीए (लेटेस्ट पेटेंट अपील) दाखिल की. जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने बहस की.

### झारखंड विस नियुक्ति घोटाला : अगली सुनवाई 7 दिसंबर को

**रांची।** झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई. इस दौरान विधानसभा की ओर से उपस्थित अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि उन्हें जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय कमिटी की रिपोर्ट मिल चुकी है. अब उस रिपोर्ट को विधानसभा के समक्ष पेश किया जाएगा. जिसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है.

#### एसएनएमएमसीएच के आउटसोर्स सफाई कर्मियों की हड़ताल

# अस्पताल में गंदगी से मरीज परेशान

**संवाददाता।धनबाद**



उचित मजदूरी नहीं मिलने पर हड़ताल पर सफाई कर्मी.

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के आउटसोर्स सफाई कर्मी उचित मजदूरी नहीं देने के खिलाफ आज गुरुवार को हड़ताल पर चले गये. इसकी वजह से अस्पताल में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप रही. एचडीयू, आईसीयू, सीसीयू के साथ इमरजेंसी और जनरल वार्डों की सफाई नहीं होने से मरीज परेशान रहे. अस्पताल अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि यह एजेंसी से जुड़ा मामला है. इसमें एजेंसी की जवाबदेही बनती है.

**इस बार भी नहीं दिया गया उचित वेतन :** सफाई कर्मी रौशन ने कहा कि कंपनी उन्हें न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं कर रही है. बीते दो वर्षों से आउटसोर्स एजेंसी सफाई कर्मचारियों को केवल आश्वासन ही दे रही है. हर बार आश्वासन देकर बरगला दिया जाता है.

इस संबंध में पिछली बार हुई वार्ता में कंपनी ने आश्वासन दिया था कि नवंबर माह से सभी सफाई कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी के तहत उचित वेतन दिया जायेगा. लेकिन इस बार भी उन्हें पूर्व की भांति भुगतान किया गया. जिसके विरोध में सफाई कर्मियों ने अस्पताल परिसर में सफाई कार्य को ठप कर हड़ताल पर चले गये.

## ईडी डेमोक्रेसी का हथियार, इससे कोई डरने वाला नहीं : सुप्रियो

**संवाददाता।जमशेदपुर**

परसुडीह के हालुदबनी सुभाष चंद्र मिलन संघ में गुरुवार को झामुमो का सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित हुआ. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और विधायक मंगल कालिंदी मौजूद थे. इस दौरान काफी संख्या में महिलाओं ने पार्टी का दामन थामा. सभी का अतिथियों ने स्वागत किया. मीडिया से बात करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा लोगों के लिए कई योजनाएं लाई गई है, जिसका फायदा भी लोगों को मिल रहा है. महिलाओं की सुरक्षा पर भी बहुत ज्यादा काम हुआ है. महिलाओं की तस्करी पर रोक लगी है. गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा में ऐसे मामले ज्यादा सामने आते थे, इन पर कारगार रोक लगाने का काम सरकार ने किया है. इसमें सौ प्रतिशत का दावा हम नहीं करते लेकिन राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के जो आंकड़े है उसमें हमारी स्थिति देश भर में बेहतर है.

ईडी के बारे में उन्होंने कहा कि यह डेमोक्रेसी का एक हथियार है. इससे डरने वाला कोई नहीं है. इसके जरिये आप थोड़ी देर के लिए तंग जरूर कर सकते है. राजा पूरी तरह से डरा हुआ है.

### विधिक सेवा दिवस पर कानून का अलख जगाने निकले न्यायाधीश

**धनबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है. इसी कड़ी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के आदेश पर गुरुवार को बस्ताकोला झरिया स्थित गायत्री मंदिर परीसर में विधिक सेवा शिविर व एन जी ओ मां वात्सल्य ट्रस्ट के सहयोग से नेत्र जांच शिविर लगा. शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद निताशा बारला उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि हर नागरिकों के लिए न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने व जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है.

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर लगा जागरूकता शिविर



विधिक जागरुकता शिविर में शामिल विभाग के कर्मी व ग्रामीण.

**संवाददाता।चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के अंतर्गत चिंगड़ा पारकीडीह में गुरुवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने ग्रामीण को जानकारी देते हुए कहा कि भारत के संविधान के सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक सभी को स्वतंत्र विधिक सेवा प्रदान करना है. इसके लिए कोई खर्च नहीं करना पड़ता है. यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की विधि से पीड़ित हैं तो तत्काल प्राधिकार से संपर्क कर उसका निदान निकाल सकते हैं.

**कई अधिकारों की दी जानकारी :** इसके साथ ही पीएलवी ने विभिन्न प्रकार की कानूनी और विभिन्न अपराधों में मिलने वाली सजा की जानकारी ग्रामीणों को दी. उन्होंने कहा कि बाल अपराध, महिला अपराध, योन शोषण आदि जैसे अपराधों पर कठोर सजा का प्रावधान है. मौके पर उन्होंने कई प्रकार की कानूनी पुस्तिका व पर्ची का वितरण किया.

## हाथियों ने मचाया उत्पात, फसल रौंद डाली

**अनिलेश गौरव।पीरटांड़ (गिरिडीह)**



पीरटांड़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है. पिछले कई सालों से प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में गजराज का जुल्म बदस्तूर जारी है. अब तक कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं. पिछले तीन दिनों से लगातार हाथियों का झुंड पीरटांड़ के बिशनपुर में डेरा जमाए बैठा है.

वन विभाग का टीम एवं स्थानीय लोग प्रत्येक दिन हाथियों को टुंडी सीमाना में ले जाकर छोड़ आते हैं लेकिन, पुनः हाथियों का दल बिशनपुर क्षेत्र में आ जा रहा है. गुरुवार प्रातः भी हाथियों के झुंड को बिशनपुर में देखा गया है. हाथियों द्वारा बड़े पैमाने पर धान के फसल को नुकसान पहुंच रहा है. कई एकड़ में लगे धान के फसल को हाथी खा गए हैं और पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिए हैं, जिससे फसल नष्ट हो गया है.

**रात भर जाग कर रात बीते रहे ग्रामीण :** ग्रामीणों का कहना है कि बुधवार रात को भी वन विभाग के सहयोग से हाथियों को खदेड़ दिया गया था. एक ओर जहां फसल नष्ट हो जाने से किसानों में मायुसी छाई है. वहीं, दूसरी ओर ग्रामीण गजराज के आतंक से भयभीत हैं और रात भर जाग कर रात बीते रहे हैं. विभाग के सूरज चौधरी ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से हाथियों का झुंड पीरटांड़ एवं डुमरी के सीमावर्ती जंगलों में ही देखा जा रहा था. लेकिन, बुधवार को ये सभी हाथियों का झुंड खेताडाबर होते हुए बिसनपुर पहुंच गया था.

### हाथी ने सबर दंपती पर किया हमला, पति की मौत

**चाकुलिया।** चाकुलिया की सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के गिधनी रेंज के आमतोलिया के पास जंगली हाथी के हमले से कृष्ण सबर (70) की मौत हो गई और पत्नी रेणु सबर (62) गंभीर रूप से जख्मी हो गई. घटना बुधवार की शाम की है. गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने जंगल में कृष्ण सबर की लाश देखी. कुछ दूरी पर रेणु सबर भी जख्मी हालत में पड़ी थी. ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी. शव को पोस्टमार्टम के लिए झाड़ग्राम भेजा गया. वहीं घायल रेणु सबर को इलाज के लिए झाड़ग्राम अस्पताल ले जाया गया. कोषाफलिया निवासी कृष्ण सबर और पत्नी रेणु सबर मुनियादा से लकड़ी बेचकर शाम को जंगल के रास्ते अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान जंगल में जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया.

### खनन टास्क फोर्स ने जब्त किया अवैध बालू

**धनबाद ।** उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर अवैध कोयला एवं अवैध बालू के खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स लगातार छापामारी अभियान चला रही है. इसी कड़ी में जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात औचक छापामारी कर 2 हाइवा से 1200 क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त किया. इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर ने बताया कि बीती रात खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक के नेतृत्व में जिला खनन टास्क फोर्स ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य सड़क पर छापामारी अभियान चलाया.

**असंतोष** ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में दायर की जनहित याचिका, पर भवन निर्माण कार्य जारी

# स्वास्थ्य उपकेंद्र दूसरी जगह बनाने पर ग्रामीणों का विरोध

**संवाददाता।जमशेदपुर**



उपायुक्त को मांगपत्र सौंपने पहुंचे माधवपुर के ग्रामीण.

पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड में एक स्वास्थ्य उपकेंद्र के नए भवन का निर्माण स्वीकृत स्थल को छोड़कर दूसरे स्थान पर किया जा रहा है. इससे ग्रामीणों में आक्रोश है. इसे लेकर माधवपुर के ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है.

याचिका में बताया गया है कि उपकेंद्र के लिए स्वीकृत स्थल माधोपुर को छोड़कर करीब चार किलोमीटर दूर राजाहाट गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र के नए भवन का निर्माण किया जा रहा है. इसे लोगों को काफी परेशानी होगी.

**डीसी से कार्य रुकवाने की मांग :** जनहित याचिका दायर करने के बाद भी भवन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. इस कार्य को रुकवाने के लिए ग्रामीणों ने गुरुवार को उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपा. जिसमें बताया गया है कि 1985-86 के समय स्वास्थ्य विभाग द्वारा माधवपुर गांव में उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र का शुभारंभ किया गया था. अब नई योजना के तहत बनने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र को इस गांव से हटाकर दूसरी गांव ले जाया गया है. इससे संबंधित शिकायत माधवपुर के ग्रामीणों ने पूर्व में उपायुक्त से की थी, परंतु कोई पहल नहीं होने पर ग्रामीण उच्च न्यायालय की शरण में पहुंचे और जनहित याचिका दायर की. अब ग्रामीणों ने उपायुक्त से न्यायालय की ओर से कोई अंतिम फैसला नहीं आने तक भवन निर्माण कार्य को स्थगित करने से संबंधित आदेश देने की मांग की है.

**आक्रोशित ग्रामीण**

- लोगों को होगी काफी परेशानी : ग्रामीण
- ग्रामीणों ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा

**Executive Magistrate, Ramgarh**

**AFFIDAVIT**

I PINTU YADAV, S/o Mohan Yadav, aged about 29 years, by faith-Hindu, by occupation Agriculture, by Nationality-Indian, R/o AT. Bhuiyandin, Bargaon, P.0.-Bargaon, P.S-Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as under :-

1. That my actual and correct name is "PINTU YADAV" which has been mentioned in my Aadhar Card, bearing Aadhar No.-4255 9682 7579 and PAN Card, No.-"ANCPY8946M.
2. That due to inadvertence, my name has been mentioned as "PINTU KUMAR in my Post Office National Saving Certificate, Barkakana Branch, which bearing No.-01NA 473821, 01NA 479822 & 01NA 479823.
3. That "PINTU YADAV" and "PINTU KUMAR YADAV" are the names of same and single (one) person ie. myself.
4 That this affidavit is required for Produce to Authority concern for doing needful purpose

Aff. No. 16942/14.10.23

**क्लासिफाइड**












### पीओ ने कहा- प्रबंधन बेहतर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर रही है, ग्रामीणों के खिलाफ नहीं है प्रबंधन

# बीसीसीएल ब्लॉक 2 के पास रास्ते बंद, भड़के ग्रामीण, काम बंद कराया

संवाददाता। बाघमारा

बीसीसीएल ब्लॉक-2 प्रबंधन के आदेश पर व्यू पाइंट से केसरगढ़, सदरियाडीह, सिदपोखी, मधुबन आदि क्षेत्रों में जाने वाले मार्ग को ओवर बर्डन गिराकर बंद कर दिया गया है. प्रबंधन बेहतर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर रही है. इस खबर को सुनकर ग्रामीण भड़क गये और गुरुवार अहले सुबह पांच बजे व्यू पॉइंट पहुंचकर बीसीसीएल का काम (ट्रांसपोर्टिंग, संप्रेशन आदि) को बंद करा दिया. कार्य बाधित किये जाने की खबर के बाद सीआईएसएफ अधिकारी व जवान घटनास्थल पर मौजूद रहे.



बीसीसीएल ब्लॉक 2 के आसपास के रास्तों को बंद कराते ग्रामीण.



ओबी गिराकर बंद किया गया रास्ता.

**वैकल्पिक मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन, खतरे की आशंका :** ग्रामीण दिवाकर महथा का कहना है कि करीब 35-40 वर्षों से केसरगढ़ बस्ती के विस्थापितों के नियोजन व मुआवजे की मांग लटकी हुई है. प्रबंधन विस्थापितों का हक मार रही है. अब प्रबंधन बाघमारा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग को बंद करना चाहती है. इसी मार्ग से केसरगढ़ एवं आसपास के सभी बस्तियों के ग्रामीण व स्कूली बच्चे आना-जाना करते हैं. आवागमन मार्ग बंद किये जाने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. कहा कि प्रबंधन ने हॉल मार्ग को विकल्प के तौर पर दिया है. लेकिन इस रास्ते में हमेशा भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

#### खास बातें

- प्रबंधन ग्रामीणों के प्रति शोषण का रवैया अपना रही है
- विस्थापितों के नियोजन व मुआवजे की मांग लटकी है

#### ग्रामीणों को सुदृढ़ मार्ग उपलब्ध करा रहा है प्रबंधन

केसरगढ़ पंचायत के समिति सदस्य सुरेश रजक ने आरोप लगाया कि प्रबंधन ग्रामीणों के प्रति शोषण का रवैया अख्तियार किये हुए है. जिसकी वजह से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है. वहीं, ब्लॉक 2 के परियोजना पदाधिकारी के के सिंह ने कहा कि प्रबंधन ग्रामीणों को उससे सुदृढ़ मार्ग उपलब्ध करा रही है. प्रबंधन ग्रामीणों के खिलाफ नहीं है. प्रबंधन द्वारा आवागमन मार्ग की बेहतर व्यवस्था की जा रही है.

#### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- झारखंड में पालकोट राजमहल किस जिले में है – **गुमला**
- कैंडीन नृत्य किस देश का राष्ट्रीय नृत्य है – **श्रीलंका**
- फैशन ब्रांड डब्ल्यू ने किसे अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है – **अनुष्का शर्मा**
- झारखंड का प्रथम बिजलीघर किस स्थान पर स्थापित हुआ – **तिलैया**
- एनवायरनमेंट एक्ट कब पारित हुआ – 1986
- किस युग में मानव जनसंख्या में निश्चित वृद्धि हुई – **मध्यपाषाण काल**
- झारखंड में रोहीलो का किला किस जिले में है – **पलामू**
- बोंडला राष्ट्रीय उद्यान किस प्रदेश में है – **गोवा**
- बिम्बिसार का दूसरा नाम क्या था – **श्रेणिक**
- छोटानागपुर की हल्दी घाटी किसे कहा जाता है – **कोराम्बे**

#### ब्रीफ खबरें

### ग्रामीणों के बीच चना बीज का किया वितरण

**गावां।** गावां प्रखंड के मंझने पंचायत के मुखिया रूपा श्री सिंह ने मंझने के विभिन्न गांवो के महिलाओं के बीच चना बीज का वितरण किया. इस दौरान मुखिया रूपा श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को खेती बारी के क्षेत्र में भी ध्यान देने की आवश्यकता है. आज ग्रामीण क्षेत्रों के लोग खेती कर खुद आत्मनिर्भर बन रहे हैं. खेती कर भी लोग अपने परिवार की स्थिति बदल स्वावलंबी बन सकते हैं. रूपा श्री ने महिलाओं से कहा कि खेती से संबंधित कोई समस्या हो तो जरूर बताएं. संबंधित अधिकारियों से मिलकर दूर करने का प्रयास किया जायेगा. मौके पर बीटीएम इंद्रजीत शेखर, निरंजन सिंह समेत कई महिला मौजूद थे.

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड के कालियाम पंचायत भवन परिसर में आगामी 11 नवंबर को सुबह 10:00 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगा. इस शिविर का आयोजन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राइटस लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी की पहल पर सिटीजन फाउंडेशन के तहत होगा. यह जानकारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने दी है. उन्होंने बताया कि इस शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएगी. चिकित्सकों की परामर्श पर नि:शुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी. उन्होंने बताया कि शिविर को सफल बनाने में कार्यकर्ता जुटे हुए हैं.

### दिवाली और छठ पूजा को लेकर डीसी व एसएसपी ने की बैठक

# तेज आवाज वाले पटाखों की खरीद-बिक्री पर रहेगी रोक

संवाददाता। जमशेदपुर

दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की. जिला मुख्यालय के सभागार में हुई इस बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे. अगामी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसके लिए प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के तैयारियों की गहन समीक्षा की गई. उपायुक्त ने कहा कि जिलेवासी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारा एवं हर्षोल्लास से त्यौहार मनायें. सभी नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है.

**विधि व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों पर होगी कार्रवाई :** उपायुक्त ने काली पूजा को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन में प्रयुक्त होने वाले वाहन के चालकों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाए. त्यौहार में ऐसे गाने नहीं बजायें जिससे किसी प्रकार का सामाजिक या साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न हो. विसर्जन जुलूस में डीजे की मॉनिटरिंग करने व सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया. उपायुक्त ने कहा कि दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखे के बिक्री करने वाले दुकानों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा.



बैठक करते डीसी-एसएसपी व मौजूद अन्य पदाधिकारी.

#### छठ घाटों पर गोताखोर रहेंगे तैनात

छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, छठ घाट में डेंजर डोन चिन्हित करने, बेरिकेडिंग, सभी छठ घाटों से नाविक और गोताखोर को टैग करने का निर्देश दिया गया. सभी नगर निकायों एवं जुस्को प्रतिनिधि को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि साफ-सफाई ससमय करा लें. जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से असुविधा नहीं हो. भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाने, छठ घाटों की ओर जाने वाले सभी पहुंच पथ को सुगम बनाने, माइकिंग व्यवस्था दुरुस्त रखने, विद्युत पोल एवं रोशनी की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. सिविल सर्जन को एंबुलेंस की उपलब्धता तथा अस्पतालों को आकस्मिक स्थिति के लिए अलर्ट रखने का निर्देश दिया गया.

#### खास बातें

- घनी आबादी क्षेत्र में पटाखों का संग्रहण न किए जाने के निर्देश
- पटाखे बिक्री करने वाली दुकानों को लाइसेंस लेना अनिवार्य

#### शहर में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

एसएसपी ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों के साथ साथ पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी. वाहनों की सघन जांच करने तथा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है. प्रतिमा विसर्जन में प्रयुक्त होने वाले वाहन चालकों का थाना स्तर से वेरिफिकेशन कराने को कहा गया है. काली पूजा को लेकर विसर्जन रूट का भौतिक सत्यापन किए जाने, थानावार छठ घाटों का अविलंब भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया. बैठक में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नगर निकाय के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, पथ निर्माण विभाग, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सीओ मानगो व जमशेदपुर सदर व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

### धनबाद समेत सभी रेल मंडलों में चौकसी बढ़ाने का दिया निर्देश

# नक्सली हमले को लेकर हाई अलर्ट

संवाददाता। धनबाद

रेलवे में संभावित नक्सली और आतंकी हमले को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है. रेलवे सूत्रों के अनुसार केंद्रीय खुफिया विभाग की रिपोर्ट पर रेलवे बोर्ड ने धनबाद समेत सभी रेल मंडलों में चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया है. स्टेशनों और ट्रेनों में धनतेरस-दीपावली से लेकर छठ पूजा तक सर्च ऑपरेशन चलेगा. इस संबंध में आरपीएफ, आरपीएसएफ व जीआरपी को भी अलर्ट रहने और चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया है. आरपीएफ सूत्रों के अनुसार, छठ पूजा तक बिहार, यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व जम्मू की ओर जानेवाली ट्रेनों में काफी भीड़ रहेगी. भीड़ का फायदा उठाते हुए आतंकी संगठन के सदस्य स्टेशनों या ट्रेनों में धमाका कर सकते हैं. खासकर देश की राजधानी नई दिल्ली की ओर से जानेवाली राजधानी समेत अन्य ट्रेनों पर विशेष रूप से चौकसी बरतने को कहा गया है.

**यात्रियों को सतर्क कर रहे आरपीएफ-जीआरपी :** आरपीएफ सूत्रों के अनुसार, धनबाद समेत अन्य स्टेशनों पर माइक से यात्रियों को आगाह करते हुए कहा जा रहा है कि स्टेशन परिसर या ट्रेन के भीतर लावारिस वस्तु दिखने पर फौरन नजदीकी आरपीएफ पोस्ट व जीआरपी को सूचित करें. ताकि, समय रहते संभावित हादसे को रोका जा सके.

लावारिस वस्तु के भीतर विस्फोटक सामग्री हो सकता है. उसके साथ छेड़छाड़ करने पर विस्फोट हो सकता है. यात्रियों के जानमाल का भी नुकसान हो सकता है. हालांकि धनबाद स्टेशन परिसर में चप्पे-चप्पे पर लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कंट्रोल रूम के स्क्रीन पर स्पेशल टीम 24 घंटे नजर रख रही है.



#### प्रशासन सतर्क

- खुफिया विभाग की रिपोर्ट से मिली जानकारी
- दीवाली से लेकर छठ पूजा तक चलेगा सर्च ऑपरेशन

#### राजधानी समेत कई ट्रेनों की जांच शुरू

जीआरपी सूत्रों के अनुसार, हावड़ा व सियालदह से नई दिल्ली जानेवाली राजधानी समेत कई ट्रेनों की जांच शुरू कर दी है. गंगा-सतलज और गंगा-दामोदर समेत मौर्य एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. ट्रैकर और स्नीफर डॉग के साथ-साथ एक्सप्लोसिव डिटेक्टर की मदद से विस्फोटक की तलाश की जा रही है. चेकिंग अभियान में आरपीएफ-जीआरपी की टीम शामिल है.

### कार्यकारी अध्यक्ष पर हमले का किया विरोध

**जमशेदपुर।** बांग्ला भाषी उन्नयन समिति की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल एवं उनके पति आशीष मंडल पर हुए हमला का विरोध शुरू हो गया है. गुरुवार को झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक पत्र भेज कर दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है. जिला मुख्यालय पहुंचे उन्नयन समिति के सदस्यों ने बताया कि 31 अक्टूबर को धनबाद में रीना मंडल एवं उनके पति की कार को पीछे से रणवीर सिंह नामक व्यक्ति ने अपनी कार से टक्कर मारी थी.

### छठ की तैयारियां शुरू करने का दिया निर्देश

**जामताड़ा।** एसडीओ अनंत कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय में छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई. इस दौरान उन्होंने घाटों की पर्याप्त साफ सफाई व प्रकाश की मुकम्मल व्यवस्था करने का निर्देश दिया. वहीं, भीड़- भाड़ वाले घाटों में सुरक्षा हेतु पुलिस, महिला बल एवं मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की जाएगी. इसके अलावा नदी तालाबों के गहरे पानी लेवल के स्थल पर खतरे के निशान की मार्किंग, पीए सिस्टम, गोताखोर, अस्थाई टॉयलेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया.




### रोजमर्रा के काम के अलावा घर और दुकानों की सफाई में बन रही बाधा

# त्योहार में बिजली-पानी का संकट

संवाददाता। धनबाद

त्योहार के मौसम में विगत कुछ दिनों से जिले में बिजली-पानी का संकट बढ़ गया है, जिससे रोजमर्रा के कार्य के अलावा पर्व-त्योहार पर होने वाले घर की साफ सफाई का काम भी प्रभावित हो रहा है.

जिले में बीते एक सप्ताह से मेंटेनेंस कार्यों को लेकर बिजली की कटौती लोगों को परेशान कर रही थी. अब बीते तीन दिनों से पानी की सप्लाई भी बाधित थी. गुरुवार को भी जिले के बड़े हिस्से में सुबह के समय मात्र आधा घंटा पानी दिया गया.

**मैथन से 20 एमएलडी कम आ रहा पानी :** शहरी जलापूर्ति का काम देख रही एजेंसी और नगर विकास विभाग के बीच बिल भुगतान को लेकर फंसे पेंच के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है. इसकी वजह से एजेंसी को मैथन इंटकवेल से 20 मिलियन लीटर डे (एमएलडी) पानी कम मिल रहा है. बिल भुगतान को लेकर दोनों के बीच फंसे पेंच का खामियाजा जिले की जनता भुगत रही है.




#### जलापूर्ति बाधित

- मेंटेनेंस को लेकर बिजली कटौती से लोग परेशान
- बिल भुगतान को लेकर फंसा पेंच, भुगत रही जनता

#### दीपावली-छठ पर निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा खोखला

त्योहार के मौसम में मेंटेनेंस कार्य के नाम पर जेबीवीएनएल के द्वारा लगातार बिजली कटौती की जा रही है. इसी कड़ी में गुरुवार को 11 केवी लाइन कार्य हेतु 99 कोयलांचल सिटी, नावाडीह, झारखंड मोड़, धरजोड़ी, सुरजपुरी, बिनोद बिहारी चौक, पॉल नगर, बाईपास रोड, अमन सोसाइटी, एशियन कॉलोनी, आरके नगर सहित अन्य क्षेत्र में बिजली काटी गई. आठ नवंबर को भी हाउसिंग कॉलोनी, मनोरम नगर, अफसर कॉलोनी, सिटी सेंटर, गोल्फ ग्राउंड, बेकारबांध, कोर्ट रोड, सदर अस्पताल, लुबी सर्कुलर रोड, रांगाटांड़, माडा कॉलोनी, बरमसिया, हीरापुर, पार्क मार्केट, मास्टरपाड़ा, भिश्तीपाड़ा, ज्ञान मुखर्जी रोड में भी लगभग 6 घंटे की कटौती की गई.

# अप्रिय घटना का कारण बन सकते हैं बिजली के तार

संवाददाता। चाकुलिया

चाकुलिया में विगत दिनों हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आने से जख्मी दो हथिनी की मौत हो गई है. प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर हाई वोल्टेज तार जमीन से काफी नीचे झूल रहे हैं. इसके अलावा कई गांवों में लकड़ी और बांस पर बिजली के तार खेतों तक ले जाए गए हैं. ऐसे तार किसी अप्रिय घटना का कारण बन सकते हैं. इन्हें दुरुस्त करने के लिए बिजली विभाग की ओर से अभी तक पहल नहीं हुई है.

प्रखंड की बड़ामारा पंचायत में हवाई पट्टी से सटे जुआलभांगा-पूर्णापानी के पास सड़क के किनारे स्थापित ट्रांसफार्मर से बांस और लकड़ी पर बिजली के तार खेतों तक ले जाए गए हैं. ट्रांसफार्मर से खेत तक कई जगहों पर लकड़ी और बांस के खंभे पर तार खींचे गए हैं. ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. सिंचाई के लिए खेत में पंप चलाने हेतु ट्रांसफार्मर से बिजली के तार बांस और लकड़ी के खंभों के सहारे ले जाए गए हैं. बांस और लकड़ी के गिर जाने से बिजली की चपेट में आकर किसी आदमी या मवेशी की जान भी जा सकती है. बांस और लकड़ी पर बिजली के तार सड़क से भी पार किए गए हैं. ज्ञात हो कि यह इलाका हाथी प्रभावित है.








## ब्रीफ खबरें

### ऑटो से समान की चोरी कर रहे दो चोर धराए

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत साकची गोलचक्कर से कदमा जाने वाले रास्ते में ऑटो से समान की चोरी कर रहे दो चोर को होमगार्ड के जवानों ने पकड़ा. दोनों को साकची पुलिस के हवाले कर दिया गया, जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार एक डाला ऑटो सामान लेकर कदमा की ओर जा रही थी. इसी बीच ऑटो में पीछे दो युवक सवार हो गए और सामानों की चोरी करने लगे. इसी बीच मौके पर तैनात होम गार्ड के जवानों ने उसे देख लिया और खदेड़कर पकड़ा. फिलहाल दोनों से थाने में पूछताछ की जा रही है.

### नदी के पास मिला पेड़ पर लटकता युवक का शव

**जामताड़ा ।** नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोधरिया नदी के पास गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव पेड़ पर लटकता मिला. जानकारी के अनुसार, ग्रामीण आज सुबह लोधरिया नदी की तरफ शौच के लिये गये तो एक युवक का शव पेड़ से झुलता देखा. इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को को घटना की जानकारी दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल जामताड़ा भेज दिया. पुलिस शव की शिनाख्त और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी.

### कंटेनर की चपेट में आने से युवक की मौत

**निरसा ।** निरसा थाना क्षेत्र के बेलचड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर बुधवार देर रात मैथन से गोविंदपुर के ओर जारी रही एक कंटेनर ने एक युवक को कुचल दिया. हादसे में घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई. वहीं कंटेनर लेकर चालक फरार हो गया. हालांकि स्थानीय लोगों ने कंटेनर का पीछा किया, मगर वह पकड़ में नहीं आया. हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-2 को जाम कर दिया. इस वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई.

### बाइक स्किट करने से चालक हुआ घायल

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहरागोड़ा-बामडोल रोड पर चौरंगी चौक के निकट बाइक स्किट करने से चालक शशांक शेखर मुंडा (45) बुरी तरह से घायल हो गया. जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. जहां उसका इलाज किया जा रहा है. वह खतरे से बाहर है. जानकारी के मुताबिक बाइक चालक बहरागोड़ा से अपने घर पानीजा जाते वक्त कोरंगी चौक के निकट अपना संतुलन खो बैठा और दुर्घटना का शिकार हो गया.

### जुआ अड्डे पर छापेमारी मामले में 8 पर केस दर्ज

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** जुआ अड्डा पर छापेमारी मामला में बेंगाबाद थाना में तीन नामजद अभियुक्तों समेत ग्यारह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है. इस मामले में थाना में कांड संख्या 251/ 23 के तहत छोटकी खरगडीहा के हरखुडीह निवासी आलम अंसारी, तैयूब अंसारी और कारू मियां के अलावे जब्त आठ बाइक मालिक सह चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. बता दें कि मंगलवार की रात बेंगाबाद पुलिस ने छोटकी खरगडीहा में जुआ अड्डा पर छापेमारी की थी. छापेमारी के दौरान आठ बाइक के अलावे नगदी जब्त किया गया था. हालांकि पुलिस को देखते सभी लोग फरार हो गए थे.

### कदमा में सड़क हादसे में स्कूटी सवार घायल

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत कदमा बाजार के पास गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में स्कूटी सवार कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 1 निवासी देव नारायण साव गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया गया जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. इधर, स्थानीय लोगों ने पल्सर बाइक सवार युवक की जमकर पिटाई कर दी. घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और बाइक सवार युवक को हिरासत में लेकर थाने चली गई.

## सीआईडी की साइबर सेल टीम ने जीवन गोपीनाथ गलधर नाम के साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

# ताईवान से भारत में हो रही साइबर ठगी, कई बने शिकार

**सौरभ सिंह । रांची**

ताईवान को अड्डा बना कर अपराधी चाइनीज लोगों के साथ मिल कर भारत में साइबर ठगी कर रहे हैं. इसका खुलासा तब हुआ, जब धनबाद के रहने वाले एक व्यक्ति से 95 लाख रुपए ठग लिये गये. इस मामले मे सीआईडी की साइबर सेल टीम ने जीवन गोपीनाथ गलधर नाम के साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है.

वह महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है. साइबर सेल की टीम ने उसके पास से दो मोबाइल, दो सिम, बैंक ऑफ ताइवानी डेबिट



कार्ड, 3300 ताइवानी डॉलर समेत कई अन्य सामान बरामद किये हैं.

**भारत आते ही साइबर सेल ने अपराधी को कर लिया गिरफ्तार :** बता दें कि भारतीय अपराध समन्वय केंद्र (14सी), केंद्रीय गृह मंत्रालय और साइबर पुलिस औरंगाबाद के समन्वय से कांड में संलिप्त एक साइबर अपराधी के ठिकाने की जानकारी मिली थी, जो ताईवान में रह कर चाइनीज नागरिक के साथ मिलकर भारत में ठगी करता था. वह ठगी के पैसे भारत में बनायी गयी अलग अलग शेल कंपनियों के खाते में मंगवाता था. उस राशि को क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज पर विभिन्न ब्लॉक चैन वॉलेट एड्रेस पर भेज दिया जाता था. इसका खुलासा होते ही इस ताईवानी अपराधी का लुक आउट नोटिस जारी किया गया.

जब यह ताईवान से भारत आया तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया. पूर्व में इस कांड में उसके दो सहयोगियों प्रतीक संतोष रावत तथा और अभिषेक दुबे को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया जा चुका है.

### क्या है मामला

धनबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती पांच जुलाई को सीआईडी के साइबर सेल थाना में शिकायत दर्ज कराया था. साइबर अपराधियों ने पीड़ित से जीवन साथी डॉट कॉम पर उपलब्ध एक प्रोफाइल में संपर्क किया और उन्हें क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर अधिक पैसे कमाने के लिए कहा गया. इसके लिए पीड़ित व्यक्ति को एक फर्जी बेवसाइट पर रजिस्टर करने को कहा गया. इसके लिए वादी को अलग-अलग बैंक खातों में यूपीआई के माध्यम से पैसे डालने को कहा गया. साइबर अपराधी वादी को उनका प्रॉफिट फर्जी वेबसाइट पर दिखाते थे. जांच में इन फर्जी वेबसाइट का मूल स्थान हांगकांग, चाइना और कंबोडिया में पाया गया. इस तरह से वादी से कुल 95 लाख की ठगी की गयी थी. जिस पर सीआइडी की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी बैंक खातों में रखे गये ठगी के 67 लाख रुपये को फ्रीज करवा दिया था.

### आओ जानें

## झारखंड में साढ़े चार साल में साइबर अपराध के मामले

| जिला | मामला | जिला | मामला |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 406 | सरायकेला | 154 |
| गिरिडीह | 224 | सिमडेगा | 44 |
| हजारीबाग | 348 | देवघर | 405 |
| जमशेदपुर | 384 | गोड्डा | 115 |
| पलामू | 170 | गुमला | 92 |
| रांची | 1432 | लोहरदगा | 45 |
| साहिबगंज | 91 | चतरा | 105 |
| दुमका | 120 | गढ़वा | 80 |
| चाईबासा | 90 | कोडरमा | 72 |
| बोकारो | 150 | खूंटी | 48 |
| लातेहार | 161 | रामगढ़ | 177 |
| जामताड़ा | 345 | पाकुड | 83 |

## डंडारकला में घटना के समय जुआ खेल रहा था युवक सत्येंद्र महतो

# पांकी में सरेशाम युवक को दौड़ा कर मारी गोली, मौत

**संवाददाता । पांकी (पलामू)**

पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला में बुधवार की शाम साढ़े सात बजे एमके इंटर कालेज के समीप जुआ खेल रहे सत्येंद्र महतो उर्फ गुडू को दौड़ा कर अपराधियों ने गोली मार दी. युवक की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, इंस्पेक्टर अरूण कुमार महथा और थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया. स्वजनों से वार्ता कर शव को गुरुवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा. बता दें कि दो वर्ष पूर्व हत्या के एक मामले मे सत्येंद्र महतो जेल से छूट कर घर आया था.

वहीं पांकी विधायक चॉ. शशिभूषण मेहता ने डंडारकला निवासी सत्येन्द्र महतो की हत्या पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने कहा कि सूबे में कानून व्यवस्था बिल्कुल फेल हो चुकी है. हत्या, अपहरण और बलात्कार की घटना लगातार बढ़ रही है. उन्होंने हत्या मे शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की. उन्होंने मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया कि हत्यारे किसी भी कीमत में नहीं बचेंगे.

वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की और परिजनों को सांत्वना दी. लवली गुप्ता शव के पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद रही. उन्होंने पुलिस ने हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की.



### हुई मौत

- सत्येंद्र एमके इंटर कॉलेज के पास जुआ खेल रहा था
- गोली लगने से सत्येंद्र की मौके पर ही मौत हो गई
- शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया

### जमीन विवाद में फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**पाकुड़ ।** जमीन विवाद में गोली चलाने वाले इंद्रनील चटर्जी को नगर थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल से पिस्तौल सहित कल देर रात गिरफ्तार कर पाकुड़ ले आई. चटर्जी का पिस्तौल और स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त कर लिया गया. गुरुवार को चटर्जी को नगर थाना पुलिस कोर्ट में पेश किया गया एवं उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. गोली कांड घटना के बाबत अनिदिता जायसवाल के लिखित शिकायत पर नगर थाना कार्ड संख्या 211/2023 धारा 341, 323, 304, 306, 290, 307, 326, 341, 509 एवं 25 बी 27 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है. दर्ज केस में अनिदिता जायसवाल ने आरोप लगाया कि पाकुड़ मौजा नंबर 128 के दाग संख्या 1839 में स्थित जमीन को मेरे ममेरे भाई इंद्र नील चटर्जी एवं कुछ और असामाजिक तत्वों के साथ जबरन जमीन की घेराबंदी कर रहे थे. जिसकी सूचना मेरे द्वारा थाने को दी गई थी. बुधवार के 2:30 बजे इंद्रनील अपने पिस्टल लेकर भू माफियाओं के साथ जिसमें विनोद चौधरी, अनारूल शेख, सुरेंद्र पासवान और राजू तिवारी थे, सभी मेरी जमीन पर जबरन पीलर लगाने लगे. मना करने और रोकने पर इंद्रनील ने गोली चला दी. जिससे राम ठाकुर, शोभित ठाकुर और विसू कर्मकार को गोली लग गई. वह घायल हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए बहरमपुर गीतांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सीडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि तीनों घायल खतरे से बाहर हैं. गोली निकाल दी गई है और इंद्रनील को भी गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज दी है.

# आतंकी नसीम की कोर्ट में पेशी

**संवाददाता । रांची**

आईएसआईएस संगठन के आतंकी मोहम्मद नसीम को कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को रांची सिविल कोर्ट लाया गया. एटीएस की टीम ने मोहम्मद नसीम को विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया. जिसके बाद कोर्ट ने उसे 22 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया.

**एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा से दो आतंकियों को किया था गिरफ्तार :** बता दें कि 8 नवंबर बुधवार को आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों मोहम्मद नसीम और मो. आरिज हसनैन को एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा जिले से गिरफ्तार किया था. मोहम्मद नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाला है. नसीम की गिरफ्तारी हजारीबाग से ही हुई थी. वहीं दूसरे आतंकी मो.आरिज हसनैन गोड्डा जिले के रहमत नगर का रहने वाला है. आरिज की गिरफ्तारी गोड्डा से की गयी थी. गिरफ्तार दोनों आतंकी तालिबान आतंकी संगठन के संपर्क में थे. दोनों आतंकी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोगों के संपर्क में थे. इतना ही नहीं दोनों इजराइल और फिलिस्तीन के बीच हो रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन को सपोर्ट करने के लिए देश छोड़ने की फिराक में थे.




### कसमार: सड़क हादसे में 64 साल के बुजुर्ग की मौत

**कसमार (बोकारो) ।** कसमार थाना क्षेत्र के दांतु पंचायत के चरकपखना निवासी अमीन जीवन राम महतो (64 वर्षीय) की गुरुवार को रामगढ़ जिले के कोठार में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह अमीन अपने बाईक से घर से हजारीबाग के लिए अपने एक निजी काम से निकले थे. इसी बीच रामगढ़ कोठार के सामने फोरलेन के समीप एक अज्ञात वाहन ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया. दुर्घटना के बाद वाहन चालक भाग गया. घटना के बाद ग्रामीणों ने इनकी जेब में रखे आधार कार्ड एवं उसपर लिखे पते पर इनके घर वालों को जानकारी दी. घटनास्थल पर मौजूद भीड़ ने उन्हें तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से रामगढ़ स्थित सदर अस्पताल भेजवाया. जहां, बुजुर्ग की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया.

# रागीब हत्याकांड का दो आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर से सटे सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में बीते दिनों स्थानीय निवासी रागीब की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. मामले में गुस्साए स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर थाने के बाहर जमकर प्रदर्शन किया था. इधर, पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों में ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 5 निवासी मो वसीम उर्फ चन्ना वसीम और गोलमुरी मुस्लिम बस्ती निवासी अरमान शामिल है.

इस मामले का मुख्य आरोपी जिशान अब तक फरार चल रहा है. पुलिस अब तक घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद नहीं कर पाई है. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि करीम सिटी कॉलेज में पटाखा फोड़ने के दौरान कपाली के युवकों से विवाद हो गया था. घटना की शाम उस युवक के साथ मारपीट करने गए थे. इसी बीच रागीब बीच-बचाव करने पहुंच गया. विवाद बढ़ता देख जिशान ने गोली चला दी. गोली रागीब को लगी जिससे वह घायल हो गया.

### दो धराए

- कपाली में रागीब की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी
- मुख्य आरोपी जिशान अब तक फरार चल रहा है

# मैथन में पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा

**संवाददाता । मैथन**

मैथन पुलिस एवं सीआईएसएफ ने गुप्त सूचना पर संयुक्त रूप से गुरुवार को मैथन क्षेत्र के संजय चौक के समीप से अवैध कोयला लदे एक ट्रक पकड़ा. मैथन पुलिस ने ट्रक को मैथन ओपी ले गई, जहां मैथन पुलिस ट्रक मालिक, चालक एवं अज्ञात लोगों के खिलाफ कोयला चोरी का मुकदमा दर्ज करने प्रकिया में जुट गई. जानकारी के अनुसार निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा स्थित एक भट्ठा से ट्रक में 25 टन अवैध कोयला लोडकर पश्चिम बंगाल भेजा जा रहा था.

जिसकी सूचना मैथन पुलिस एवं सीआईएसएफ को मिली. मैथन पुलिस एवं सीआईएसएफ ने त्वरित कार्रवाई करते थे. ट्रक का पीछा कर संजय चौक के समीप पकड़ा. हालांकि इस बीच चालक भागने में सफल रहा. इधर मैथन थाना प्रभारी विकाश यादव ने बताया कि मुगमा स्थित एक भट्ठा से अवैध कोयला लादकर ट्रक निकला था.



जिसे संजय चौक से पकड़ा गया है. ट्रक में 25 टन अवैध कोयला लदा हुआ है. जिसकी छानबीन की जा रही है. बताते चलें कि निरसा थाना क्षेत्र ने अवैध कोयले का खेल धड़ल्ले से जारी है. आसपास के खदान से साइकिल पर कोयला लादकर भट्ठा लाया जाता है, जहां ट्रक में कोयला लादकर पश्चिम बंगाल, बिहार, यूपी एवं अन्य स्थानों के लिए भेजा जाता है.

### ट्रेन में तबीयत बिगड़ने से युवक की हुई मौत

**कसमार (बोकारो) ।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड से काम की तलाश में बिहार गया एक युवक पलायन की भेंट चढ़ गया. जानकारी के अनुसार कसमार थानाक्षेत्र के बरईकला के खूंटाहारा निवासी 42 वर्षीय युवक बलराम केवट की मौत ट्रेन में तबीयत बिगड़ने से हो गयी. गुरुवार की शाम उसका शव खूंटाहारा पहुंचा. घटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही मजदूर बलराम काम की तलाश में बिहार के गया जिला गया था, जहां वह सरिया सेंट्रींग का काम कर रहा था. एक दो दिन काम करने के बाद अचानक बलराम की तबीयत बिगड़ गई. जिसके बाद बुधवार की शाम को कंपनी के लोगों द्वारा बलराम को ट्रेन से घर भेज दिया गया. घर आने के दौरान रास्ते में उसकी तबीयत काफी बिगड़ गयी और ट्रेन में ही उसने दम तोड़ दिया. मृतक को हटिया रेलवे स्टेशन में आरपीएफ ने उतारा और उसके पैकेट में रखे एक डायरी में घर का पता व कुछ लोगों के मोबाइल नंबर से घटना की जानकारी ट्रेन के कर्मचारियों ने घरवालों को दी.

## महिला 230 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ मुस्लिम बस्ती से हुई गिरफ्तार

# ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार

**संवाददाता । आदित्यपुर**

आदित्यपुर की मुस्लिम बस्ती से 230 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ बस्ती की अहमद गली की 38 वर्षीय महिला नाजमुम निशा को पुलिस ने सुबह 9 बजे बिक्री करते गिरफ्तार कर लिया. यह जानकारी एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि ब्राउन शुगर बेचने वाली महिला ने बताया कि वह ब्राउन शुगर मुर्शिदाबाद के मोगला नामक व्यक्ति से खरीदी है.

बरामद ब्राउन शुगर का वजन करीब 20 ग्राम है. इसकी कीमत खुले बाजार में करीब 70 हजार रुपए है. बता दें कि 3 दिन पूर्व बस्ती की ड्रग पेडलेर डॉली परवीन को उनके सगे भाइयों ने इसी धंधे और पैसे के लिए गोली मारी थी. उसका इलाज अभी भी रांची के रिम्स में चल रहा है. एसपी ने बताया कि मुस्लिम बस्ती ड्रग का हब बना हुआ है.



### बोले एसपी

- गिरफ्तार महिला का नाम नाजमुम निशा है
- महिला ब्राउन शुगर मोगला नामक व्यक्ति से खरीदी थी

हमारा लक्ष्य पुड़िया नहीं, बल्कि भारी मात्रा में ड्रग के खेप को पकड़ना है. उनका लक्ष्य ब्राउन शुगर को जीरो टॉलरेंस पर लाना है. इस खेप को पकड़ने वाले थाना प्रभारी राजन कुमार, एसआई अभिषेक कुमार सिंह सहित पुलिस टीम की एसपी ने सराहना की है. एसपी ने बताया कि जल्द ही डॉली परवीन को गोली मारने वाले आरोपी को भी पुलिस पकड़ लेगी. इसके लिए टीम गठित कर दी गई है. वह अपना काम कर रही है.

### काम में लापरवाही बरतने वाले कई सब इंस्पेक्टर का तबादला

**रांची।** जिले के अलग-अलग थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है. इन सब इंस्पेक्टरों का तबादला काम नहीं करने व लापरवाही बरतने की शिकायत के बाद किया गया है. गौरतलब है कि विधि व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिले के कुछ थाना प्रभारियों ने अपने थाना में पदस्थापित काम नहीं करने वाले सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को हटाने और पदस्थापित करने का अनुरोध किया था. जिसपर एसएसपी ने यह कार्रवाई की है. लोअर बाजार थाना में तैनात एसआई विवेकानंद दूबे को डीसीबी शाखा, डीसीबी शाखा में तैनात शौरव शर्मा को सुखदेवनगर थाना, लालपुर थाना में तैनात मनीष पूर्ति को पुलिस केंद्र, कांके थाना में तैनात संजय नायक को बरियातु थाना और मेसरा ओपी में तैनात रणजीत कुमार सिंह को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है.

**नसीहत** 

## राजनगर में ब्वॉय फ्रेंड के दोस्तों ने ही युवती से किया दुष्कर्म

# नाबालिग सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता । आदित्यपुर**

बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड बनकर मौज मस्ती करने वाले युवक-युवतियों के लिए सबक है मंगलवार को राजनगर में हुई दुष्कर्म की वारदात. पांच दोस्तों ने ही युवती के साथ दुष्कर्म किया था. दुष्कर्म के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. आदित्यपुर स्थित जियाडा कैंप कार्यालय में गुरुवार को सरायकेला-खरसावां एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि मंगलवार को अपने ब्वॉय फ्रेंड के साथ घूमने निकली एक युवती को महंगा पड़ गया. युवती के साथ उसके ही प्रेमी के पांच दोस्तों ने दुष्कर्म किया. पांच आरोपियों में से एक नाबालिग भी है. इस बात की सूचना



मिलने के बाद राजनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया .

एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम पीड़ित युवती अपने प्रेमी के साथ खुले मैदान में बैठी थी. ठंड लगने की बात कह कर उसका प्रेमी शॉल लाने चला गया. इसके बाद वहां पांच लड़के पहुंचे और पीड़िता से कहा कि उसका साथी उसे नदी किनारे बुला रहा है. पीड़िता उनकी बातों में आकर उनके साथ चली गई. वहां पांचों युवकों ने युवती के साथ दुष्कर्म किया. घर आकर इसकी जानकारी युवती ने अपने परिजनों को दी.

परिजन युवती को साथ लेकर राजनगर थाना पहुंचे. थाना प्रभारी चंदन कुमार को इसकी जानकारी दी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले पीड़ित युवती की मेडिकल जांच सरायकेला सदर अस्पताल में करायी. वहीं युवती द्वारा बताए पांचों आरोपियों को बुधवार की रात उनके घर से गिरफ्तार कर लिया. पांचों से पूछताछ के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. एसपी ने कहा कि इस घटना से युवक-युवतियों को सबक लेनी चाहिए और ऐसी वारदात की पुनरावृत्ति न हो, इसे लेकर अलर्ट रहना चाहिए.

### भेजा जेल

- सभी आरोपियों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया
- एसपी डॉ बिमल कुमार बोले- सबक है राजनगर की घटना
- युवती अपने ब्वॉय फ्रेंड के साथ मंगलवार को निकली थी

### यौन शोषण का आरोपी प्रेमी भेजा गया जेल

**बेंगाबाद।** शादी शुदा प्रेमिका के साथ बंद कमरे में पकड़े गए प्रेमी युवक को जेल भेज दिया गया. प्रेमिका के आवेदन पर बेंगाबाद थाना में प्रेमी युवक के विरुद्ध यौन शोषण का मामला दर्ज किया गया है. पीड़िता ने दिए गए अवेदन में युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है. आरोपी युवक हसमत अंसारी बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खुटरीबाद का रहने वाला है. पीड़िता के आवेदन के आधार पर युवक के विरुद्ध बेंगाबाद थाना ने केस दर्ज करते हुए गुरुवार को जेल भेजा गया. जबकि पीड़िता को मेडिकल जांच हेतु सदर अस्पताल भेजा गया. बता दें कि पीड़िता की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व राजस्थान में हुई थी. शादी के एक महीने बाद ही उसका पति छोड़ कर विदेश चला गया. पीड़िता वापस अपने मायके बेंगाबाद के सोनबाद पंचायत स्थित अपने गांव लौट आयी थी.

# घर से वीमेंस कॉलेज के लिए निकली छात्रा लापता

**संवाददाता । जमशेदपुर**

आदित्यपुर के आरआईटी थाना अंतर्गत कुलपटांगा बस्ती की रहने वाली और बिष्टुपुर विमेंस कॉलेज की छात्रा दिव्या कुमारी गुरुवार सुबह से लापता है. इस संबंध में छात्रा की मां रीना देवी ने बिष्टुपुर थाना में लिखित शिकायत की है. अपनी शिकायत में उन्होंने बताया है कि सुबह उनकी बेटी कॉलेज जाने के लिए निकली थी.

लगभग 11:20 पर उनकी बेटी दिव्या ने फोन कर बताया कि कुछ लड़के उसे विमेंस कॉलेज के पास घेरे हुए हैं और वह कह रहे है कि यह तपन सिंह की बेटी है उसे उठा लो. इसके बाद से उनकी बेटी का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया. काफी प्रयास के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका. रीना देवी ने पुलिस से उनकी बेटी को ढूंढने में मदद करने की गुहार लगाई है.

रीना देवी ने बताया कि उनके पति तपन सिंह एक युवती से छेड़खानी के मामले में गवाह है. पूर्व से ही इसे लेकर विवाद चल रहा था. आज अचानक उनकी बेटी लापता हो गई. उन्होंने बताया कि कॉलेज के आसपास पता करने पर कुछ लोगों ने बताया कि उनकी बेटी सड़क पर दौड़ कर भागते हुए दिखाई दी थी. इधर, मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस छात्रा की तलाश में जुट गई है. वहीं परिजन भी अपने स्तर से छात्रा की तलाश कर रहे है. इस संबध में थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है. कॉलेज के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला गया है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** उधार सामग्री लेने से बचें. कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी बिलकुल न करें.

**वृषभ** दुष्ट व्यक्ति से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय बनी रहेगी. माता लक्ष्मी को गुलाब फूल अर्पण करें.

**मिथुन** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. कोई छोटा निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** भाई के सहयोग से कार्य बनेगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे. विवेक का प्रयोग करें. कार्य का लाभ में वृद्धि होगी.

**सिंह** किसी धार्मिक या पूजा में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है. समाज से जुड़े व्यक्ति को विशेष लाभ होगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. धनार्जन होगा.

**कन्या** समय उत्तम फल प्रदान करेगा. मानसिक संतुष्टि मिलेगी. विवाद को बढ़ावा न दें. कार्य को लेकर दौड़धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. आय में निश्चितता रहेगी. किसी अनजान कार्य में जोखिम न लें.

**तुला** खर्च की वृद्धि पर रोक आवश्यक है. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. समाज परिवार में मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. श्रृंगार का सामान दान करें.

**वृश्चिक** लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

**धनु** थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी. अन्न का दान करें.

**मकर** कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. कार्य नहीं बनने से मानसिक रूप से चिंता तथा तनाव रहेंगे. आय बनी रहेगी.

**कुंभ** कार्य नहीं होगा जिससे, तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेगी.

**मीन** समय उत्तम है. पर व्यापार में विशेष ध्यान दे. कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे. मिठाई का दान करें.

## फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का समापन

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में गुरुवार को विद्यालय के प्राइमरी विंग में आयोजित चार-दिवसीय फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का समापन हुआ. प्रतियोगिता में शामिल नन्हे छात्र-छात्राओं की मनोहारी वेशभूषा, उनकी सुंदर रूप-सज्जा आकर्षण का केंद्र रही, जो सहसा सभी का मन मोह ले रही थी. चार दिनों की अवधि में बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी. पहले दिन प्री-नर्सरी कक्षा के बच्चे अंग्रेजी के अक्षरों के साथ रैंप-वॉक करते और पशु-पक्षियों के वेश में नजर आए. इसके जरिए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण व वन्य-जीवों की रक्षा का संदेश दिया.

## डीसी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**पलामू ।** लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनज़र उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. अमानत नदी छठ घाट और चेयरमैन छठ घाट पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया. मौके पर उपायुक्त शशि रंजन के साथ मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक के साथ निगम के स्वच्छता दल मौजूद रहे. उपायुक्त ने नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा की और बेहतर साफ सफाई करने का निर्देश दिया. भीड़ वाले छठ घाटों पर पार्किंग स्थल बनाने को कहा. वहीं प्रमुख छठ घाट पर स्वागत गेट, वस्त्र बदलने के लिए अस्थाई कक्ष बनाने का निर्देश दिया.

## खानुडीह में सोहराई महोत्सव का आयोजन

**बाघमारा।** प्रखंड के खानुडीह पंचायत स्थित काली मंदिर के समीप झारखण्डी युवा समिति एवं झारखण्डी महिला समिति के तत्वावधान में गुरुवार के दिन सोहराइ महोत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन खानुडीह पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल महतो ने फीता काट कर किया. इस मौके पर खानुडीह पंचायत के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के वर्ष 2023 में मैट्रिक तथा इंटर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले करीब 50 छात्रा-छात्राओं एवं सामाजिक को सम्मानित किया गया.

**पर्व-प्रसंग : राजधानी में जोर-शोर से चल रही काली पूजा की तैयारियां**

# काली पूजा में दिखेंगे भव्य पंडाल







तरुण कुमार चौबे। रांची

शहर भर के विभिन्न पंडालों में आकर्षक और विभिन्न थीम पर काली पूजा पंडालों का निर्माण किया जा रहा है. केदारनाथ और मदुरै मंदिरों की प्रतिकृतियों से लेकर श्री लालपुर बाजार काली पूजा समिति की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे शहर में भव्य उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है. इस साल शहर में करीब 20 से अधिक जगहों पर पंडाल बनाया जा रहा है. सभी जगहों पर पंडाल निर्माण का काम अपने आखरी चरण में है. सभी पंडाल समिति इस बार कुछ अलग थीम पर पंडाल बना रहे है. इसके साथ कई स्थानों पर भंडारा समेत जागरण करने की तैयारी है. काली पूजा को लेकर शहर में विशेष तैयारी की जा रही है. कई स्थानों पर मेले समेत भव्य यात्रा की तैयारी की जा रही है.

**50वीं वर्षगांठ मना रहा है लालपुर बजार काली पूजा समिति :** इस बीच, लालपुर बाजार काली पूजा समिति अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रहा है. जिसमें लगभग 6 लाख का बजट से पंडाल को मंदिर बनाने तैयारी है. जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष अविनाश पांडे ने कहा कि मंदिर में भक्तों को अलौकिक अनुभव देने के लिए आकर्षक सजावट की जाएगी.

### 5 लाख से काल्पनिक मंदिर का पंडाल बनेगा

कचहरी चौक पर महानगर काली पूजा समिति इस वर्ष कल्पनाशील मंदिर बना रहा है, जिसका बजट लगभग पांच लाख रुपये है. समिति के मुख्य संरक्षक आलोक दुबे ने कहा कि शहर में बनाए जा रहे विभिन्न पंडालों में इस साल भव्यता पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें भारत के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करने की तैयारी है.

### डोरंडा में दिखेगा हिमाचल के प्राचीन शिव मंदिर का पंडाल

डोरंडा स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में 12 नवम्बर से 17 नवम्बर तक मां काली की पूजा का आयोजन किया जा रहा है. काली पूजा समिति द्वारा विशाल पंडाल का कराया जा रहा है. इस वर्ष समिति द्वारा हिमाचल के प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर का प्रारूप में पूजा पंडाल तैयार किया जा रहा है. पूजा पंडाल की लंबाई 14 फुट होगी और चौड़ाई 15 फुट होगी. पूजा पंडाल की दीवारों, सीलिंग और गुम्बजों में आकर्षक कलाकारी करके सजाया जा रहा है. इसके साथ समिति के द्वारा मेला का भी आयोजन किया जा रहा है. जिसमें विभिन्न प्रकार के विद्युत चालित झूले बच्चों के लिए रहेंगे. बच्चों के लिए फन जोन बनाया जा रहा है. इसके साथ मीना बाजार के साथ लजीज व्यंजनों के फूड कोर्ट का इंतजाम किया जा रहा है. आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, जिसमें विद्युत सज्जा, रंगीन फव्वारे लगाए जा रहे हैं. जबकि गांधी मैदान के संपर्क मार्गों में बड़े बड़े तोरण द्वार बनवाए जा रहे हैं. जिससे बिजली के बल्बों की सुंदर कलाकृतियों से सजाया जाएगा.

### कांके रोड में मदुरै मीनाक्षी मंदिर थीम पर पंडाल

मां भवानी क्लब काली पूजा समिति की ओर से मदुरै मंदिर की थीम पर पंडाल बनाया जा रहा है. पंडाल में बाबा विश्वनाथ की गंगा आरती से प्रेरित होकर महाआरती का आयोजन किया जाना है. समिति ने सड़क को सजाने के लिए सजावटी तोरणद्वार और साइड गेट लाइट की भी व्यवस्था की है. इसके साथ विद्युत सजावट के माध्यम से अयोध्या के श्री राम मंदिर का भव्य प्रदर्शन भी भक्तों कराने की तैयारी चल रही है. मां भवानी क्लब प्राकृतिक सुंदरता पर जोर देने और प्रदूषण मुक्त पंडाल बनाने के साथ, मदुरै मंदिर की थीम पर पंडाल बनाकर लोगों का ध्यान खींचने की तैयारी कर रहा है. इस वजह से निश्चित रूप से वहां आने वाले सभी लोगों को आकर्षित होंगे. इसके साथ समिति द्वारा चार दिवसीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदर्शनी से लेकर भंडारा, जागरण और शोभा यात्रा शामिल है.

**आओ जानें**

## पांडेश्वर नाथ महादेव, दुमका

**परिचय-** दुमका जिले में अवस्थित पांडेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तो है ही, उतना लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है.

**स्थान-** बासुकीनाथ मंदिर से मात्र 18 किलोमीटर की दूरी पर पश्चिम-उत्तर दिशा में स्थित पांडेश्वरनाथ मंदिर एवं पांडेश्वरनाथ पहाड़ यात्रियों के लिए धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है. यहां आने वाले श्रद्धालु तीर्थाटन के साथ पर्यटन का भी भरपूर लुत्फ उठाते हैं.

**स्थिति-** पांडेश्वरनाथ मंदिर में लोग भोलेनाथ के पूजन के बाद यहां के रमणीक दृश्यों के साथ पांडेश्वरनाथ पहाड़ एवं प्राकृतिक छटाओं का भी आनंद लेते हैं. पांडेश्वरनाथ क्षेत्र में ऐसे तो सालों भर यात्रियों व पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन प्रत्येक माह के पूर्णिमा, सोमवारी, महाशिवरात्रि के अलावा नववर्ष पर भी यहां भक्तों की काफी भीड़ जुटती है. पांडेश्वरनाथ पहाड़ एवं पांडेश्वरनाथ पहाड़ के पश्चिमी छोर पर स्थित प्राचीन गुफा भी दर्शनीय है. यहां पांडेश्वरनाथ पहाड़ की प्राकृतिक सुषमा और हरीतिमा का आनंद भी उठाया जा सकता है. पांडेश्वरनाथ मंदिर के गर्भगृह एवं मंदिर प्रांगण में स्थित प्राचीन काल के भग्नावशेषों और प्रस्तर कलाकृतियों और प्राचीन प्रतिमाओं का भी दर्शन अविस्मरणीय है.

**विकास-** इस तीर्थ एवं पर्यटन स्थल के विकास की कवायद सरकार की ओर से प्रारंभ कर दी गयी है. सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के प्रयासों से यहां आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए एक पार्क व विवाह मंडप का निर्माण कराया गया है. जिला प्रशासन द्वारा पांडेश्वरनाथ मंदिर के इलाके को आर्कियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया की टीम से सर्वे कराकर विकास कराने का निर्णय लिया गया है. यहां पांडव के नाम से ऐतिहासिक महत्व के पांच तालाबों और द्रौपदी झरना का जीर्णोद्धार कराने की भी योजना है.

**इतिहास-** पांडेश्वरनाथ मंदिर महाभारत कालीन ऐतिहासिक धरोहर है. जानकार लोगों का कहना है कि पांडेश्वरनाथ मंदिर वनवास के दौरान पांडवों का निवास स्थल रहा है.



## गोवर्धन पूजा को लेकर हीरोडीह में हुई बैठक

**जयनगर(कोडरमा).** जयनगर प्रखंड के हीरोडीह सार्वजनिक पूजा समिति द्वारा गोवर्धन पूजा की तैयारी को लेकर पूजा प्रांगण में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता दिनेश यादव ने की. बैठक में गोवर्धन पूजा के अवसर पर 15 नवम्बर को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया. व्यवस्थापक दिनेश यादव एवं मीडिया प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने संयुक्त रूप जानकारी देते हुए बताया कि 15 नवम्बर को भोजपुरी स्टार गायक चंदन यादव एवं प्रीति तिवारी का कार्यक्रम निर्धारित है. शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक ज्ञापन देकर विधि व्यवस्था के लिए पुलिस जवानों को तैनात करने की मांग की जायेगी.

## बरकाकाना में मनाया गया विश्व उर्दू दिवस

संवाददाता। रामगढ़



अंजुमन फ़रोग उर्दू ने विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर आज़ाद पब्लिक स्कूल हेहल में बच्चों के लिए उर्दू लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका आयोजन रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड इकाई द्वारा किया गया. इसके प्रमाण पत्र वितरण के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता 10 से 15 वर्ष के बच्चों को जूनियर ग्रुप में तथा 16 से 20 वर्ष के बच्चों को सीनियर ग्रुप में रखकर लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. सीनियर में प्रथम आशियाना बानो, द्वितीय कातिबून परवीन, तृतीय नाजमीन निशा और चतुर्थ एहसान मदनी. जूनियर में साजिया परवीन,द्वितीय फलक यास्मीन, तृतीय गौसिया नाज ने प्राप्त किया. समारोह की अध्यक्षता अधिवक्ता दिलदार हुसैन ने की और प्रोफेसर शाहनवाज खान ने निजामत का फर्ज अदा किया. मुख्य अतिथि के रूप में जुबली कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर डॉ. मंजूर अहमद बेग ने कहा कि आज भी दुनिया के कई देशों और क्षेत्रों में उर्दू व्यापक रूप से बोली और लिखी जाती है. विशिष्ट अतिथि अंजुमन फरोग उर्दू के केंद्रीय सचिव ग़ालिब नशतर ने कहा कि उर्दू हिंदुस्तान की दूसरी बड़ी जुबान है. संचालन अंजुमन फरोग उर्दू उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी प्रोफेसर शाहनवाज खान ने किया.

## अर्जुन मुंडा करेंगे पूजा पंडाल का उद्घाटन

संवाददाता । आदित्यपुर

### रजत जयंती पूरा होने पर कमेटी की तैयारी जोरों पर



एमआईजी-एलआईजी-जनता रो हाउस सार्वजनिक काली पूजा समिति के काली पूजा पंडाल का उद्घाटन 11 नवंबर की शाम छह बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के हाथों सम्पन्न होगा. उद्घाटन के पश्चात भजन संध्या का आयोजन होगा. साथ ही 1000 गरीबों में कंबल वितरित किया जाएगा. वहीं 14 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुपमा यादव और प्रियंका सिंह भास्कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी. इस बार कमेटी 25वां साल पर रजत जयंती मना रहा है. जिसे यादगार बनाने के लिए एक लक्की ड्रा का आयोजन रखा गया है. जिसके माध्यम से एक स्कूटी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाएगा. इस लक्की ड्रा का कूपन कमेटी के सदस्य 10 हजार रुपये चंदा देकर प्राप्त कर सकते हैं. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी वार्षिक पत्रिका का विमोचन हो रहा है. जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद मनोज तिवारी, गिरिराज सिंह, सरयू राय आदि का शुभकामना संदेश प्रकाशित होगा. रजत जयंती समारोह के आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अधिवक्ता समरेंद्र प्रताप सिंह, संजय पांडेय आलोक कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार, नरेंद्र चौधरी, प्रभाकर शर्मा, देवेंद्र प्रसाद, सुमित कुमार, रवि कुमार, दिलीप पाठक, सिमरन मेहरा, प्रभाकर कुमार सिंह, सुधीर चौधरी आदि जी जान से लगे हैं.

## दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता। कोडरमा



सेक्रेड हार्ट स्कूल में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस की छात्राओं ने हिस्सा लिया. यह प्रतियोगिता सीसीए इंचार्ज हंसपाल कुमार की देखरेख में हुई. प्रतियोगिता में आकाश हाउस को प्रथम, पवन हाउस को द्वितीय और पानी हाउस को तृतीय स्थान मिला. निर्णायक की भूमिका अभिलाष सिंह और दीक्षा सिंह ने निभाई. रिजल्ट की घोषणा एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने की. इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि बच्चों के द्वारा अलग-अलग थीम पर जो रंगोलियां बनाई गई है वह काफी सराहनीय है. प्रतियोगिता में अभिलाषा कुमारी, नंदनी कुमारी, निशा राज, ऋषिका कुमारी, एंजेल भारती, साक्षी राज, सृष्टि कुमारी, वैष्णवी शिवप्रिया, अंशिका सिंह, रिद्धिमा कुमारी, निशा कुमारी, आकांक्षा गुप्ता, खुशी कुमारी, प्रेरणा कुमारी, फरहाद, तन्वी कुमारी, मिस्टी, ऋषिका, आशा कुमारी, खुशी कुमारी, पायल सोनी की सराहनीय प्रस्तुति रही. प्रतियोगिता के विजेता आकाश द्वारा इस विषय पर रंगोली बनाई गई थी कि 21वीं सदी में भारत ने हर क्षेत्र में आशातीत सफलता अर्जित की है, किंतु आज भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं. उन पर लगातार जुल्म और अत्याचार हो रहे हैं. इस रंगोली को काफी साराहा गया. इस मौके पर दीपक सर्राफ, सीमा जैन, राकेश पांडेय, पायल सिंह सहित कई शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे.

## श्याम मंदिरों में मनायी गयी रंभा एकादशी

संवाददाता। रांची



राजधानी स्थित दोनों श्याम मंदिरों में गुरुवार को रंभा एकादशी पर्व धूमधाम से मनाया गया और दीपावली पूजन अनुष्ठान प्रारंभ कर दिया गया. इस अवसर पर दोनों मंदिरों में प्रातः 5.00 बजे ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी. हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश सहित सभी देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार-पूजन के साथ नवीन बागा धारण कराया गया.

श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि कार्तिक मास की रम्भा एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू डॉली अग्रवाल ने परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा विभिन्न फल केसरिया दूध रबड़ी नारियल मगही पान आदि का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सांनिध्य में तीन घंटे का भजन संकीर्तन व संगीतमय भजन का कार्यक्रम हुआ। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि 11 नवंबर को 86वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा, जबकि 12 नवंबर को श्री श्याम मंदिर परिसर में दीपावली उत्सव मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है.

दूसरी ओर अग्रसेन पथ स्थित श्रीश्याम मंदिर में रंभा एकादशी पर्व के अवसर पर विशेष अनुष्ठान किये गये एवं भजन-कीर्तन से मंदिर गूंजता रहा. इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को विभिन्न रंगों के विद्युत की लड़ियों एवं शुद्ध घी के दीयों से रोशन किया गया. श्री श्याम मंडल की ओर से देवी-देवताओं के श्रृंगार और पूजन के बाद देर रात तक भजन कीर्तन होता रहा. कार्यक्रम के आयोजन में रमेश चन्द्र सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनीयां, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, नितेश केजरीवाल, गौरव परसरामपुरिया, विकाश पाड़िया, जीतेश अग्रवाल, अजय साबू का सहयोग रहा.

## बरियातू में काली पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन हुआ



**रांची।** बरियातू हाऊसिंग कॉलोनी स्थित विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति की ओर से सीता राम मंदिर के समीप पंडाल का भूमि पूजन मुख्य संरक्षक संजय मिनोचा के द्वारा किया गया. भूमि पूजन में पूरे श्रद्धा व विश्वास के साथ मां काली को याद करते हुए पंडाल का भूमि पूजन किया गया. मौके पर विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति के राणा रणधीर, रोहित यादव (मोनु), संजीव मिश्रा, बृजेश कुमार, सनोज कुमार, रतन भैया, लालू, मुकुल प्रसाद, संतोष सिन्हा, अनिर्बन सिन्हा, संदीप सिन्हा, बादल सिंह, पिंटू सिंह, अरविंद यादव, कल्याण दास, पुष्प, आशीष कुमार आदि शामिल थे.

**धरोहर** सोवालडीह के दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में मां के चरणों में है पाताल लोक का पत्थर

# चार सौ वर्षों से जहां निरंतर जल रही है अखंड ज्योति

राम कुमार पांडेय। कतरास





बाघमारा प्रखंड के कुमारजोरी पंचायत के सोवालडीह में स्थित चार सौ वर्षों से अधिक पुराने दक्षिणेश्वर मां काली की मंदिर में असीम शक्ति का वास है. मंदिर जितना पुराना है, इसका रहस्य भी उतना ही अद्भुत है. स्थापना काल से ही मंदिर में दिन-रात अखंड ज्योति जलती रहती है. इतना ही नहीं, मंदिर के अंदर मां की प्रतिमा के चरणों के समीप एक रहस्यमय पत्थर है, जिसे पाताल लोक का पत्थर कहा जाता है.

गांव के बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि वर्षों पूर्व मां के चरणों के समीप पड़े पत्थर को देखकर कुछ लोगों ने खुदाई कर हटाने का प्रयास किया. कई दिनों तक खुदाई का सिलसिला चलता रहा. पत्थर को हटाने के उद्देश्य से गहराई मापने के लिए खुदाई की गयी. कई यंत्रों से भी इसकी गहराई का अंदाजा लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन पत्थर के अंतिम छोर का आज तक पता नहीं चल सका है. तबसे इस पत्थर को लोग पाताल लोक का पत्थर कहने लगे. मंदिर की स्थापना वर्षों पूर्व पंडित घनश्याम शुभकार ने की थी. लोग बताते हैं कि दक्षिणेश्वरी काली मंदिर अपनी अलौकिक व अद्भुत शक्तियों के कारण लोगों के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है. यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद मां काली चमत्कारी रूप से पुरी करती है. आज तक इस मंदिर से कोई भी व्यक्ति निराशा होकर नहीं लौटा है. यहां न सिर्फ झारखंड, बल्कि बंगाल, बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश सहित अन्य जिलों के श्रद्धालु हजारों की संख्या में पर मां के अनुष्ठान में भाग लेने को पहुंचते हैं.

### टाटा की नौकरी छोड़ कर बन गए पुजारी

मंदिर के पुजारी सनातन शुभकार ने बताया कि मां की अपरंपार महिमा को देखते हुए वर्ग 2012 में उन्होंने टाटा की नौकरी छोड़ दी और मां की सेवा में लग गये. इस मंदिर में मां काली की विशेष शक्ति वास करती है. आम दिनों में भी श्रद्धालु मां का दर्शन करने पहुंचते हैं, लेकिन अमावस्या काली पूजा के दिन यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है हर वर्ष पूजा के बाद श्रद्धालु बकरों की बलि देते हैं. मुरादें पूरी होने के बाद श्रद्धालु मंदिर के पास स्थित तालाब में स्नान कर दंडवत देते हुए यहां पहुंचते हैं और पूजा अर्चना करते हैं.

# दिशोम सोहराय 26 को, तैयारी शुरू

संवाददाता। जमशेदपुर





आदिवासी यूथ क्लब की ओर से करनडीह स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 26 नवंबर को दिशोम सोहराय का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए क्लब द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है. इसके साथ ही यहां 47वां वार्षिक बुल शो एग्जिबिशन भी आयोजित होगा. इसमें दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र से लोग अपने-अपने बैलों के साथ शामिल होंगे. बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैलों के मालिक को पुरस्कृत किया जाएगा. प्रथम पुरस्कार 2501 रुपया, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपया, तृतीय पुरस्कार 1501 रुपया, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपया और पांचवां पुरस्कार 701 रुपये दिया जाएगा. वहीं, प्रोत्साहन राशि 400 रुपये दिए जायेंगे. आदिवासी समाज के लोग सुबह से ही खुटांव पर्व की तैयारी में जुटे रहेंगे. दोपहर दो बजे से बुल एग्जीबिशन होगा. बता दें कि हर साल यहां मिस्टर एंड मिस आदिवासी प्रतियोगिता भी होती थी.

### बुल शो देखने के लिए जुटते हैं ग्रामीण

बुल फाइटिंग की तर्ज पर 'बुल शो' का आयोजन किया जाता है. संताल समुदाय में इस आयोजन को 'खुंटव' कहा जाता है तो हो आदिवासी इसी आयोजन को 'बांदना पोरोब' कहते हैं. खुंटव को संताल समुदाय में बैलों के साथ किसानों की खास नृत्य कला के रूप में जाना जाता है. बैलों का खास श्रृंगार किया जाता है और उन्हें खूंटा गाड़ कर बांध दिया जाता है. इसके बाद बैलों को नचाने के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति, जिसे 'चारहावबीर' कहा जाता है, वह बैल को नगाड़े और मांदर की गूंज के बीच सूखे चमड़े की बनी चादर दिखा कर बैल को उकसाने का प्रयास करता है.

# सज गए हैं बर्तन के बाजार

धनतेरस को लेकर बर्तन के बाजार सज गए हैं. स्टील, कांसा, पीतल और अन्य धातुओं के हर तरह के बर्तन बाजार में उपलब्ध हैं. लेकिन दुकानदारों की जुबान और चेहरों पर न तो बर्तन की खनक और न ही उसकी चमक दिखाई दे रही है. ज्यादातर दुकानदार उम्मीद लगाए बैठे हैं कि बाजार अच्छा ही होना चाहिए. पर भारी मन से यह भी कहते हैं कि बाजार में भीड़ तो है पर खरीददार कम हैं. इसकी वजह वे महंगाई और ऑनलाइन खरीददारी का असर बता रहे हैं. पर इतना तो तय है कि शगुन के नाम पर हर घर में कुछ न कुछ खरीददारी तो होगी ही. धनतेरस पर खासकर पूजा में इस्तेमाल होने वाले पीतल, कांसा के बर्तनों की ज्यादा मांग रहती है.इसे देखते हुए इस तरह के ज्यादा बर्तन बिक्री के लिए बाजार में दिख रहे हैं. संदेह नहीं कि इस बार चीजें पिछली बार से कुछ महंगी है. हाल के दिनों में खाने पीने से लेकर करीब-करीब सभी सामान के दाम बढ़े हैं. इसलिए दुकानदार भी यह कहते नहीं चूकते कि मार्केट थोड़ा टाइट चल रहा है. मतलब इस समय हर चीज थोड़ी महंगी चल रही है. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में बर्तन बाजार से जुड़ी जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट.

**महंगाई की मार और ऑनलाइन मार्केटिंग का असर**

# भीड़ है, पर खरीदार कम




# बाजार में करीने से सजे हैं स्टील, पीतल, कांसा और अन्य धातुओं के सभी सामान

## दुकानदार उम्मीद लगाए बैठे हैं

### जमशेदपुर



**इस बार बर्तनों के दाम में हुई है थोड़ी बढ़ोतरी : सुबोध**

बर्तन विक्रेता सुबोध कुमार शर्मा ने बताया कि धनतेरस को लेकर कोई खास उत्साह लोगों में नजर नहीं आ रहा है. धनतेरस व छठ के लिए विशेष तौर पर बर्तन मंगवाए हैं, जिनकी बिक्री बेहतर होने की उम्मीद है. धनतेरस में पीतल के सामानों की मांग ज्यादा रहती है. इस बार उनकी तरफ से ग्राहकों को हर खरीद पर मिठाई के पैकेट व चम्मच फ्री दिए जाएंगे. बर्तनों के दाम पहले की तुलना में काफी बढ़ गए हैं.



**धनतेरस पर मंगाए गए हैं बर्तन के नए-नए कलेक्शन : राजू**

परसुडीह के शांति मेटल दुकान के मालिक राजू दास ने बताया कि इस बार बाजार काफी बेहतर रहने की उम्मीद है. धनतेरस को लेकर उनकी तरफ से काफी तैयारी की गई है. नए-नए बर्तन के कलेक्शन मंगाए हैं. उनके यहां सबसे ज्यादा स्टील के बर्तनों की डिमांड रहती है. लोग धनतेरस पर मिक्सी, कुकर व रसोई घर में रखने के लिए बर्तन स्टैंड की खरीदारी ज्यादा करते हैं. इस बार बाजार अच्छा रहने की संभावना है.



**ऑनलाइन शॉपिंग से सबका धंधा पड़ गया है मंदा : मनीष दास**

सपन मेटल स्टोर के मनीष दास ने बताया कि बाजार काफी हल्का है. हर बार इस समय से बर्तनों की बिक्री शुरू हो जाती थी. ज्यादातर लोग ऑनलाइन सामानों की खरीदारी कर ले रहे हैं, जिस कारण दुकानदारों की स्थिति खराब हो गई है. कांसा व पीतल के बर्तनों की बिक्री धनतेरस पर ज्यादा होती है. उनके दुकान में हर प्रोडक्ट पर छूट दी जा रही है. इस बार बाजार ठीक रहने की उम्मीद है. ग्राहकों का इंतजार हो रहा है.



**पहले जैसा बाजार नहीं, पर हो रही खरीददारी : सुभाष**

खटीक बर्तन शॉप के सुभाष ने बताया कि पहले जैसा बाजार नहीं रह गया है. हालांकि लोग भीड़भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले ही बर्तनों की खरीदारी कर ले रहे हैं. कुछ लोग अभी से ही बर्तनों की बुकिंग कर चुके हैं और डिलीवरी धनतेरस के दिन लेंगे. पूजा के बर्तनों की बिक्री इसमें ज्यादा होती है. वहीं चम्मच भी कई लोग खरीदते हैं. पहले जैसा बाजार नहीं है, परंतु कुछ पुराने बंधे हुए कस्टमर हैं, जो उनकी दुकान में हर साल आते हैं.

### धनबाद



**स्टील और तांबे के बर्तनों की हो रही बिक्री : गोविन्द**

बर्तन व्यवसायी गोविन्द मित्तल बताते हैं की पीतल, तांबा और कांसा के बर्तनों की विशाल रेंज बाजार में उपलब्ध है. स्टील के अलावा पीतल के बर्तन सेट भी बिक रहे हैं. नक्काशी किये गये बर्तनों व ओवेन टोस्टर ग्राइडलर की भी डिमांड है. आकर्षक लुक के बर्तन काफी पसंद किये जा रहे हैं. पीतल के लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति भी बिक रही है. तांबा की बोतल व जग भी ग्राहकों को पसंद आ रहे हैं. स्टील के कुकर की कीमत अधिक है लेकिन फिर भी ग्राहकों की यह पहली पसंद है.



**टॉप ग्लास, चूल्हा मिक्सर ग्राइंडर डिमांड में : गौरव**

बर्तन व्यवसायी गौरव कुमार बताते हैं कि टॉप ग्लास चूल्हा, मिक्सर ग्राइंडर डिमांड में हैं. पीतल व स्टील में डिजाइन बर्तन को भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं. बाजार में स्टील व पीतल का बर्तन सेट भी उपलब्ध हैं. पांच हजार से लेकर 15 हजार तक बाल्टी व ड्रम सेट बाजार में उपलब्ध हैं. इसके अलावा 58 पीस का पीतल का बर्तन सेट 25000 रुपये तक की रेंज में उपलब्ध है. पीतल की मूर्ति 300 से लेकर 15000 रुपये तक बाजार में उपलब्ध है.



**धनतेरस पर कई राज्यों से मंगाए जाते हैं बर्तन : आयुष**

व्यवसायी आयुष चौरसिया का कहना है कि धनतेरस को लेकर धनबाद में कई शहरों से बर्तन मंगाये जाते हैं. हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, यूपी, राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडू से बर्तन धनबाद मंगाये गये हैं. कीमत की बात करें तो पीतल 750 से 850 रु किलो, कांसा 800 से 1000 रु किलो, स्टील 300 से 500 रु किलो बिक रहा है.

### रांची



**दुकानों में जुटने लगी है ग्राहकों की भीड़**

राजधानी रांची में धनतेरस पर बर्तन के बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है. लोग अपनी पसंद की खरीददारी कर रहे हैं. स्टील, पीतल, कांसे के हर तरह के बर्तन बाजार में उपलब्ध हैं. चर्च रोड़, अपर बाजार, लालपुर चौक, रातू रोड, हरमू रोड, डोरंडा की दुकानें ग्राहकों के इंतजार में सज गए हैं. पूजा के बर्तन लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं. इस मौके पर ज्यादातर लोग पूजा के बर्तन खरीदना पसंद करते हैं. इलेक्ट्रानिक सामान के दुकानों में भी खरीददारों की भीड़ देखी जा रही है. कोरोना काल के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में दुकानें लगी है. रातू रोड में इस समय एलिवेटेड ब्रिज का काम चल रहा है. इसके बावजूद बर्तन के बाजार सजे हैं. धनतेरस के बर्तन बाजार पर दुकानदारों का कहना है कि इस समय महंगाई का दौर है. जिसका असर बाजार पर देखा जा रहा है. साथ ही ऑनलाइन के चलन की वजह से भी बाजार में ग्राहक कम आ रहे हैं. पर यह एक शुभ रस्म है. इसलिए लोग कुछ न कुछ तो खरीददारी करेंगे ही.




### चाईबासा



**धनतेरस, छठ को लेकर बाजार में रौनक : विष्णु हरि**

धनतेरस और छठ को लेकर बर्तनों के बाजार में रौनक दिख रही है .ज्यादातर बर्तन के विक्रेता इन त्योहार को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्हें अच्छे कारोबार होने की भी उम्मीद है. धनतेरस और छठ पर्व पर उन्हें कांसे और पीतल के बर्तनों के बिक्री की उम्मीद ज्यादा है. श्री कृष्णा बरतन भंडार के प्रोपराइटर विष्णु हरि चिरानिया ने बताया कि बर्तन का बाजार अच्छा रहेगा.



**कांसा और पीतल के वर्तनों की मांग रहती है : किशोर प्रसाद**

बर्तन विक्रेता युगल किशोर प्रसाद ने बताया कि इन दोनों पर्वों में कंसा और पीतल दोनों की मांग रहती है जबकि धनतेरस में आदिवासी समाज के लोग स्टील और कांसे के बर्तनों की ज्यादा मांग करते हैं . साथ ही साथ कंसा के बर्तन की भी खरीदारी करते हैं. इसलिए दोनों पर्वों को देखते हुए इस बार भी पिछले वर्ष की तरह ही कारोबार होने की संभावना है. बर्तन की बिक्री में किसी भी प्रकार की छूट खरीदारों को नहीं दी जाती है.



**बिक्री का बाजार पिछले साल की तरह ही रहेगा : मृत्युंजय**

बर्तन के विक्रेता मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इस साल भी बर्तन की बिक्री का बाजार पिछले साल की तरह ही रहेगा. बाजार कितना अच्छा बाजार रहेगा यह धनतेरस के बाजार के ऊपर बहुत ज्यादा निर्भर करेगा. इस बार बाजार में लोगों की भीड़ तो दिख रही है, पर उनमें खरीददार काफी कम हैं.उम्मीद की जा रही है कि शुक्रवार को दुकानों में लोगों की भड़ी जुटेगी. वैसे महंगाई का असर भी देखा जा रहा है

### चंदवा



**धनतेरस बाजार में इस बार महंगाई हावी : शिव शंकर प्रसाद**

इंदिरा गांधी मुख्य चौक चंदवा के समीप जिलापरिषद कांप्लेक्स में एक छोटी सी शिव जी बर्तन दुकान है. इसके मालिक शिव शंकर प्रसाद धनतेरस और दिपावली पर बर्तन की दुकान दारी के संबंध में कहते हैं कि इस समय महंगाई हावी है. बाजार अच्छा रहने की उम्मीद नहीं है. ऐसे समय में खरीददार बहुत ही सोच समझकर खर्च करते हैं . फिर भी धनतेरस पर इस छोटी सी दुकान से मेरे द्वारा दस बारह हजार का माल बेचे जाने की उम्मीद है.



**स्टील के बर्तनों की डिमांड,पर महंगाई का असर : सुरेंद्र**

बड़ा चौक स्थित बर्तन बाजार में दुकान चलाने वाले सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि बर्तन बाजार पर महंगाई का खास असर दिख रहा है. ज्यादा स्टील बर्तन की डिमांड रहती है. धनतेरस में कुछ न कुछ खरीदना है और स्टील सबसे किफायत होती है. अन्य दिनों में रोजाना चार-पांच हजार का बाजार रहता है. पर धनतेरस के दिन बाजार में सबसे ज्यादा रौनक रहती है. बिक्री भी जमकर होती है. बताया कि 70000 से 1 लाख तक की बिक्री धनतेरस के दिन ही हो जाती है.

### गिरिडीह



**धनतेरस में बिक्री की कोई सीमा नहीं होती है : वासुदेव**

बर्तन बाजार में वासुदेव बर्तन दुकान के नाम से दुकान चलाने वाले वासुदेव ठठेरा ने कहा कि धनतेरस की बिक्री की कोई सीमा नहीं होती. इसी प्रकार का बाजार छठ के दौरान भी रहता है. उन्होंने बताया कि इस बार मलमास के कारण छठ में नए वर्तनों का काम नहीं होगा. अधिकतर का काम पुराने बर्तन से ही होगा. कहा कि धनतेरस का बाजार ठीक-ठाक रहेगा. पर छठ में नए बर्तन की बिक्री पहले जैसी नहीं होगी.



**सबसे ज्यादा बिक्री स्टील के बर्तनों की होती है : टिंकू कुमार**

टिंकू बर्तन दुकान के संचालक टिंकू कुमार ने कहा कि धनतेरस को ही जमकर बिक्री होती है. बाजार लाख से ऊपर का होता है. कहा कि शुक्रवार से भीड़ लगेगी. स्टील सहित कांसा, पीतल की बिक्री अधिक होती है, पर सर्वाधिक बिक्री स्टील बर्तनों की होती है. टिंकू ने कहा कि इस बार धनतेरस का बाजार बेहतर रहने की उम्मीद है. छूट के नाम पर ऐसे कुछ नहीं दी जाती, मोल भाव में कुछ कम ज्यादा हो जाती है.



**ऑनलाइन मार्केटिंग से बाजार प्रभावित हुआ है: प्रवीण**

मेन रोड के दीपक किचनवेयर के प्रवीण प्रसाद ने कहा कि बाजार में भीड़ तो है, लेकिन दुकानों मे ग्राहक नहीं हैं. ऑनलाइन मार्केटिंग ने हम लोगों का धंधा चौपट कर दिया है. वैसे भी कोरोना काल के बाद बाजार में मंदी है. इस बार भी धनतेरस में उन्होंने पूरा स्टॉक रखा है. उनके प्रतिष्ठान बतनों की पूरी रेंज उपलब्ध है. स्टील, कांसा व पीतल के हर दाम व डिजायन के बर्तन उनके यहां उपलब्ध हैं.

### लातेहार



**मिक्सी से लेकर एयरकंडिशन तक उपलब्ध हैं : राजेश**

थाना चौक के राधा सेल्स के राजेश प्रसाद ने कहा कि उनके प्रतिष्ठान में मिक्सी और मोबाइल से लेकर एयरकंडिशन तक एक ही छत में उपलब्ध हैं. हर एक कंपनी की फ्रीज व टीवी उनके प्रतिष्ठान में उचित मूल्य पर उपलब्ध है. इसके अलावा कम डाउन पेमेंट में फिनायंश की भी सुविधा है. कई इलेक्ट्रानिक्स सामानों में आकर्षक छूट और उपहार भी हैं. धनतेरस पर उन्होंने पूरी रेंज रखी गई है.



**बाजार में पसरी है मंदी, हो रही सिर्फ रस्म अदायगी : टिंकू**

मेन रोड के कीचन किंग के संचालक टिंकू गुप्ता ने कहा कि बाजार में मंदी है, उस पर महंगाई का भी असर है. इस कारण लोग अब पर्व त्यौहारों में सिर्फ रस्म अदायगी करते हैं. हालांकि उन्होंने धनतेरस पर बर्तन एवं किचन एपलाइसेंस की पूरी रेंज रखी है. हर प्रकार के स्टील व पीतल के बर्तनों के अलावा गैस चूल्हा, इंडक्शन व अन्य बिजली के उपकरण उचित व रियायत मूल्य पर उपलब्ध हैं.

### हजारीबाग



**धनतेरस के लिए पूरी तरह तैयार है बाजार: राजेश कुमार**

हजारीबाग जिले में धनतेरस को लेकर बाजार सज गए हैं. झंडा चौक ,पंचमन्दिर और मेनरोड की दुकानों में ऑफर दिए जा रहे हैं. पंच मंदिर रोड स्थित सागर बर्तन दुकान के संचालक राजेश कुमार ने बताया कि धनतेरस के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है. इस वर्ष 15000 रुपए में राम दरबार का एक मंदिर लाया गया है. यह अनोखा प्रोडक्ट है.दीपावली के बाद छठ पूजा से उम्मीदें के सवाल पर मानना है कि जिनके घर में पूजा होती है उनके पास पहले से ही पीतल के बर्तन होते हैं जो कई सालों तक चलता है.

### चक्रधरपुर



**धनतेरस पर पूजा के बर्तनों की रहती है ज्यादा डिमांड : पप्पू**

धनतेरस पर सोने चांदी के आभूषणों के साथ साथ लोग बर्तनों की भी खरीदारी करते हैं.धनतेरस को लेकर चक्रधरपुर में बर्तनों का भी बाजार सज चुका है.शहर के गुदड़ी बाजार स्थित बर्तनपट्टी में लगभग एक दर्जन बर्तनों की दुकान हैं.जहां स्टील, एल्युमिनियम, पीतल, कांसा के तरह तरह के बर्तन बिक्री के लिए सजाए गए हैं.चक्रधरपुर बर्तनपट्टी के बर्तन विक्रेता पप्पू कुमार ने कहा कि धनतेरस पर खासकर पूजा में इस्तेमाल होने वाले पीतल, कांसा के बर्तनों की ज्यादा मांग रहती है.



**पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बाजार फीका : राजीव**

चक्रधरपुर के बर्तन विक्रेता राजीव कुमार ने कहा कि पिछले साल की तुलना इस वर्ष बर्तन का बाजार फीका लग रहा है.उन्होंने कहा कि धनतेरस के एक सप्ताह पहले से बाजार में चहल पहल रहती थी,लेकिन इस वर्ष बाजार में सन्नाटा सा माहौल बना हुआ है.धनतेरस पर बाजार की स्थिति कैसी रहेगी, यह बताना संभव नहीं है.उन्होंने कहा कि धनतेरस पर लोग चम्मच, कटोरी इत्यादि से लेकर अपने बजट के हिसाब से छोटे-बड़े बर्तन अवश्य रूप से खरीदारी करते हैं.

### घाटशिला



**बर्तन के सभी सामान में 50 प्रतिशत की डिस्काउंट: जयंत**

घाटशिला मुख्य बाजार स्थित घर संसार बर्तन दुकानदार जयंत किशोर ने बताया कि धनतेरस को लेकर बाजार तैयार है. उन्होंने बताया कि घर संसार दुकान में प्रतीक सामान पर 50 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है .इसके अलावा भी 5000 से ऊपर की खरीदारी पर अलग-अलग गिफ्ट पैकेज धनतेरस को लेकर तैयार किया गया है. उन्होंने बताया कि 5000 की खरीदारी पर एक आयरन फ्री. 10000 की खरीदारी पर एक मिक्सी ग्राइंडर फ्री. तथा 15000 की खरीदारी पर मिक्सी ग्राइंडर एवं कुकर फ्री मिलेगा.



**इस वर्ष धनतेरस में अच्छे बाजार के संकेत : गोपाल भट्टाचार्य**

घाटशिला मुख्य बाजार स्थित मात्री भंडार बर्तन दुकान के संचालक गोपाल भट्टाचार्य ने कहा कि इस वर्ष धनतेरस में अच्छे बाजार के संकेत हैं. सोने, चांदी, इलेक्ट्रॉनिक तथा इलेक्ट्रिकल्स के अलावा बर्तन का बाजार भी सबसे बेहतर होगा. गोपाल ने बताया कि उनकी दुकान में कोई खास ऑफर नहीं रखा गया है. परंतु एक्सचेंज ऑफर के अलावा खरीदारी पर अलग से डिस्काउंट दी जाएगी. उन्होंने कहा कि स्टील के सामान में सबसे कम 400 रुपया प्रति किलो की दर से शुरू है.

### किरीबुरु



**अभी तक ग्राहकों का रुझान नहीं दिख रहा है : मो. मिनहाज**

मेन मार्केट के बर्तन दुकानदार मो. मिनहाज उर्फ सोनु ने बताया कि सभी तरह के नये मौडल व डिजाइन के बर्तन लाए गए हैं. लेकिन अभी तक ग्राहकों का कोई रुझान नहीं दिख रहा है. उन्होंने बताया की महंगाई व बेरोजगारी मुख्य बजह है. सारंडा पहले से बेरोजगारी व पलायन का दंश झेल रहा है. लोगों के पास पैसे नहीं हैं. ऐसे भी धनतेरश 10 नवम्बर को है. उम्मीद है कि उस दिन कुछ ग्राहकों अवश्य खरीददारी के लिए आयेंगे. लेकिन अभी तक बर्तन का बाजार काफी मंदा है और समान फंसने की पूरी संभावना है.



**अगर बाजार ठीक नहीं रहा तो पूंजी फंस जाएगी : नवल**

बर्तन दुकानदार नवल भगत ने कहा कि धनतेरश 10 नवम्बर को है. कुछ पूंजी फंसाकर बर्तनों की दुकान हम लगा दिये हैं. उम्मीद है कि धनतेरश के दिन पुरानी परम्परा का पालन करते हुये ग्राहक घर से निकलकर खरीददारी करने दुकानों में आएंगे. अगर बाजार ठीक नहीं रहा तो काफी पूंजी फंस जायेगी. किरीबुरु छोटी सी जगह है, जहां अनेक छोटे-छोटे दुकान हैं. सभी दुकानों के अपने ग्राहक हैं. इसके बावजूद अनेक ऐसे ग्राहक हैं जो जहां सस्ता समान मिलता है वहां खरीददारी करते हैं.

### बोकारो



**तांबे और पीतल के बर्तनों की बढ़ी डिमांड बढ़ी है : पिंटू कुमार**

बोकारो जिले के जैनामोड़ स्थित पिंटू बर्तन स्टोर के संचालक पिंटू कुमार ने बताया कि धनतेरस को लेकर पिछले एक माह से दुकान में सामानों की पूर्ति के लिए बोकारो, रांची से लेकर कोलकाता से बर्तन की खरीदारी की गई है. दुकान के अलावा बाहर में टेंट के सहारे शेड बनाकर सामानों को तरीके से सजा दिया गया है. स्टील, पीतल, कांसा व तांबे के बर्तनों की डिमांड इस बार ज्यादा होने की उम्मीद है. दुकान में खरीदार के लिए गिफ्ट की व्यवस्था की गई है. साथ ही खरीदारी पर आकर्षक छूट भी दी जा रही है.



**हर खरीदारी पर मिलेगा एक निश्चित उपहार : ओम भगत**

बोकारो जिले के जैनामोड़ स्थित शिव बर्तन दुकान के संचालक ओम भगत ने बताया कि धनतेरस पर मेरे प्रतिष्ठान में हर खरीदार के लिए एक निश्चित उपहार की व्यवस्था की गई है. साथ ही खरीदारों के लिए चाय, पानी की भी व्यवस्था रहेगी. इस बार तांबे, पीतल व कांसे के बर्तन की बिक्री ज्यादा होने का अनुमान है. इसको लेकर दुकान में तरीके से सामानों को सजाया गया है. उन्होंने बताया कि पिछले दो तीन साल में कोरोना के कारण धनतेरस में बिक्री कुछ प्रभावित हुई थी, लेकिन अब बाजार में रंग आने लगा है.

### साहिबगंज



**महंगाई के कारण ग्राहक कम देखने को मिल रहे हैं : जयकांत**

साहिबगंज कॉलेज रोड स्थित जयकांत वर्मा बर्तन दुकान के मालिक जयकांत वर्मा ने बताया कि अगले साल की अपेक्षा इस साल बाजार की स्थित ठीक रहने की उम्मीद है.उन्होंने कहा कि महंगाई के चलते इस बार ग्राहक कम देखने को मिल रहे हैं. उन्होंने कहा कि धनतेरस में बाजार में पीतल की मूर्ति, गणेश लक्ष्मी सिद्धासन की बिक्री ज्यादा होने की उम्मीद है. उन्होंने यह भी कहा कि बाजार में स्टील के सामान 400 रु किलो, कांसे के सामान 1000 से लेकर 1600 रुपए किलो की दर से बेचा जा रहा है.



**ऑनलाइन के कारण बाजार की स्थिति ठीक नहीं : राजेंद्र**

साहिबगंज शहर में कॉलेज रोड ज्ञानदा गली के सामने मां दुर्गा वर्तन गिफ्ट स्टोर के मालिक राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन के चलते मार्केट की स्थित बहुत खराब देखने को मिल रही है. उन्होंने कहा कि आज कल हम लोगो का अभी बोहनी पर आफत है। महंगाई इतना काफी बढ़ गया है कि मार्केट में धनतेरस में दिखना मुश्किल हो रहा है. उन्होंने कहा कि अभी बाजार में स्टील के बर्तन में 280 रु से लेकर 320 रु और बहुत सारे स्टील के बर्तन 400 रु की दर से मार्केट में हम सभी दुकानदार बेच रहे हैं.

### चांडिल



**ऑनलाइन ने सबका धंधा मंदा किया : विकास रुंगटा**

चांडिल स्थित कलश मेटल के मालिक विकास रुंगटा ने बताया कि इस वर्ष बर्तन बाजार काफी मंदा है. पहले की भांति लोग बर्तन नहीं खरीद रहे हैं. ऑनलाइन मार्केटिंग ने बाजार को काफी नुकसान पहुंचाया है. डब्बा वाले सामान की बिक्री सबसे अधिक घटा है. वैसे चांडिल में बर्तन बाजार की स्थिति पहले से ही ठीक नहीं है. जमशेदपुर सामने रहने के कारण लोग बड़े शहरों से ही सामान खरीदना बेहतर समझते हैं. यहां कंपनी की ओर से दी जाने वाली सभी प्रकार की छूट दी जाती है.



**कोरोना काल के बाद उभर रहा मार्केट : आलोक कुमार**

रघुनाथपुर स्थित आलोक बर्तन दुकान के मालिक आलोक कुमार बताते हैं कि कोरोना काल के बाद धीरे-धीरे बर्तन बाजार उभर रहा है. इस वर्ष बर्तन बाजार की स्थिति काफी अच्छा तो नहीं, लेकिन ठीक है. लोग इंडक्शन, मिक्सचर ग्राइंडर, कुकर, बर्तन स्टैंड, पीतल का दीया, कांसा का लोटा आदि खरीद रहे हैं. बाजार में धनतेरह का असर अधिक नहीं पड़ता था. पहले तो धनतेरस के नाम पर खरीदारी होती ही नहीं थी. स्थानीय स्तर पर लोग काली पूजा, बांदना और सोहराई मनाते हैं. लोग

### देवघर



**इस बार बर्तन का बाजार मंदा है : चन्द्रशेखर**

शहर के जाने माने बर्तन व्यवसाई व स्टील के मालिक चन्द्रशेखर का कहना है कि इस बार बर्तन का बाजार मंदा है. इस दावे के पीछे उनकी अपनी दलील है जिसमें वे कहते हैं कि उनके ज्यादातर खरीदार वे हैं जो न केवल देवघर बल्कि पड़ोसी राज्य बिहार के सटे इलाकों से भी आते हैं . लेकिन धनतेरस से दो तीन दिन पहले ही वे खरीददारी के लिये उमड़ पड़ते हैं, लेकिन गुरुवार तक ऐसा कुछ नही दिख रहा है. उनकी माने तो दिव्यजनों के लिये विकसित देश में ऑनलाइन सेवा शुरु हुई थी.



**निराश हैं दुकानदार बस आस लगाए बैठे हैं : संजय केसरी**

बासन वाले मालिक संजय केसरी की माने तो बाजार की स्थिति काफी दयनीय है. धनतेरस एक दिन पहले जो बाजार की रौनक रहती है वह इस बार नहीं दिख रही है. धनतेरस के दिन क्या होगा इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है. दीपावली के बाद छठ पूजा से उम्मीदें के सवाल पर संजय केसरी का मानना है कि जिनके घर में पूजा होती है उनके पास पहले से ही पीतल के बर्तन होते हैं जो कई सालों तक चलता है.संजय केसरी का कहते हैं कि लगता है कि इस बार का बाजार फिका ही रह जायेगा.



**मुझे बाजार के रुख से कोई खुशी नहीं हो रही : विनय अग्रवाल**

पिछले आठ सालों से बर्तन का व्यवसाय करने वाले विनय अग्रवाल भी बाजार के रुख से खुश नहीं दिख रहे हैं. इनके ग्राहक वे हैं जो शहर और गांव गली गली घूम कर बर्तन बेचने का काम करते हैं. विनय अग्रवाल कहते हैं कि इस बार का बाजार समझ से बाहर है. एक दिन पहले तक खरीददारों का तांता रहता था लेकिन इस बार वैसा कुछ नहीं है.मंहगाई इतना काफी बढ़ गया है कि मार्केट में धनतेरस में दिखना मुश्किल हो रहा है. उन्होंने कहा कि अभी बाजार में स्टील के बर्तन में 280 रु से लेकर 320 रु तक बिक रहे हैं.



**कुछ खास कंपनी के बर्तनों में छूट दी जा रही है : जय प्रकाश**

चौपारण प्रकाश स्टील बर्तन दुकान के संचालक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि धनतेरस के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है. इस वर्ष धनतेरस और दिपावाली के लिये उचित मूल्य पर स्टील के बर्तन ,कांसा, तांबा, पीतल ,की पूरी रेंज के साथ उचित कीमत पर हर एक प्रकार के घरेलू और पूजा के बर्तन दिए जा रहे हैं. कुछ कंपनी के बर्तनों में विशेष छूट भी दी जा रही है. महंगाई इतना काफी बढ़ गया है कि मार्केट में धनतेरस में दिखना मुश्किल हो रहा है.

### ब्रीफ खबरें

## पीएम के कार्यक्रम में शामिल होंगे कार्यकर्ता

**मझगांव।** मझगांव प्रखंड प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान परिसर में गुरुवार को भाजपा मझगांव मंडल प्रखंड कमेटी की विशेष बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशोक पिंगुवा के अध्यक्षता में हुई. प्रखंड अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देशित किया गया. उन्होंने कहा सभी बूथों से पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रांची रवाना होंगे. प्रधानमंत्री के संबोधन को क्षेत्र में आकर प्रसारित करेंगे . जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न हो .

## पीएम के आगमन को लेकर भाजपा की बैठक

**नोवामुंडी।** भारतीय जनता पार्टी जगन्नाथपुर विधानसभा के तीनों मंडल की संयुक्त बैठक गुरुवार को नोवामुंडी कल्याण मंडप में हुई. इसमें 15 नवंबर को बिरसा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी आगमन को लेकर तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया. बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन गोप ने की. बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश पुरी भी उपस्थित थे. मौके पर जगन्नाथपुर विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी उमा शंकर निषाद,मनोज लियांगी,गीता बालमुचू, सारंडा मंडल अध्यक्ष कैलाश दास, लक्ष्मी नारायण भगत,मंजीत कोड़ा आदि थे.

## ग्रामीणों को दी कौशल विकास की जानकारी

**नोवामुंडी।** सीएसआर- गुवा अयस्क माइंस, बीएसएल-सेल के तहत गुवासाई गांव के सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड (श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को कौशल विकास कार्यक्रम, राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी दी गई. साथ ही इस योजना से जुड़कर कैसे लाभ लिया जाता है, उसकी भी जानकारी दी गई.

## बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कस्तूरबा श्रीविद्या निकेतन ढोरी में संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व शिविर का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, विद्यालय सचिव धीरज पांडेय, संकुल सचिव अमित सिंह, प्राचार्या इंद्रावती मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. क्रार्यक्रम में स्वागत गीत, एकल नृत्य, झारखंडी नृत्य और विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि द्वारा विजयी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया.

## मशाल और पटाखे देने की वन विभाग से मांग

**मुसाबनी।** मुसाबनी प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम ने गुरुवार को वन क्षेत्र पदाधिकारी के नाम फॉरेस्ट गार्ड विश्वजीत महापात्र को ज्ञापन सौंपा. विगत दिनों से तेरेंगा पंचायत के कुमीरमुड़ी और चापड़ी में हाथियों का झुंड कई किसानों के पके हुए धान की फसलों को खा लिया और रौंद कर बर्बाद कर दिया है. किसानों के धान को बचाने के लिए और हाथियों को क्षेत्र से भगाने के लिए प्रमुख ने ग्रामीणों को मशाल, पटाखा और टॉर्च लाइट देने की मांग की है. ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व पार्षद सुखलाल हेंब्रम, भुकतू मार्डी, बागुन केराई, सिपल मार्डी उपस्थित थे.

## प्रियंती का राज्यस्तरीय हॉकी टीम में हुआ चयन

**मनोहरपुर।** पुलिस केंद्र चाईबासा में जिला स्तरीय हॉकी ट्रायल सेशन का गुरुवार को अयोजन किया गया.जिसमें चाईबासा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र के बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया.उक्त प्रतियोगिता में आनंदपुर से ग्राम तेतुलडीह की प्रियंती बुढ का चयन सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलाड़ी के रूप में किया गयाआनंदपुर थाना प्रभारी विकास दुबे ने बताया कि आगामी 26 को रांची में होनेवाले राज्यस्तरीय बालिका हॉकी के लिए प्रियंती बुढ़ का चयन हुआ है. शक्ति संस्था और झारखंड पुलिस के संयुक्त प्रयासों से बालिकाओं की यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है.

### जीजीपीएस में आयोजित विज्ञान, संस्कृत समेत 13 विषयों की प्रदर्शनी

# अंतरिक्ष विज्ञान के लिए संस्कृत भाषा सर्वश्रेष्ठ : रजवार

संवाददाता। धनबाद

गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल (जीजीपीएस) में 9 नवंबर को कोंबो एक्सपो मेगा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने स्कूल के विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, कला, नृत्य, संगीत समेत कुल 13 विषयों का मॉडल प्रस्तुत किया. इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने की. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर की छिपी प्रतिभा को बाहर लाने का माध्यम होता है, प्रेरित करने पर इन्हीं विद्यार्थियों में से भविष्य के वैज्ञानिक इंजीनियर, डॉक्टर और संगीतज्ञ निकलते हैं. विद्यार्थियों ने



विज्ञान विषय में अपशिष्ट पदार्थ से विद्युत उत्पादन, दुर्घटना निवारण प्रणाली, संस्कृत विषय की छात्राओं ने अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित मॉडल, हिंदी विषय की छात्राओं ने सावन का झूला, वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने एटीएम मशीन तथा जीएसटी की कार्यशैली एवं औपनिवेशिक काल से लेकर सपनों का भारत तक की यात्रा को रेल के डिब्बों के माध्यम से दिखाया. इस दौरान विद्यालय के मुखपत्र ट्रांजीशन तथा नर्सरी के विद्यार्थियों के तैयार थीम पार्क का उद्घाटन सचिव एसपी सिंह ने किया.

## बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच की झलक

**गोमो।** रेल नगरी गोमो स्थित डी नोबिली स्कूल के प्रांगण में 9 नवंबर गुरुवार को छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मद निषेध मंत्री बेबी देवी ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर किया. इस मौके पर डी नोबिली स्कूल के प्रिंसिपल फादर जेम्स, को-ऑर्डिनेटर श्वेता एकता सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे. विज्ञान व कला प्रदर्शनी में बच्चों ने वैज्ञानिक सोच की झलक दिखाई. विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. रोबोट वॉकिंग मॉडल, सोलर एनर्जी प्लांट, स्ट्रीट लाइट, रॉकेट लॉन्चर, वायु ऊर्जा, मानव जीवन, प्राचीन सभ्यता, महापुरुषों की चित्रकला आदि मॉडल प्रस्तुत कर अतिथि एवं अभिभावकों का मनमोह लिया. विद्यालय की पठन-पाठन की उपलब्धि को दर्शाने का कार्य किया. मुख्य अतिथि मंत्री बेबी देवी ने कला एवं विज्ञान के लगाए गए स्टॉल में घूम-घूम कर अवलोकन कर बच्चों को धन्यवाद दिया और मन से आगे पढ़ाई कर उच्च पद हासिल कर झारखंड का नाम रोशन करने की बात कही.

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- झारखंड में पहली जनगणना किस वर्ष हुई थी ? – 1872
- झारखंड के किस जिले से बाह्मणी नदी निकलती है ? –पलामू
- झारखंड में कितने जिले हैं ? – 24
- जमशेदपुर में किस वर्ष वर्कर्स यूनियन की स्थापना हुई थी ? – 1920
- चेरो विद्रोह के किस नेता को फांसी दे दी गयी थी? – भूषण सिंह
- झारखंड में कितने सदन हैं ? – 1
- झारखंड के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत हिस्सा वन से घिरा हुआ है ?– 29.95%
- झारखंड राज्य का राजकीय पशु कौन सा है ? – हाथी
- झारखंड राज्य का गठन कब हुआ ? –15 नवंबर 2000
- झारखंड राज्य का सबसे बड़ा नगर कौन सा है। – जमशेदपुर

### निजी स्कूलों में किताबों की बिक्री पर मोटे कमीशन की पेशकश

# किताबों में कमीशन का खेल

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में इन दोनों निजी स्कूलों में कई प्रकाशकों ने अपनी किताबें बेचने के लिए मार्केटिंग शुरू कर दी है. निजी स्कूल के संचालकों को भी कई तरह के प्रलोभन दिए जा रहे हैं. इसमें 50 से 60 % कमीशन देने की पेशकश की जा रही है. कमीशन का खेल दिखाकर निजी स्कूल में किताबें तो दी जा रही हैं, लेकिन निजी स्कूल संचालक अभिभावकों को एमआरपी पर ही किताबें बेच रहें है.

20 पेज की किताब पर 300 और 400 रुपये एमआरपी लिखा हुआ है. ऐसे में समझा जा सकता हैं कि बच्चों की पढ़ाई को किस कदर व्यवसाय का जरिया बना लिया गया है. स्कूल संचालक और प्रकाशक पूरा मुनाफा कमाते हैं और अभिभावक इस गोरखधंधे में पिसते रहते हैं. पड़ताल के दौरान जानकारी मिली कि शहर के एक किताब दुकान के लिए कई कंपनी के एजेंट स्कूल जा-जाकर मार्केटिंग कर रहे हैं. इसमें स्पार्क कंपनी की नर्सरी टू यूकेजी के लिए 60% का कमीशन स्कूल संचालक के साथ तय हुआ है. वहीं अरविंद प्रकाशन की कंपनी कक्षा एक से आठ तक की किताबों के लिए 50%, ब्लू विन प्रकाशन 50%, सागर प्रकाशन 60% का कमीशन निजी स्कूल संचालकों को दे रहा है.

इसमें मथुरा, दिल्ली, गुजरात सहित विभिन्न महानगरों से प्रकाशकों के एजेंट हजारीबाग में किताबें बेचने का काम कर रहे हैं. वहीं, ब्रांडेड प्रकाशन होली फेथ, ओरिएंटर, भारती भवन, सरस्वती जैसी कंपनी की ओर से भी दुकानदार के अलावे स्कूल संचालकों को भी 25 से 30 % तक कमीशन देने की पेशकश की जा रही है. स्कूल में किताबें देने का ऑर्डर लिया जा रहा है. इस पर भी स्कूल संचालक को जिले के होलसेलर क्रेडिट दे रहे हैं. वहीं, अभिभावकों से मोटी रकम लेकर स्कूल संचालक अपना कमीशन रख दुकानदार को तय रकम दे देते हैं.





### बड़ा गोरखधंधा

- प्रकाशक दे रहे 50 से 60 फीसदी कमीशन
- सौ रुपये की किताब का एमआरपी 300, लोग परेशान
- स्कूल संचालक और प्रकाशक पूरा मुनाफा कमाते हैं

**शुभम संदेश पड़ताल**

### मोटी रकम देकर किताबें खरीदना मजबूरी

अगर इन प्रकाशकों और स्कूल संचालकों पर लगाम कसा जाता, तो किताबों की दुकानदारी स्कूलों में नहीं चलती. दुकान से अभिभावक किताब खरीदते, तो कम दाम में मिलते. लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर सीधे स्कूल पहुंच जाते हैं और परसेंटेज का प्रलोभन देकर अपनी किताबें बेचते हैं. ऐसे में अभिभावकों के सामने मोटी रकम देकर स्कूल से किताबें खरीदने के अलावा कोई चारा भी नहीं होता है. संपन्न लोग तो यह भार उठा लेते हैं, लेकिन गरीब के लिए मुश्किल होती है.

### क्या कहते हैं अभिभावक

अभिभावक टाटी झरिया के मुकेश कुमार ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से शहर के एक निजी स्कूलों में बच्चो को पढ़ा रहे हैं. इसमें स्पार्क प्रकाशन की नर्सरी की किताबों के लिए 1600 रुपये, एलकेजी 1700 और यूकेजी की किताबों के लिए 2200 रुपये लगते हैं. वहीं, सागर प्रकाशन की किताबें नर्सरी 1100, एलकेजी 1300 और यूकेजी के लिए 1600 रुपये देने होते हैं. आश्चर्य यह है कि प्रति किताब बाजार में कीमत 10 से 20 रुपये होती है.

### विद्यालय के विकास व बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दी जानकारी

# शिक्षक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना सुनिश्चित करें

संवाददाता । चाईबासा

तांतनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उलीडीह में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया. इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों और शिक्षकों ने भाग लिया. इस दौरान प्रोजेक्टर लगाकर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से विद्यालय के विकास और सभी बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षक सीआरपी तरुण गोप ने कहा कि सरकार की ओर से हर विद्यालय में 16 सदस्यों की विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया है. समिति के लोगों को शिक्षित-प्रशिक्षित कर विद्यालय के विकास में भागीदारी सुनिश्चित की गई है. प्रत्येक माह को सभी विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक होती है. इसमें सभी सदस्य भाग लें और विद्यालय के विकास में अपना योगदान दें. उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक तीन वर्ष पर विकास योजना बनाई जाती है. इसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति होनी चाहिए. ताकि योजना की जानकारी सभी सदस्यों को मिल सके. वहीं प्रशिक्षक ने विद्यालय प्रबंधन समिति क्या है, क्यों व कैसे बनाई गई है. इसकी पूरी जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी. मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिशंकर गोप, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार, सहायक शिक्षिका रीता लकड़ा, शिव शंकर संडिल, वार्ड सदस्य गोनो सवैया, एसएमसी उपाध्यक्ष सोमवारी सवैया, सदस्य योगेंद्र सवैया, मोहन भूमिज, झीली रजक, सोमवरी देवी, नीलम मुंडा, लक्ष्मी मुंडा समेत सभी सदस्य हवा शिक्षक उपस्थित रहे.

### खास बातें

- विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में कई मामलों पर चर्चा
- शिक्षक प्रशिक्षित होकर करे विद्यालय का विकास

## जल्द छोटी पर होगा पुलिया का निर्माण

**तांतनगर।** तांतनगर प्रखंड अतंर्गत छोटी नदी पर रोलाडीह-लोवाहातु के बीच नदी पर करोड़ों रुपये से पुलिया बनेगी. पुलिया बनने से ग्रामीणों में खुशी है. रोलाडीह सहित कुलाबुरू, सिनी, इलिगाड़ा आदि गांव के ग्रामीणों के वर्षों पुरानी मांग पुरी हो गयी है और इन गांव से प्रखंड मुख्यालय का दूरी भी कम होगी.उक्त जगह पर पुलिया निर्माण के लिए सरकारी स्तर पर निविदा हो चुकी है. निविदा में पुलिया निर्माण के लिए सत्यम विल्डर्स चाईबासा को आवंटित किया गया है. गौरतलब है कि छोटी नदी पर रोलाडीह-लोवाहातु के बीच पुलिया नहीं होने रोलाडीह सहित अन्य ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए बरसात में जान जोखिम में डाल कर नदी पार करते है. ग्रामीणों ने उक्त जगह पर पुलिया निर्माण का विधायक से कई बार मांग की गयी थी.

## 20 जिलों के जेपी आंदोलनकारियों व आश्रितों की पेंशन राशि आवंटित

**रांची।** झारखंड के 20 जिलों के जयप्रकाश आंदोलन (जेपी) आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों के लिए 44.74 लाख पेंशन राशि आवंटित की गयी है. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है. आंदोलनकारियों व आश्रितों के लिए आवंटित पेंशन राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए है.

### जानें किन जिलों के लिए कितनी राशि की गयी आवंटित

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 3.15 लाख | खूंटी | 2.70 लाख |
| चतरा | 1.74 लाख | कोडरमा | 2.10 लाख |
| देवघर | 5.70 लाख | लातेहार | 13 लाख |
| धनबाद | 2.70लाख | लोहरदगा | 60 हजार |
| दुमका | 3.09 लाख | पाकुड | 15 हजार |
| गिरिडीह | 2.05 लाख | रामगढ़ | 2.15 लाख |
| गोड्डा | 6.03 लाख | पलामू | 2.25 लाख |
| गुमला | 90 हजार | रांची | 4.20 लाख |
| हजारीबाग | 3.15 लाख | सरायकेला | 45 हजार |
| जमशेदपुर | 75 हजार | कुल | 44.74 लाख |
| जामताड़ा | 75 हजार | | |

### एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग मैच समाप्त

# एकतरफा मुकाबले में प्रताप क्रिकेट क्लब ने मैच जीता

संवाददाता। चाईबासा

जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत गुरुवार को खेले गए ग्रुप-ए के अंतिम लीग मैच में प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा ने शाह स्पोर्ट्स अकादमी चक्रधरपुर को एकतरफा मुकाबले में 142 रनों से पराजित किया. मैच के पूरे अंक हासिल किए. इस प्रकार अपने ग्रुप के सभी लीग मैच जीतकर प्रताप क्लब की टीम 6 अंकों के साथ शीर्ष पर है . इसका क्वार्टर फाइनल में खेलना पक्का हो गया है.

वहीं शाह स्पोर्ट्स अकादमी की टीम आज का मैच हारकर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है. एक जीत तथा एक टाई मैच के साथ शाह स्पोर्ट्स अकादमी के कुल 3 अंक हैं और वह ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है. जबकि इसी ग्रुप में फेनेटिक क्लब चाईबासा के दो तथा फ्रेंडस कोल्टस चाईबासा के एक अंक हैं और ये दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है. स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रताप क्रिकेट क्लब ने निर्धारित तीस ओवर में आठ विकेट खोकर 219 रनों का स्कोर खड़ा किया. चक्रधर ने 71, ललित बी सिंह ने 33, अनीस कुमार दास ने 23 तथा संजय लोहार ने 21 नाबाद रन बनाए.

### गाड़ियों का परिचालन शुरू होने से लोगों के चेहरों पर लौटी रौनक

# ट्रक ऑनर एसोसिएशन की हड़ताल खत्म

संवाददाता। नोवामुंडी

बड़ाजामदा माइनिंग एरिया ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने पिछले 1 नवंबर से टीएसएलपीएल खदान में गाड़ियों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए चक्का जाम कर दिया था. यह चक्का जाम टीएसएलपीएल खदान प्रबंधन द्वारा 15 साल पुरानी गाड़ियों को नहीं चलने देने का नोटिस जारी करने को लेकर किया गया था.

आठवें दिन तक हड़ताल जारी रहा. और आज 9 नवंबर गुरुवार को टीएसएलपीएल खदान प्रबंधन व बड़ाजामदा माइनिंग एरिया ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक हुई. बैठक में खदान प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी कर कहा गया कि 31 मार्च तक गाड़ी मालिकों को नोटिस दी जा रही है अपनी पुरानी गाड़ियों को 31 मार्च तक चला सकती है.परंतु 1 अप्रैल से 15 साल पुरानी गाड़ियों का परिचालन पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी जाएगी.



इस पर गाड़ी मालिकों ने सहमति जताते हुए एवं दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए खदान प्रबंधन की बातों को मान लिया और हड़ताल को समाप्त कर दिया. इस संबंध पर बड़ाजामदा माइनिंग एरिया ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद चौरसिया ने कहा है कि फिलहाल पूजा को देखते हुए कंपनी प्रबंधन की बातों को मान लिया गया है. इस मौके पर मनोज कुमार साहू, सह सचिव रूपा खान, प्रेम बल्लभ अवस्थी, चितरंजन प्रधान, रामानुज सिंह, मदन प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद सरफराज, हरि उपाध्याय, भगवान चौधरी, विनोद तिवारी,, आदि एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे.

# रोशन अध्यक्ष और गोविंद पाल बनाए गए उपाध्यक्ष

संवाददाता। मझगांव

कुमारडुंगी प्रखंड क्षेत्र में पान तांती समाज के प्रखंड कमिटी का गठन गुरुवार को कोल्हान प्रमंडल पान तांती कल्याण समिति के बैनर तले किया गया. यह कार्यक्रम खड़बंध गांव के सड़कसाई टोला में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोहर पान ने किया. इसमें प्रखंड क्षेत्र के आठ गांव से पहुंचे ग्राम संयोजक ने मुख्य अतिथि कोल्हान प्रमंडल पान तांती कल्याण समिति के जिला संयोजक अभिमन्यु पान को माला पहनाकर स्वागत किया. उसके बाद सभी ने प्रखंड कमिटी के गठन का निर्णय लिया गया. प्रखंड कमिटी गठन में सभी संयोजक एवं संयोजिका ने सर्वसहमति से प्रखंड अध्यक्ष के रुप में रोशन पान, उपाध्यक्ष में गोविंदा पान एवं सचिव में हुरदानंद पान का चुनाव किया है. सह सचिव में त्रिनाथ पान, कोषाध्यक्ष में पवन कुमार पान एवं सह कोषाध्यक्ष में जयशंकर दास का चुनाव किया गया. वहीं महिला कमिटी में सर्वसहमति से गीता देवी को प्रखंड अध्यक्ष, गौरी देवी को उपाध्यक्ष, शिला देवी को सचिव, ललिता देवी को सह सचिव, हीरामनी कुमारी को कोषाध्यक्ष एवं भाग्यश्री देवी को सह कोषाध्यक्ष चुना गया. सभी चयनित प्रखंड पदाधिकारी को फुल माला पहनाकर सम्मानित किया .

### खास बातें

- पान-तांती समाज की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा
- सीएम से मिलकर मांग पत्र देने पर बनी सहमति

**खुलासा** — कैम्फर वाहन चालक हरसिंह सरदार ने पुलिस के सामने उगले कई राज

# बंद पड़ा टोरियन प्लांट बना चोरी का स्क्रैप डंप यार्ड

संवाददाता। किरीबुरु

स्क्रैप माफिया दीपू सिंह का अवैध स्क्रैप से जुड़े काले कारोबार का मुख्यालय बडाज़ामदा स्थित वर्षों से बंद पडी. टोरियन कंपनी का क्रशर प्लांट है. इसके अलावे बडाज़ामदा, नोवामुंडी आदि क्षेत्रों में भी कई छोटे यार्ड है. टोरियन कंपनी के इस प्लांट में गेट व बाउन्ड्री है, जिस कारण इसके अंदर दिन व रात होने वाले काले स्क्रैप चोरी के खेल की कोई भनक किसी को नहीं लग पाती है .

सेल की मेघाहातुबुरु खदान से 24 अक्टूबर की रात 289 पीस रोलर चोरी की घटना में शामिल पकडा. गया कैम्फर वाहन चालक हरसिंह सरदार ने दीपू सिंह के कई राज से पर्दा उठाया है . उसने कई चौकाने वाली जानकारी दी , चोरी का समान हम सभी वाहनों से टोरियन यार्ड में नहीं ले जाकर दूसरे अड्डों पर उतारते हैं. उतारने के कुछ देर बाद हीं दीपू सिंह के दूसरे आदमी चोरी के स्क्रैप को दूसरे वाहनों पर लादकर उसे तुरंत टोरियन गेट के अंदर रख आते हैं. ताकि हम पकडे जायें तो पुलिस को उसी अड्डा तक ले जा सकें, जहां हम चोरी का स्क्रैप डम्प किये थे. जिससे पुलिस स्क्रैप बरामद नहीं कर सके.



बंद पड़ी टोरियन प्लांट का गेट व गेट के अंदर अवैध स्क्रैप यार्ड

वहीं विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि टोरियन के अंदर झारखण्ड व ओडिशा क्षेत्रों से चोरी के छोटी-बडी. वाहनों समेत स्क्रैप में खरीदा गये अन्य वाहनों को लाया जाता है. यहां ऐसे वाहनों की रातों रात कटिंग कर जमशेदपुर भेज दिया जाता है. जानकारों का कहना है कि ऐसे वाहनों की कटिंग करने का अधिकार सभी को नहीं होता है. क्योंकि ऐसे वाहन विभिन्न बैंकों से फाइनेंस की गई रहती है, जिसका पैसा बकाया रहता है, सरकार का टैक्स बकाया रहता है, या फिर किसी वाहन के खिलाफ थानों में मामला दर्ज रहता है जो काट दिये जाने पर सबूत नष्ट होता है और फाइनेंसरों के पैसे मिल नहीं पाते हैं. टोरियन प्लांट स्थित स्क्रैप के इस अवैध अड्डे से निरंतर भारी वाहनों पर स्क्रैप को लोड कर जमशेदपुर भेजा जाता है. अवैध स्क्रैप लदे इनके वाहनों को पूरे रास्ते के किसी भी थाना की पुलिस न रोकती और न पकड़ती है. स्क्रैप का अवैध कारोबार के माध्यम से यह माफिया जीएसटी समेत सरकार की अन्य राजस्व की चोरी करते हैं. सूत्रों ने बताया की लगातार न्यूज में खबर छपने के बाद यह माफिया अपने सभी स्क्रैप अड्डों से चोरी का स्क्रैप रातों रात उठाकर वाहनों पर लाद जमशेदपुर या सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है.

### खास बातें

- स्क्रैप माफिया कैसे करता है अपने काले धंधे का कारोबार
- चोरी के वाहन को काट कर भेजा जाता है जमशेदपुर

# जनजातीय गौरव दिवस हम लोगों के लिए गर्व : कोड़ा

संवाददाता। चाईबासा

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय चाईबासा में गुरुवार को सम्पन्न हुई. जिसका मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने किया. जिसमें भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उराव उपस्थित थे. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिव शंकर उरांव ने कहा की 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती है. इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातियों की मान सम्मान के लिए इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है. यह आदिवासी समुदाय के लिये गर्व की बात है. उन्होंने कहा की बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिरसा मुंडा की जन्मस्थली जाएंगे तथा श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. उनके परिजनों के साथ भी मिलेंगे. भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल नगाड़ों के साथ जाएंगे. बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, पूर्व मंत्री सह जिला प्रभारी बड़कुंवर गागराई, प्रदेश उपाध्यक्ष गीता बालमुचू, कोल्हान प्रभारी भूषण पाट पिंगुआ, महामंत्री विजय मिलगंडी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष लालमुनी पुरती, जिला महामंत्री तीरथ जामुदा, बाबूराम लागुरी, जिला उपाध्यक्ष सुभाष पाडेया, खुशबु हेमब्रम, रानी बांदिया, राजबो होनहागा, बिनोदनी बानरा, सुशीला पुरती, मधु सामड, शत्रुधन हेमब्रम, पंकज टोप्पो, जगन्नाथ तिउ, रॉबी लकड़ा, रवि बांकीरा, प्रदीप हेस्सा, सुनील हेमब्रम, जायारानी पाडेया, विजय देवगम उपस्थित थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### मनरेगा के लेखापाल की गोली मारकर हत्या

**पूर्णिया ।** अपराधियों ने मनरेगा के लेखापाल संजीव कुमार को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी. घटना श्रीनगर थाना क्षेत्र के रहिका टोला गांव की है, जहां पुल के पास अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया. संजीव अपने साथी राजीव कुमार के साथ बाइक से अमौर से अपने घर चंपानगर आ रहा था, इसी दौरान ये घटना हुई. बताया जाता है कि पुरानी रंजिश में मनरेगा कर्मी की गोली मारकर हत्या की गई है. घटना की सूचना मिलते ही पूर्णिया के एसपी आमिर जावेद अस्पताल पहुंचे. जहां उन्होंने घटना का जायजा लिया.

### गैस गोदाम मालिक की पीट-पीटकर हत्या

**नवादा ।** बदमाशों ने गैस गोदाम मालिक की पीट पीटकर हत्या कर दी. घटना जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र की है. मृतक की पहचान नवीन राजश्री गैस ग्रामीण एजेंसी के 40 वर्षीय मालिक नंदलाल प्रसाद के रूप में हुई है. इस वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. घटना की जानकारी मिलते ही रजौली के डीएसपी पंकज कुमार, सहित कई थानों की पुलिस के अधिकारी जांच के लिए मौके पर पहुंची. इस मामले को लेकर डीएसपी पंकज कुमार ने जानकारी दी. बताया कि गैस गोदाम मालिक की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची.

### दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से प्याज लूटकर भागे लोग

**समस्तीपुर ।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को लोगों ने प्याज लूट लिया. प्याज लेकर कोई पैदल तो कोई बाइक से भाग रहा था. दरअसल समस्तीपुर-दरभंगा रोड में कल्याणपुर हाईस्कूल के पास गुरुवार अहले सुबह प्याज लदा एक ट्रक असंतुलित होने से सड़क किनारे पलट गया था. जिससे प्याज की कुछ बोरी सड़क पर गिर गयी थी. प्याज लूटने में कोई पीछे नहीं था. उधर से गुजरने के दौरान कुछ लोगों की सड़क पर बिखरे प्याज पर जैसे ही नजर गयी, उन्होंने ट्रक से प्याज की बोरी निकाल घर ले जाना शुरू कर दिया.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी तक करने का प्रस्ताव दिया था

# बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन बिल पास

**संवाददाता । पटना**

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन आरक्षण संशोधन विधेयक पास हो गया. जातीय गणना कराए जाने के बाद बिहार में आरक्षण का दायरा 75 फीसदी करने का सरकार ने प्रस्ताव दिया है. जिसका बीजेपी समेत अन्य विपक्षी दलों ने समर्थन किया है. विधानसभा में सर्व सम्मति से संशोधन का प्रस्ताव पारित हो गया. जातीय गणना की रिपोर्ट के आधार पर नीतीश सरकार ने आरक्षण का दायरा 15 फीसदी बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है. कैबिनेट से इसे मंजूरी भी मिल चुकी है. राज्य में ओबीसी, ईबीसी, एससी और एसटी वर्ग को मिलाकर अभी 50 फीसदी आरक्षण मिल रहा है. आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 65 फीसदी किया जाना है. इसके अलावा ईडब्लूएस कैटगरी को 10 फीसदी आरक्षण अलग से मिलता रहेगा.



**मिली मंजूरी**

- भाजपा के विधायकों ने चार संशोधन प्रस्ताव रखे थे
- बिल को विधान परिषद में पेश किया जाएगा

### कोई सेंस नहीं है...मैंने तुमको बनाया : नीतीश

**पटना ।** बिहार विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार पूर्व सीएम जीतन राम मांझी पर भड़क गए. दरअसल, आरक्षण सीमा 75 फीसदी बढ़ाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मांझी बोल रहे थे. उनकी बातें सुनते ही नीतीश आगबबूला हो गए. उन्होंने कहा कि 2014 की गलती के कारण मांझी सीएम बने. नीतीश ने कहा कि इसको कुछ समझ में नहीं आता है. कोई सेंस ही नहीं है. कुछ भी बोलता रहता है. नीतीश ने बीजेपी की ओर से इशारा करते हुए कहा कि मांझी अब भाजपा की ओर भाग गए हैं. कहा कि अब मांझी आप लोग के पीछे घूम रहा है. यह गवर्नर बनना चाहता है. इसको गवर्नर बनवा दीजिए. इस दौरान गुस्साए नीतीश को शांत कराने के लिए बार-बार स्पीकर विजय चौधरी अनुरोध करते रहे. नीतीश के सदन में दिये बयान पर जीतन राम मांझी ने बाहर प्रतिक्रिया दी. कहा कि नीतीश का मानसिक संतुलन पूरी तरह से बिगड़ गया है. उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है. उन्होंने कहा कि नीतीश ने मुझे सीएम बनाकर कोई एहसान नहीं किया, बल्कि अपनी लाज बचाने के लिए सीधे-साधे आदमी को सीएम बनाया था.

आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- अशोक ने तीसरी बौद्ध संगीति कहां आयोजित कराई – **पाटलिपुत्र**
- गोल्डेन लीग नामक संस्था की स्थापना कहां की गई थी – **देवघर**
- कतर्निया घाट वन्यजीव अभ्यारण्य किस प्रदेश में है – **उत्तर प्रदेश**
- पौधे का खाना तैयार करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है – **फोटोसिन्थेसिस**
- वेदों में शामिल आगमशास्त्र किस धर्म का है – **जैन**
- किस नेता ने 1937 में बिहार में कांग्रेस सरकार बनाई थी – **श्री कृष्ण सिंह**
- राउत नाच किस प्रदेश के आदिवासी समुदाय का नृत्य है – **छत्तीसगढ़**
- वह अंग जिसमें प्रोटीन्स का पाचन पूरा होता है – **आंत**
- वैदिक आर्यों का प्रमुख भोजन था – **दूध व इसके उत्पाद**
- भांडी किस शासक का प्रमुख सचिव था – **हर्षवर्धन**

बीजेपी सांसद और कलाकार मनोज तिवारी ने नीतीश पर साधा निशाना, कहा

# मानसिक संतुलन बिगड़ गया है

**संवाददाता । पटना**

सीएम नीतीश कुमार के बयान से शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. हालांकि बिहार विधानसभा में दिये अमर्यादित बयान को लेकर नीतीश ने माफी मांग ली है. इसके बावजूद इस बयान पर जंग छिड़ा हुआ है. नीतीश कुमार बीजेपी नेता से लेकर महिला संगठन के निशाने पर आ गये हैं. इतना ही नहीं सीएम के बयान की आलोचना विदेशों में भी होने लगी है. बीजेपी सांसद और कलाकार मनोज तिवारी ने भी नीतीश कुमार पर तंज कसा है. मनोज तिवारी ने कहा कि नीतीश कुमार ने विधानसभा में महिलाओं व माताओं-बहनों को लेकर जो अमर्यादित बात की है, वो सुनकर ऐसा लगता है कि वो आजकल कोई गंदी फिल्में देखकर सो और जाग रहे हैं. आगे कहा कि उनको पता ही नहीं कि विधानसभा में उन्होंने क्या-क्या कह दिया. नीतीश कुमार ने सदन की मर्यादा को तार-तार कर दिया. मनोज तिवारी ने नीतीश पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी में जाने के बाद उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है. ये वो नीतीश जी हैं ही नहीं, जो बीजेपी के साथ थे.

वहीं अफ्रीकी-अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने भी नीतीश कुमार की टिप्पणी पर आलोचना की है. मिलबेन ने नीतीश कुमार से सीएम पद से इस्तीफा देने की मांग की. इतना ही नहीं उन्होंने बिहार की महिलाओं से नीतीश कुमार के खिलाफ साहसी कदम उठाने को कहा. उन्होंने सलाह दी कि एक साहसी महिला को आगे आकर बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करनी चाहिए. गायिका ने कहा कि अगर वह भारत की नागरिक होतीं, तो नीतीश कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए बिहार चली जातीं. बता दें कि मिलबेन एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूने के बाद भारत में सुर्खियों में आयी थीं.

बता दें कि बिहार विधानसभा में मंगलवार को जाति आधारित सर्वे के आंकड़े पेश हुए. इसके बाद चर्चा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने सदन में जिस अंदाज में जनसंख्या नियंत्रण और महिलाओं की पढ़ाई के फायदे को समझाया, उससे सदन में मौजूद हर कोई असहज हो गये. सीएम ने कहा कि महिलाओं में साक्षरता दर बढ़ी है. महिलाओं के साक्षर होने से जनसंख्या नियंत्रित रहेगी.



### भाजपा नीतीश कुमार पर हमलावर

भाजपा ने नीतीश कुमार पर हमलावर रुख अपना लिया है. बिहार विधानसभा के बाहर भी भाजपा विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया. भाजपा विधायकों की मांग है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें. भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रामसूरत राय ने इस बाबत कहा कि भाजपा नेता बिहार के राज्यपाल से मिलेंगे और राज्यपाल से मिलकर कहेंगे कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति मुख्यमंत्री के पद पर नहीं रह सकता है. विधानसभा के अंदर भी भाजपा विधायकों ने हंगामा किया और वेल में आकर नारेबाजी की. इस दौरान भाजपा के विधायक नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कुर्सी फेंकने की भी कोशिश की. वहीं इसके विरोध में राजद विधायकों ने भी वेल की तरफ बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद राजद विधायकों को भाजपा विधायकों की तरफ जाने से मार्शल ने रोक दिया.

**कसा तंज**

- नीतीश महिलाओं को लेकर अमर्यादित बात की
- गायिका मैरी मिलबेन ने नीतीश की आलोचना की
- मैरी मिलबेन ने पीएम नरेंद्र मोदी के पैर छूए थे

### 34 के हुए तेजस्वी यादव



उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पटना में गुरुवार को अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाया. (पीटीआई फोटो)

# मुरैठा बांधकर घूमता है : ललन

**संवाददाता । मुंगेर**

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बुधवार को मुंगेर के हवेली खड़गपुर की विभिन्न पंचायतों में जनसंवाद किया. इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बीजेपी का एक नेता सर पर मुरैठा बांधकर घूमता रहता है. वो मुरैठा खोलता भी है या बांधकर ही नहाता है.

इससे पहले जेडीयू विधायक गोपाल मंडल ने भी सम्राट की पगड़ी पर तंज कसा था. उन्होंने कहा था कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष को बीमारी हो गई है, इसलिए वो मुरेठा बांधकर घूमते हैं. वहीं, सम्राट चौधरी का कहना है कि उन्होंने संकल्प लिया है, नीतीश को जब तक सत्ता से बाहर नहीं कर देंगे, सिर से पगड़ी नहीं उतारेंगे. ललन सिंह ने सम्राट का नाम लिए बिना कहा कि बीजेपी का एक नेता मुरैठा बांधकर घूमता रहता है. वो नहाते वक्त भी उसे खोलता है या नहीं. पिछले हफ्ते ही भागलपुर से जेडीयू विधायक गोपाल मंडल ने भी उनकी पगड़ी पर तंज कसा था. गोपाल मंडल ने कहा कि सम्राट चौधरी के माथे में दिनाय बीमारी हो गई है.

## कारोबार

### गेम थ्योरी ने मैचडे. एआई किया अधिग्रहित

**नयी दिल्ली ।** खेल प्रौद्योगिकी से जुड़े मंच गेम थ्योरी ने स्पोर्ट्स एनालिटिक्स स्टार्टअप मैचडे.एआई का अधिग्रहण कर लिया है. गेम थ्योरी जेरोधा के सह-संस्थापक नितिन कामथ की रेनमैटर कैपिटल द्वारा समर्थित है. पिछले महीने इसने निवेशकों से 20 लाख अमरीकी डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) जुटाए थे. यह गेम थ्योरी का पहला अधिग्रहण है और उसकी गेमिंग क्षेत्र में नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है. सुदीप ने कहा कि मैचडे ने अविश्वसनीय कंप्यूटर विजन प्रौद्योगिकी विकसित की है.

### अडाणी पोर्ट्स का शुद्ध लाभ 17162 करोड़ रु.

**नयी दिल्ली ।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपी-सेज) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 1.37 प्रतिशत बढ़कर 1,761.63 करोड़ रुपये रहा है. अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन ने बीएसई यह सूचना दी. एक साल पहले 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी ने 1,737.81 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. कंपनी की कुल आय सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में 6,951.86 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 5,648.91 करोड़ थी.

### बर्मन परिवार ने निदेशकों के आरोपों को खारिज किया

**नयी दिल्ली ।** बर्मन परिवार ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के स्वतंत्र निदेशकों द्वारा उनकी गतिविधियों को 'धोखाधड़ीपूर्ण व अवैध' बताए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें 'झूठा और मानहानिजनक' करार दिया है. बर्मन परिवार ने सितंबर में रेलिगेयर एंटरप्राइजेज का नियंत्रण हासिल करने के लिए खुली पेशकश की थी. कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया, हम इन आरोपों से आश्चर्यचकित तथा निराश हैं. कहा कि वह सभी नियामकों के साथ काम करते हुए इस लेनदेन को 'शीघ्रता से' पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेगी.

चीन का एफडीआई साल के पहले नौ महीने में 8.4% तक गिरा

# चीन में विदेशी निवेश माइनस में पहुंचा

**भाषा । नयी दिल्ली**

जो चीन एशिया समेत दुनियाभर में इकॉनमी के मामले में सबसे मजबूत था, वह संघर्ष की स्थिति में आ गया है. इसका सबसे अधिक असर विदेशी निवेशकों पर पड़ा है, जिसके भरोसे चीन की इकॉनमी का दबदबा हुआ करता था. चीन की खस्ताहाल इकॉनमी को लेकर जो ताजा आंकड़े आ रहे हैं वो बेहद चौंकाने वाले हैं. चीन की स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ फॉरेन एक्सचेंज (एसएओएफइ) ने ताजा आंकड़े जारी किए हैं, जिसने चीन की बीमार अर्थव्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है. एसएओएफइ के आंकड़े बताते हैं कि किस तरह से चीन में विदेशी निवेश घटता जा रहा है. विदेशी कंपनियां चीन से मुंह मोड़कर बाहर निकल रही हैं.

25 साल में ये पहला मौका है जब चीन इतने बुरे दौर से गुजर रहा है. चीन में विदेशी निवेश माइनस में पहुंच गया है. विदेशी निवेशक चीन से अपना पैसा निकाल रहे हैं. 1998 के बाद पहली बार देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई गेज माइनस में पहुंच गया है. बता दें कि एफडीआई गेज एफडीआई को मापने का पैमाना है. चीन का डायरेक्ट इनवेस्टमेंट लायबिलिटीज माइनस 11.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है जो पिछले साल समान तिमाही में 14.1 अरब डॉलर था. कभी विदेशी कंपनियों की पहली पसंद कहलाने वाले चीन को अब विदेशी कंपनियों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है. चीन का एफडीआई साल के पहले नौ महीने में 8.4 फीसदी तक गिर गया है.

कोविड के बाद से चीन की हालत खराब है. चीन का बैंकिंग सेक्टर, रियल एस्टेट सेक्टर सबकी हालत खराब है. महंगाई इतनी कम हो चुकी है, बावजूद लोगों की खरीदने की क्षमता घट चुकी है. बेरोजगारी दर चरम पर पहुंच चुकी है. बीते महीने चीन में 21.3 फीसदी युवा बेरोगजार हो चुके हैं.



**घटता निवेश**

- चीन की एसएओएफइ ने ताजा आंकड़े जारी किए हैं
- 1998 के बाद एफडीआई गेज माइनस में पहुंचा
- वैनगार्ड ने चीन से बोरिया बिस्तर समेट लिया है

### चीन की ग्लोबल रेटिंग गिरी है

चीन की खस्ताहाल इकॉनमी के कारण उसकी ग्लोबल रेटिंग गिरी है. चीन की इकॉनमी को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं अमेरिका संग तनातनी चल रही है, जिससे विदेशी निवेशक और कंपनियां बुरी तरह घबराई हुई हैं. विदेशी कंपनियां वहां से अपना पैसा निकाल रही हैं. दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी वैनगार्ड ने भी चीन से बोरिया बिस्तर समेट लिया है. चीन कभी विदेशी निवेशकों की पहली पसंद हुआ करता था, लेकिन अब उसकी हालात खराब है. चीन से विदेशी कंपनियां मुंह मोड़ रही है तो वहीं सही मौके पर भारत ने चौका मारा है. भारत ने विदेशी निवेशकों के लिए नियमों में कई बदलाव किए है. अनूकुल वातावरण तैयार किया है. इसी का परिणाम है कि भारत में आईफोन समेत बड़ी कंपनियों ने कारोबार शुरू किया है, .

### फिल्म पिप्पा का प्रीमियर



मुंबई में आगामी फिल्म पिप्पा के प्रीमियर के दौरान कार्यक्रम में शामिल अभिनेता मृणाल ठाकुर, आदित्य रॉय कपूर और अभिनेता ईशान खट्टर. (पीटीआई फोटो)

### एडीबी के प्रतिनिधिनमंडल प्रेम तमांग से मिले

**गंगटोक ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने एम्मा फ्रांसिस मार्सडन की अगुवाई में गुरुवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. बैठक में दोनों पक्षों ने एडीबी द्वारा वित्तपोषित सिक्किम बिजली क्षेत्र विकास परियोजना (एसपीएसडीपी) पर चर्चा की. मुख्यमंत्री ने परियोजना के प्रति समर्थन जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा. अधिकारी ने कहा कि एसएसपीएसडीपी का लक्ष्य सिक्किम में बिजली वितरण के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है. एडीबी द्वारा वित्तपोषित इस परियोजना को 16.5 करोड़ डॉलर की लागत से 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है.

### जेएसडब्ल्यू के इस्पात का उत्पादन 12% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू स्टील का अक्टूबर में अपने कच्चे इस्पात का एकीकृत उत्पादन 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23.12 लाख टन रहा. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पिछले साल इसी महीने में कच्चे इस्पात का उत्पादन 20.64 लाख टन रहा था.

**फैसला** सीएम एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में प्रस्ताव को मंजूरी मिली

# एयर इंडिया की इमारत को खरीदेगी महाराष्ट्र सरकार

**भाषा । मुंबई**

मुंबई की नरीमन प्वाइंट पर स्थित एयर इंडिया की ऐतिहासिक इमारत को महाराष्ट्र सरकार खरीदने जा रही है. महाराष्ट्र सरकार इसके लिए करीब 1600 करोड़ रुपये खर्च करेगी. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली. सरकार इस इमारत को जल्द से जल्द अपने कब्जे में लेना चाहती है और इसके लिए उसने एयर इंडिया के तमाम शुल्क को माफ करने का निर्णय लिया है.

यह इमारत महाराष्ट्र विधानसभा और मंत्रालय (सचिवालय) से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है. एयर इंडिया का मालिकाना हक अभी एयर इंडिया असेट्स होल्डिंग लिमिटेड के पास है. जब एयर इंडिया को बेचने की बात चली थी, तब इसकी सभी संपत्तियों का प्रबंधन करने के लिए 2018 में केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय द्वारा इस कंपनी का गठन किया गया था. मतलब कि महाराष्ट्र सरकार का पैसा केंद्र सरकार की इसी कंपनी के पास जाएगा.

फिलहाल इस इमारत की नौ मंजिलें खाली हैं. तीन मंजिलों पर जीएसटी कार्यालय हैं जबकि आठ मंजिलों पर आयकर विभाग के दफ्तर है. भूतल और पहली मंजिल वर्तमान में एयर इंडिया के पास हैं.



**प्रस्ताव पारित**

- मुंबई की नरीमन प्वाइंट में है यह इमारत
- एयर इंडिया की ऐतिहासिक इमारत 23 मंजिली है
- विधानसभा से 100 मीटर की दूरी पर स्थित है

### 1974 में यह बिल्डिंग बनकर तैयार हुई थी

अरब सागर के किनारे बनी है एयर इंडिया की ऐतिहासिक 23 मंजिली इमारत. कभी एयर इंडिया के अध्यक्ष रहते इस बिल्डिंग के एक-एक हिस्से को जेआरडी टाटा ने बनवाया था. आजादी के बाद इस कंपनी को सरकार ने टेकओवर कर लिया था. लेकिन एयर इंडिया के अध्यक्ष जेआरडी ही रहे. उन्होंने ही मुंबई में अरब सागर के किनारे नरीमन प्वाइंट स्थित मरीन ड्राइव पर 64 एकड़ का प्लॉट देखा. उसी पर एयर इंडिया का हेडक्वार्टर बनाया. इसी बिल्डिंग में पहली बार इलेक्ट्रिक से चलने वाली लिफ्ट लगी थी. 1974 में जब यह बिल्डिंग बन कर तैयार हुई तो लोगों को पता चला कि इसमें तो सेंट्रली एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था है. उस समय यह सुविधा भारत की किसी बिल्डिंग में नहीं थी. इसी बिल्डिंग में एयर इंडिया के चेयरमैन का दफ्तर बना था जहां जेआरडी टाटा नियमित रूप से बैठते थे. साल 2010-11 की बात करें तो इस बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर टीसीएस का दफ्तर था. एयर इंडिया के पास बिल्डिंग के 15 फ्लोर थे जबकि 15 फ्लोर खाली थे.

# मूडीज ने भारत के वृद्धि दर अनुमान को 6.7% पर रखा

**भाषा । नयी दिल्ली**

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है. मूडीज का मानना है कि देश में मजबूत घरेलू मांग की वजह से निकट भविष्य में वृद्धि की रफ्तार कायम रहेगी.

प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण निर्यात कमजोर रहने से मूडीज ने अपने 'वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024-25' में कहा कि घरेलू मांग में सतत बढ़ोतरी भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है. मूडीज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2023 में करीब 6.7 प्रतिशत, 2024 में 6.1 प्रतिशत और 2025 में 6.3 प्रतिशत बढ़ेगी. भारत की आर्थिक वृद्धि दर जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्च तिमाही में 6.1 प्रतिशत थी. घरेलू खपत व ठोस पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में तेजी से देश की आर्थिक वृद्धि मजबूत रही है. मूडीज ने कहा कि मजबूत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह, बढ़ती वाहन बिक्री, बढ़ता उपभोक्ता भरोसा तथा दोहरे अंक की ऋण वृद्धि से पता चलता है कि मौजूदा त्योहारी सीजन के बीच शहरी उपभोग मांग जुझारू बनी रहेगी.



# आदिवासी केंद्रित भाजपा की राजनीति

**लगभग 27 प्रतिशत की आबादी इस राज्य में सरकार बनाने के लिए सबसे बड़ा फैक्टर साबित होती रही है, जिनके मुद्दों को नजरअंदाज कर सत्ता हासिल करना मुश्किल है. इस कथन की व्याख्या कई स्तर पर की जा सकती है. पहली बात तो आदिवासी समुदाय का वोट विभिन्न आधार पर बंटा हुआ नहीं है. यानी 32 जनजातियों का वोटिंग पैटर्न अमूमन एक जैसा है. क्षेत्र के आधार पर जरूर थोड़ा अंतर देखने को मिलता है, मसलन संताल में झामुमो काफी मजबूत है.**

• देश-काल



विवेक आर्यन



झारखंड भाजपा में हाल में हुए बड़े परिवर्तन और नई जिम्मेवारियों के आकलन से प्रतीत होता है कि पार्टी ने राज्य में अपनी राजनीति साफ कर दी है. यह राजनीति आदिवासी वोट की है, जिसके लिए भाजपा कई सालों से प्रयास कर रही है, लेकिन अबतक असफल रही है. प्रधानमंत्री मोदी से लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रमों और बयानों को देखकर भी यह साफ हो जाता है. संकल्प यात्रा के समापन पर जेपी नड्डा आदिवासियों के साथ कथित लूट की बात करते हैं. बाबूलाल भी पूरी यात्रा के दौरान आदिवासी मुद्दों पर मुखरता से अपनी बात रखते हैं. इधर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने खूंटी आने की घोषणा कर दी है. वे बिरसा की जन्मस्थली उलिहातू में बिरसा के परिजनों से मिलेंगे. केंद्र ने पहले ही बिरसा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित कर दिया है. जाहिर है, इन सभी घटनाओं और घोषणाओं को एक साथ देखने की जरूरत है, जिससे झारखंड भाजपा में हो रहे बदलाव का सही आकलन हो सके.

झारखंड में आदिवासी पॉलिटिक्स का रास्ता दरअसल आइडेंटिटी पॉलिटिक्स से होकर गुजरता है. ऐसे में 'ट्राइबल आइडेंटिटी' का एक मजबूत चेहरा भाजपा की सबसे बड़ी जरूरत थी, जिसे पूरा किया साफ और गंभीर छवि के आदिवासी नेता और राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने. रघुवर के नेतृत्व में 2019 का चुनाव हारने के महीने भर बाद ही बाबूलाल भाजपा में शामिल हो गए थे. विलय के लिए बाबूलाल की क्या शर्तें थीं, यह तो वे ही जानें, लेकिन इतना जरूर तय था कि भाजपा बाबूलाल के नेतृत्व में ही आगामी चुनाव लड़ेगी. इसलिए भाजपा ने बाबूलाल को न सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है, बल्कि राज्य में पार्टी का लगभग एकाधिकार भी दे दिया है. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल बनाकर उन्हें झारखंड की सक्रिय राजनीति से दूर किया जाना इस प्रक्रिया का हिस्सा नजर आता है. यह बात शायद तब और स्पष्ट हो जाएगी, जब बाबूलाल के नेतृत्व में कार्य समिति का गठन होगा. यह देखना दिलचस्प होगा कि इस कार्य समिति में रघुवर के करीबी रहे नेताओं को क्या जिम्मेवारियां मिलती हैं.

झारखंड की राजनीति में आदिवासी हमेशा से केंद्र में रहे हैं. 1930 के दशक में पहली बार झारखंड राज्य की मांग का आधार भी आदिवासी हितों/मुद्दों से जुड़ा था और राज्य गठन के दौरान भी आदिवासी मुद्दे ही सबसे अधिक प्रभावी रहे. क्षेत्रफल और जनसंख्या में मध्य प्रदेश से कहीं छोटा होने के बावजूद झारखंड देश की दूसरी सबसे बड़ी आदिवासी आबादी वाला राज्य है. यह एक मात्र राज्य है, जहां आदिवासी नामधारी पार्टी (झामुमो) सत्ता में सबसे बड़ी पार्टी है. इसकी वजह है आदिवासी वोट पर झामुमो की पकड़. लगभग 27 प्रतिशत की आबादी इस राज्य में सरकार बनाने के लिए सबसे बड़ा फैक्टर साबित होती रही है, जिनके मुद्दों को नजरअंदाज कर सत्ता हासिल करना मुश्किल है. इस कथन की व्याख्या कई स्तर पर की जा सकती है.

पहली बात तो आदिवासी समुदाय का वोट विभिन्न आधार पर बंटा हुआ नहीं है. यानी 32 जनजातियों का वोटिंग पैटर्न अमूमन एक जैसा है. क्षेत्र के आधार पर जरूर थोड़ा अंतर देखने को मिलता है, मसलन संताल में झामुमो काफी मजबूत है, लेकिन कोल्हान या दक्षिणी छोटानागपुर में स्थितियां थोड़ी अलग हैं. लेकिन समुदाय या अन्य आधार पर वोट नहीं बंटता, जैसा गैर आदिवासी समुदायों में देखने को मिलता है. इसमें भी आदिवासी चेहरा सबसे बड़ा अस्त्र है. दूसरी बात है कि अन्य राज्यों में जारी भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति झारखंड में फेल हो जाती है. कुछ जिलों में यह जरूर कारगर साबित होता है, लेकिन इस एक अकेले हिंदुत्व के मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता. राज्य के स्थानीय मुद्दे प्रभावी हैं, क्योंकि यहां की मूल आबादी अब तक विकास क्रम में पीछे हैं. उनकी समस्याओं पर बात किए बिना राजनीतिक पहिया नहीं चल सकता. इसकी एक वजह यह भी है कि राज्य की बड़ी आबादी आदिवासियों की है, जिनमें से लगभग 35 प्रतिशत क्रिश्चन हैं. ऐसे में यहां हिंदु और मुस्लिम के अलावा भी एक (सरना को अलग रखें तो दो) ध्रुव है. ऐसे में ध्रुवीकरण की राजनीति से भी यहां दाल नहीं गल पाएगी. हालांकि इस राज्य में पांच साल तक भाजपा ने एक गैर आदिवासी मुख्यमंत्री के माध्यम से शासन किया, लेकिन अब परिस्थितियां दूसरी हैं. पहली तो रघुवर खुद ही चुनाव हार गए और उन्हें लेकर बड़े पैमाने पर नाराजगी हर वर्ग में देखने को मिली. दूसरी तरफ पिछले पांच सालों में हेमंत एक प्रखर आदिवासी नेता के रूप में उभरे हैं, जिनका कद इस समय राज्य में निश्चित ही सबसे बड़ा नजर आता है. शायद भाजपा भी इस बात को समझती है, इसलिए वह हेमंत की पिच पर आकर बैटिंग करने को मजबूर है. फिर चाहे वह सरना कोड का मुद्दा हो या 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति का, भाजपा इन मुद्दों पर बैकफुट पर नजर आई. भाजपा राज्य के आदिवासी वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास कर रही है. यही वजह है कि पार्टी को बिरसा के नाम का इस्तेमाल करना पड़ रहा है. यदि आप झारखंड में आयोजित भाजपा की रैलियों पर गौर करें तो पाएंगे कि पार्टी का कोई भी बड़ा नेता भगवान बिरसा मुंडा, शहीद सिदो-कानू, वीर बुधु भगत, तिलकामांझी, जतरा उरांव, पोटो हो आदि का नाम लेने से नहीं चूकता. देश के इतिहास में पहली बार एक आदिवासी महिला (द्रौपदी मुर्मू) को राष्ट्रपति बनाया जाना भी इसी ओर इशारा करता है.

## सियासत की खैरात यानी रेवड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कहा है कि विपक्ष चाहे जितना भी रास्ता क्यों न रोके, उनकी सरकार देश के अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का सिलसिला अगले पांच सालों तक जारी रखेगी. अप्रैल 2020 से दिसंबर 2022 के बीच 3.45 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी पर 1,015 लाख टन अनाज वितरित किए गए थे. वर्ष 2022 के अंत में, केंद्र ने बढ़ी हुई पात्रता को बंद करते हुए राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को एक वर्ष के लिए सामान्य पात्रता के तहत मुफ्त अनाज देने की घोषणा की थी. भारतीय राजनीति एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसमें चुनावी आचार संहिता के मायने कुछ खास नहीं बचे हैं. चुनावी सभा में प्रधानमंत्री के इस एलान से जाहिर होता है कि भारतीय समाज की इस समय दो हकीकतें हैं. बहुसंख्यक आबादी की जिंदगी अधिक संघर्षपूर्ण होती गई है, मगर उसी समय कुछ लोगों में भविष्य बेहतर होने का भरोसा मजबूत होता गया है. भोजन और आवास के लिए रोजमर्रा का संघर्ष करने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सरकार और संस्थाओं में लोगों का यकीन मजबूत होता गया है. गैलप वर्ल्ड के अनुसार भारत में दो श्रेणियां हैं. पहली श्रेणी का निष्कर्ष हैः युवाओं का अपने बेहतर भविष्य में भरोसा मजबूत हुआ है, ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है, जो मानते हैं कि उनके बच्चों के अवसर बेहतर हुए हैं, शिक्षा को लेकर संतोष में वृद्धि हुई है, बहुसंख्या यह मानती है कि नौकरी पाने के लिहाज से यह अच्छा समय है, उपलब्ध वायु और जल की गुणवत्ता से संतुष्ट लोगों की संख्या बढ़ी है और साल भर पहले की तुलना में वित्तीय संस्थानों में भरोसा रखने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है. अब दूसरे निष्कर्षों पर गौर करेः हर दस में चार व्यक्ति ने कहा कि उसे रोजमर्रा के भोजन के लिए ज्यादा जद्दोजहद करनी पड़ी और ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी, जिन्हें लगता है कि आवास उनकी पहुंच से और दूर हो गया है. तीन अर्थशास्त्रियों ने एक अखबार में लिखा- 'सत्ताधारी एनडीए में लोगों का ऊंचा भरोसा बना हुआ है. हिंदुत्व, अति केंद्रीकरण और व्यक्ति पूजा की बढ़ी संस्कृति इसके पीछे प्रेरक तत्व हैं. लेकिन हम अपने विश्लेषण से इस निष्कर्ष पर हैं कि दरअसल, एनडीए में ऊंचा भरोसा भोजन और आवास की स्थिति बिगड़ने का एक कारण है.' इससे जाहिर होता है कि भरोसा और वास्तविकता के बीच एक गहरा अंतरविरोध है, लेकिन इन हकीकतों को स्वीकार करने से परहेज भी किया जा रहा है. आर्थिक नीतियों पर बात करते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो खास कथन रहा है. एक तो यह कि सरकार को कारोबार में नहीं रहना चाहिए और दूसरा यह कि वे लोगों को खैरात पर निर्भर रखने के बजाय उन्हें आत्म-निर्भर बनाना चाहते हैं. लेकिन वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है आत्म निर्भरता के बजाय खैरात की सियासत ठोस हकीकत है

> युवाओं का अपने बेहतर भविष्य में भरोसा मजबूत हुआ है, ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है, जो मानते हैं कि उनके बच्चों के अवसर बेहतर हुए हैं, शिक्षा को लेकर संतोष में वृद्धि हुई है, बहुसंख्या यह मानती है कि नौकरी पाने के लिहाज से यह अच्छा समय है.

## सुभाषित

**गुरुशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा।**
**अथवा विद्यया विद्या चतुर्थो न उपलभ्यते॥**

गुरु की सेवा करने से या भरपूर धन देने से विद्या प्राप्त की जा सकती है. इसके साथ ही दूसरा उपाय यह है कि एक विद्या का दूसरी विद्या के साथ विनिमय कर सकते हैं. ये ही तीन उपाय मनीषियों ने बताये हैं. ब्रह्मविद्या प्राप्त करने का चौथा कोई रास्ता उपलब्ध नहीं है.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## निस्संतान होने की व्यथा

त्रेता युग में इक्ष्वाकु वंश में महाराजा अज हुए. वह निस्संतान थे और उनके जीवन की सबसे बड़ी व्यथा थी. हमेशा चिंतित रहा करते थे और संतान की प्राप्ति के उपाय ढूंढते रहते थे, लेकिन कहीं उन्हें ऐसा उपाय नहीं मिल पाया जो उनकी इस चिंता को दूर कर पाता. उन्होंने कई बार ऋषि-मुनियों की शरण में जाकर उनसे मंत्रणा की. उसके आधार पर कई यज्ञ-याग कराये, लेकिन उसका भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिल पाया. एक दिन राजा अज अकेले ही भ्रमण को निकले. राजा अज एक दिन एक सरोवर में चले गए. सरोवर मनोरम था. उसमें मनमोहक कमल खिल रहे थे. राजा एक कमल की ओर बढ़ गये, किंतु यह क्या? कमल उनसे दूर हो गया. उन्होंने दुबारा प्रयास किया, फिर कमल दूर हो गया. राजा अज जितना भी उस कमल के पास जाते, वह कमल उनसे उतना ही दूर हो जाता और राजा अज उस कमल को नहीं पकड़ पाये. अंततः आकाशवाणी हुई कि हे राजन आप निःसंतान हैं. आप इस कमल के योग्य नहीं हैं. इस भविष्यवाणी ने राजा अज के हृदय में एक भयंकर घात किया. राजा अज अपने महल में लौट आए और चिंता ग्रस्त रहने लगे, क्योंकि उन्हें संतान नहीं थी, जबकि वह भगवान शिव के परम भक्त थे. भगवान शिव ने उनकी इस चिंता को ध्यान में लिया और उन्होंने धर्मराज को बुलाया और कहा- तुम किसी ब्राह्मण को अयोध्या नगरी पहुंचाओ, जिससे राजा अज को संतान की प्राप्ति के आसार हो. दूर पार एक गरीब ब्राह्मण और ब्राह्मणी सरयू नदी के किनारे कुटिया बनाकर रहते थे. एक दिन वे ब्राह्मण राजा अज के दरबार में गए और उनसे अपनी दुर्दशा का जिक्र कर भिक्षा मांगने लगे. राजा अज ने अपने खजाने में से उन्हें सोने की अशर्फियां देनी चाही, लेकिन ब्राह्मण नहीं कहते हुए मना कर दिया कि यह प्रजा का है. आप अपने पास जो है, उसे दीजिए. तब राजा अज ने अपने गले का हार उतारा और ब्राह्मण को देने लगे, किंतु ब्राह्मण ने मना कर दिया कि यह भी प्रजा की ही संपत्ति है. इस प्रकार राजा अज को बड़ा दुख हुआ कि आज एक गरीब ब्राह्मण उनके दरबार से खाली हाथ जा रहा है.

## लघु और कुटीर उद्योगों के विस्तार की जरूरत

• लघु उद्योग

सुरेश सेठ

देश में बेकारी के बढ़ते आंकड़े चौंकाने वाले हैं. प्रत्येक सरकार दावा करती है कि वह जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है. किसी को भी भूख से मरने नहीं देंगे, इसीलिए अनुकम्पा या उदारता के नाम पर सस्ता अनाज 80 करोड़ जनता में बांटकर, जनकल्याण का रिकार्ड बनाया जा रहा है. सर्वेक्षण बताते हैं कि अब रोजगार खिड़कियों पर इतनी भीड़ नहीं लगती. अब भूख से लोग नहीं मरते. पिछले दस सालों में देश विश्व में दसवीं आर्थिक शक्ति की जगह पांचवीं आर्थिक शक्ति बन गया. शीघ्र ही देश को तीसरी आर्थिक शक्ति बना देने के दावे हैं. लेकिन यह कैसा विकास जहां नई शिक्षा नीति की घोषणा के रोजगारपरक होने के बावजूद नई पीढ़ी को उचित रोजगार नहीं मिलता. वे रोजगार संभावनाओं से निराश होकर नशे के आदी हो रहे हैं या बेहतर जिंदगी की तलाश में विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं. प्रत्येक राज्य की सरकारें यही कहती हैं कि हम बेकारी की समस्या को प्राथमिकता से हल करेंगे. वर्षों से चलती हुई कच्ची आसामियों को पक्का कर देंगे. अब इस चुनावी मौसम में, जो पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा के बाद शुरू होने जा रहा है. हम नये नियुक्ति पत्र बांटकर नौजवानों को रोजगार देकर वर्षों पुरानी समस्या का समाधान कर देंगे. लेकिन बेकारी की समस्या का यह कैसा निदान? नई नौकरियों के विज्ञापनों की बाढ़ उसकी हामी नहीं भरती. ऐसी किसी रोजगार नीति की घोषणा नहीं होती, जिससे बेरोजगार नौजवान को उसकी शिक्षा और योग्यता के अनुसार स्वतः रोजगार मिल जाएगा. मजबूर होकर उच्च योग्यता वाले ही नहीं, बल्कि डॉक्टरेट की योग्यता वाले नौजवान भी तीसरे दर्जे तक की नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं. पिछले दिनों पंजाब में पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती के लिए बेकारों की कतार में एमए और पीएचडी वाले भी खड़े थे. जबकि नौकरी की योग्यता केवल दसवीं थी. देश में केरल को शिक्षित राज्य माना जाता है. अभी पिछले दिनों सरकारी कार्यालयों के लिए चपरासी की नौकरी के विज्ञापन निकले. जिसकी शैक्षणिक योग्यता सातवीं पास और साइकिल चलाने का ज्ञान. विडंबना यह थी कि जिन उम्मीदवारों की कतार लगी, उनमें बीटेक ग्रेजुएट, बैंकिंग के डिप्लोमाधारी और शोध छात्र थे. क्योंकि यहां साइकिल चलाने की योग्यता अपेक्षित थी, फिर भी उच्च शिक्षा प्राप्त साइकिल चलाना सीखते भी देखे गए. जहां तक बेरोजगारी के आंकड़ों का संबंध है, बेकारी से जूझने की नीतियां अब वह प्राथमिकता नहीं पातीं, जितना हमारे चुनावी एजेंडे में रियायती रेवड़ियां बांटने की परम्परा है. सवाल उठता है कि भूखे को रोटी तो देंगे, लेकिन उसे यथोचित नौकरी की गारंटी क्यों नहीं? पढ़ा-लिखा या अनपढ़ शारीरिक श्रम से ही अपनी जिंदगी गुजारने की सोचता है. नौकरी न मिले तो सोचता है कि पढ़ने-लिखने की क्या जरूरत, कोई शार्टकट तलाश करो और मजे से जिंदगी जीयो. बेरोजगार युवा वर्ग को जब तक यथोचित नौकरी नहीं मिलती, शिक्षा की नीति पुरानी हो या नयी, निरर्थक-सी लगने लगती है. जब भी चुनावों की घोषणा होती है, पार्टी के चुनावी एजेंडे में नई नौकरियां पैदा करने की कोई सार्थक नीति सामने नहीं आती. अब पिछले दशक में पैदा हुई नई नौकरियों की बात करें तो पाते हैं कि पुरानी शिक्षा और कोर्सों के चलते आज के इंटरनेट और डिजिटल समय में वे युवा तालमेल नहीं बिठा पाते. आंकड़े बता रहे हैं कि कंप्यूटर या साइबर क्षेत्र में नौकरियां खाली पड़ी हैं. नये सर्वेक्षण बता रहे हैं कि निजी क्षेत्र में जहां नई नौकरियां पैदा होने की संभावना है, नौजवानों की अपेक्षा अधेड़ उम्र लोगों को देने का प्रचलन ज्यादा दिख रहा है. उनका मानना है कि इन लोगों के पास अनुभव ज्यादा होता है, साथ ही प्रशिक्षित होते हैं, इनसे गलतियां होने की संभावनाएं कम रहती हैं. यह तो कोई तर्क नहीं. सवाल उठता है कि अगर इन नौकरियों के लिए युवा योग्य नहीं हैं तो दोष उन शिक्षा परिसरों का है, जो अपेक्षाओं के मुताबिक अपने कोर्सों में समय के साथ सिलेबस में परिवर्तन नहीं कर पाए. पुराने टीचर पुराने ढंग से पुरानी डिग्रियों की पढ़ाई करवा रहे हैं. डिजिटल क्षेत्र में निपुणता प्राप्त करने के लिए प्रयास नहीं किये जा रहे. इसका एक कारण अध्यापकों ने नये सिलेबस, नये कोर्सों के मुताबिक अपने आपको प्रशिक्षित नहीं किया. इस कारण वे शिक्षा के क्षेत्र में नई अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रहे. इसके अलावा देश में निजी क्षेत्र के विस्तार के साथ-साथ बड़े उद्योगपतियों ने स्वचालित मशीनों वाली फैक्टरियां लगा लीं.

> वर्षों से चलती हुई कच्ची आसामियों को पक्का कर देंगे. अब इस चुनावी मौसम में, जो पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा के बाद शुरू होने जा रहा है. हम नये नियुक्ति पत्र बांटकर नौजवानों को रोजगार देकर वर्षों पुरानी समस्या का समाधान कर देंगे. लेकिन बेकारी की समस्या का यह कैसा निदान? नई नौकरियों के विज्ञापनों की बाढ़ उसकी हामी नहीं भरती.

## लोकप्रिय नैतिकता नहीं, संवैधानिकता अहम

• सामयिकी

जेपी सिंह

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने पिछने दिनों कहा कि तथ्य यह है कि न्यायाधीश लोगों द्वारा नहीं चुने जाते हैं, यह न्यायपालिका की कमी नहीं है, बल्कि इसकी ताकत है. उन्होंने कहा, मामलों का फैसला करते समय न्यायपालिका विधायिका या कार्यपालिका जैसे लोगों के प्रति जवाबदेह नहीं है.सीजेआई ने कहा कि "हम राज्य की निर्वाचित शाखा नहीं हैं और इसका कोई कारण नहीं है. निर्वाचित शाखा और कार्यपालिका महत्वपूर्ण हैं. वे लोगों के प्रति जवाबदेह हैं. विधायिका संसद के प्रति जवाबदेह है और एक न्यायाधीश और सीजेआई के रूप में मैं इसका सम्मान करता हूं. लेकिन न्यायाधीशों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को पहचानना भी उतना ही महत्वपूर्ण है. तथ्य यह है कि हम निर्वाचित नहीं हैं, यह हमारी प्रक्रिया में कमी नहीं है, बल्कि हमारी प्रक्रिया में एक ताकत है." परिणामस्वरूप, न्यायाधीश मामलों का निर्णय करते समय इस बात की चिंता नहीं करेंगे कि समाज उनके निर्णयों को किस प्रकार देखेगा. उन्होंने कहा कि वे लोकप्रिय नैतिकता के बजाय संविधान की नैतिकता के अनुसार चलेंगे. चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जज लोकप्रिय नैतिकता से नहीं, बल्कि संवैधानिक नैतिकता से चलते हैं. उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता में संविधान के वे मूल्य शामिल हैं, जिनका समर्थन करना अदालतों का उद्देश्य है जैसे कि भाईचारा, मानवीय गरिमा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समानता. उन्होंने कहा, "न्यायाधीश यह नहीं देखते कि जब वे मामलों का फैसला करेंगे तो समाज कैसे प्रतिक्रिया देगा, सरकार के निर्वाचित अंगों और न्यायपालिका के बीच यही अंतर है." सीजेआई ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट हाल ही में हमारे समय के कुछ सबसे कठिन सवालों पर सुनवाई कर रहा है. उन्होंने कहा, "हम सही होने का दावा नहीं कर सकते. हम अंतिम हैं इसलिए नहीं कि हम सही हैं, बल्कि हम सही हैं क्योंकि हम अंतिम हैं. लेकिन यह कोई कारण नहीं है कि अदालत हमारे समय के महत्वपूर्ण मुद्दों का जवाब न दे. हम जो काम करते हैं, वह आलोचना और व्यापक सामाजिक संवाद के लिए खुला है." बातचीत के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि अदालतें तीन महत्वपूर्ण कार्य करती हैं, जो केवल मामलों का फैसला करने तक ही सीमित नहीं है. सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण वे मामले हैं, जिन पर हम निर्णय लेते हैं. लेकिन अदालतें सामाजिक जुड़ाव के लिए भी महत्वपूर्ण मंच बन गई हैं, न केवल हमारे द्वारा दिए गए फैसलों के लिए, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच बातचीत के लिए जगह बनाने के लिए भी. तीसरा वह कार्य है जो हम अपनी प्रशासनिक क्षमता में करते हैं.उन्होंने न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा किए गए कुछ प्रशासनिक कार्यों के बारे में बताया. उदाहरण के लिए, न्याय तक पहुंच में महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक भाषा है. हम एआई समर्थित टूल का उपयोग करके सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया में हैं. अदालतों को लोगों तक पहुंचना चाहिए ताकि लोग समझें कि हमारी अदालतों में क्या चल रहा है. सीजेआई ने कहा कि न्यायालयों को बंधुत्व, स्वतंत्रता समानता जैसे व्यापक मूल्यों का समर्थन करना होगा – हम कानूनी प्रणाली पर एक स्थिर प्रभाव डालते हैं. कुछ समाजों में बंदूक की शक्ति ने कब्जा कर लिया है. सीजेआई ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को विधायिका द्वारा सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि उन्हें लगता है कि फैसला गलत है. बल्कि कानून बनाकर ही किसी खामी को दूर किया जा सकता है. सीजेआई ने कहा कि विधायिका किसी फैसले को खारिज नहीं कर सकती, क्योंकि उन्हें लगता है कि कोई फैसला गलत है. लेकिन अगर अदालत ने एक निश्चित तरीके से कानून की व्याख्या की है, तो उस दोष को ठीक करने के लिए विधायिका हमेशा खुली रहती है. कर क्षेत्र में ऐसा अक्सर होता रहा है." न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु के संदर्भ में, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीशों को सेवानिवृत्त होना ही चाहिए, क्योंकि यह "मनुष्यों पर उनकी अचूकता को थोपने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, यह कहकर कि उन्हें सेवानिवृत्त नहीं होना चाहिए." सीजेआई ने कहा, " आने वाली पीढ़ियों को यह जिम्मेदारी सौंपना महत्वपूर्ण है, जो अतीत की त्रुटियों को इंगित कर सकें और समाज के विकास के लिए सामाजिक कानूनी ढांचे को फिर से तैयार कर सकें."

> हम अंतिम हैं इसलिए नहीं कि हम सही हैं, बल्कि हम सही हैं क्योंकि हम अंतिम हैं. लेकिन यह कोई कारण नहीं है कि अदालत हमारे समय के महत्वपूर्ण मुद्दों का जवाब न दे. हम जो काम करते हैं, वह आलोचना और व्यापक सामाजिक संवाद के लिए खुला है." बातचीत के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि अदालतें तीन महत्वपूर्ण कार्य करती हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

## पारिस्थितिकी खतरे के हालात



**इंस्टीट्यूट** फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस यानी आईईपी की हालिया रिपोर्ट गंभीर चिंता का विषय है. रिपोर्ट में व्यापक अध्ययन के बाद कहा गया है कि पांचवें दशक तक दुनिया के 2.8 अरब लोगों को पारिस्थितिकी खतरे वाले क्षेत्रों में रहना पड़ेगा. यद्यपि मौजूदा समय में भी 1.8 अरब लोग गंभीर पारिस्थितिकी खतरों से जूझ रहे हैं. दरअसल, आईईपी ने 221 देशों और 3594 उप-राष्ट्रीय क्षेत्रों में विभाजित स्वतंत्र क्षेत्रों को अपने अध्ययन में शामिल किया है, जहां दुनिया की 99.99 प्रतिशत आबादी निवास करती है. इसमें से करीब 66 देशों को कम से कम एक गंभीर पारिस्थितिकी खतरे का फिलहाल सामना करना पड़ रहा है. इसमें तीन देश हॉटस्पॉट बनने से उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया. दरअसल, जल, वायु, ध्वनि व मिट्टी प्रदूषण के अलावा खाद्य आपूर्ति श्रृंखला का बाधित होना, जनसंख्या वृद्धि तथा प्रतिकूल कुदरती परिस्थितियों के कारण होने वाला विस्थापन आदि पारिस्थितिकी संकट के मूल में हैं. पर्यावरण की दिन-प्रतिदिन खराब होती स्थिति ने इस संकट को बढ़ाया ही है. इसी के चलते आशंका व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2050 तक 2.8 अरब से अधिक लोग संकटग्रस्त इलाकों में रहने को बाध्य होंगे. मौजूदा हालात इतने खराब होते जा रहे हैं कि गंभीर संकट से जूझते देशों की संख्या बीते साल तीन से बढ़कर तीस हो गई है. इतना ही नहीं, गंभीर परिस्थितियों के चलते तीन देश पारिस्थितिकी संकट के चलते हॉटस्पॉट बनकर उभरे हैं और उनका अस्तित्व ही संकट में पड़ता नजर आ रहा है. इन तीन देशों में हमारा पड़ोसी म्यांमार व नाइजर तथा इथियोपिया सम्मिलित हैं. इन देशों में आंतरिक अशांति व अकुशल शासनतंत्र के चलते पर्यावरणीय चिंताएं हाशिये पर चली जाती हैं, जिसके चलते मानवीय त्रासदी लगातार भयावह होती जा रही है. मौसम की तल्खी के चलते जहां फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है, वहीं बाढ़ व भूस्खलन जैसी आपदाओं ने संकट को और गहरा किया है. गरीबी व आंतरिक अशांति ने इस संकट को अधिक बढ़ाया है.दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग से उपजे गहरे संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है. कमोबेश, भारत भी ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से अछूता नहीं है. **(द ट्रिब्यून)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### पाल/पाला

**रात** में खुले मैदान में कार्यक्रम करा रहे हैं तो पाल जरूर तनवाइये, नहीं तो वहां लोगों को पाला मार देगा. इस वाक्य में हमें पाल से भी पाला पड़ रहा है और पाला से भी. खुले मैदान में पड़ने वाला पाला नहीं, बल्कि सामना होने के अर्थ में आनेवाला पाला. पाल और पाला शब्दों के बीच में मात्र एक आकार का अंतर है. पाल के 'ल' अक्षर में आकार लग गया तो बन गया पाला. इसका मतलब यह नहीं समझना चाहिए कि पाला शब्द पाल से ही बना है, क्योंकि दोनों के बीच अर्थ के रूप में भी कोई समानता नहीं है. दोनों शब्द अनेकार्थक हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश में पाल शब्द को दो विभागों में बांट कर प्रस्तुत किया गया है. पहले भाग वाले पाल का मतलब है कच्चे फलों को पकाने की कृत्रिम विधि, फलों को गरमी पहुंचाकर पकाने के लिए पत्ते बिछाकर रखने की विधि. दूसरे विभाग का पाल संस्कृत मूल का है. इसका अर्थ पालक, पालनकर्ता, चरवाहा. इसी अर्थ में गोपाल शब्द की व्युत्पत्ति हुई है. पाल के और भी अर्थ हैं, जैसे पीकदान, चित्रक वृक्ष, चीते का पेड़, बंगाल का एक प्रसिद्ध राजवंश, जिसे पालवंश के नाम से जाना जाता है, बंगालियों में एक कुलनाम, राजा, नरेश, वह लंबा चौड़ा कपड़ा जिसे नाव के मसतूल से लगाकर इसलिए तानते हैं कि उसमें हवा भरे और नाव को धकेले, तंबू, शामियाना, चंदोवा, गाड़ी या पालकी आदि ढकने का कपड़ा, ओहार, मेंड़, ऊंचा किनारा, कगार, तट. इसी प्रकार पाला का मतलब है हवा में मिले हुए पानी भाप के अत्यंत सूक्ष्म कण जो ठंडक के कारण पृथ्वी पर सफेद तह के रूप में जम जाते हैं और फसल को नुकसान पहुंचाते हैं. पाला का मतलब प्रधान स्थान, पीठ, पतला, अखाड़ा भी होता है. पाला से बना मुहावरा है पाला पड़ना यानी सामना होना या काम पड़ना, पाला बदल देना यानी विरोधी पक्ष से जा मिलना.

## रामभरोसे तुम कौन हो ?

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



तुलसीदास जी ने एक दोहा लिखा था जो इस प्रकार हैः-एक भरोसे एक बल, एक आस विश्वास. एक राम घनश्याम हित, चातक तुलसीदास. अर्थात एक राम के भरोसे यह तुलसीदास है. यह रामभरोसे अपने आपमें आस्था का परिचायक था. न जाने कितनी शताब्दियों से रामभरोसे ईश्वर के प्रति जनता के गहरे विश्वास को प्रतिबिंबित करता रहा. कब यह हास्य और व्यंग्य में बदल गया, कुछ समझ में नहीं आता. राम पर भरोसा करना बुरी बात नहीं होती है. इसकी तो प्रशंसा होनी चाहिए. आदमी राम पर भरोसा करे और यह सोचे कि राम के भरोसे हम चल रहे हैं, राम के भरोसे हमारा काम अवश्य होगा, राम के भरोसे हम जीवित रहेंगे, राम के भरोसे हम इस संसार में धन-संपत्ति सुख संपदा एकत्र करेंगे तो इसमें बुरा नहीं है. रामभरोसे का मतलब है एक आस्थावान व्यवस्था, आस्था पर आधारित समाज, ईश्वर के प्रति गहरी समर्पण भावना का परिचायक तंत्र. मगर अब रामभरोसे का मतलब अस्त-व्यस्त होने लगा. जो चीज जर्जर है उसे रामभरोसे कह दिया जाता है. जिस चीज में हजारों छिद्र हों, वह रामभरोसे कहलाती है. जहां कोई नियमबद्धता न हो, वह रामभरोसे हो गया. जहां कुछ अता-पता न मिले वह रामभरोसे है. जिसके डूबने की आशंका ज्यादा है, उसे रामभरोसे कहा जाता है. गरज यह है कि एक जमाने में जिसके साथ जीवन की आशा जुड़ती थी, अब वह रामभरोसे शब्द मरण के साथ जुड़ कर रह गया है. किसी को अगर किसी के आलसीपन को उभार कर टिप्पणी करनी है तो वह कह देता है कि भाई साहब! आप तो रामभरोसे लग रहे हैं. सबसे बड़ी मुश्किल तो उन लोगों की आ गई, जिनका नाम ही रामभरोसे है. वे बेचारे क्या करें? सड़क पर जा रहे हैं और किसी ने बुला लिया कि "रामभरोसे ! जरा इधर तो आइए!"

अब सबकी नजरें उनकी तरफ उठ गईं और लोग देखने लगे कि अरे! यही रामभरोसे हैं! इन्हीं के ऊपर सारी व्यवस्थाओं का बोझ टिका हुआ है ! वह बेचारे अपनी सफाई देते फिरते हैं कि हम वह राम भरोसे नहीं है ,जो आप समझ रहे हैं. हम सही मायने में सही वाले रामभरोसे हैं, लेकिन कौन, किसको, कहां तक, कितना समझाएं ! रामभरोसे दुखी है. वह कोने में सिर झुकाए बैठा हुआ है. कह रहा है– "हमारे तो नाम का बंटाधार हो गया ! अब कौन अपना नाम रामभरोसे रखेगा!" एक अच्छा – भला नाम देखते–देखते कुछ सालों में कितना बिगड़ जाता है, यह रामभरोसे के उदाहरण से समझा जा सकता है.




*आज धनतेरस है. बाजार में दीपपर्व की रौनक है. लोग खरीदारी के मूड में महीने की शुरुआत से ही नजर आ रहे. मार्केट-मॉल में उत्साह का आलम दिख रहा है. एक अनुमान के अनुसार इस बार करीब 200 करोड़ रुपए का कारोबार धनतेरस पर होगा. धनतेरस में खरीदारी करने की पुरानी परंपरा है. इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा के लिए लोग सोने चांदी के गहनों, प्रॉपर्टी में निवेश, कीमती रत्न, इलेक्ट्रॉनिक सामान व धातुओं की खरीदारी करते हैं. आज के अंक में जहां डॉ मयंक मुरारी धनतेरस के आध्यात्मिक व आरोग्य पक्ष पर प्रकाश डाल रहे हैं, वहीं अजय कुमार मिश्रा बता रहे हैं कि किस राशि के लिए किस सामान की खरीदारी श्री-समृद्धि में वृद्धिकारक होगी. वहीं वास्तु विशेषज्ञ स्वामी विमलेश कुछ ऐसे सामान की खरीदारी व पूजन की सलाह दे रहे जो वास्तु के दृष्टि से धन व सौभाग्य में वृद्धि में सहायक होंगे और विकास की राह प्रशस्त करेंगे-*

# बरसे धन



# स्वस्थ और समृद्धि का अमृत-कलश



डॉ मयंक मुरारी

वेद में मनुष्य के शरीर को घट या कलश कहा गया है. मनुष्य का एक नाम समुद्र है. मनुष्य रूपी समुद्र में हमारे शुभ और अशुभ विचारों के मंथन से कई रत्नरूपी सद्गुण का विकास होता है. अमृत कलश हमारे जीवन का सद्गुण है, जो सदैव मंथन के बाद प्राप्त होता है. वैदिक कालीन अश्विनी के हाथ में मधुकलश था वहां धन्वन्तरि के हाथों में अमृत कलश है. यह अमृत कलश या मधुकलश जिसके हाथ में है, उस हाथ की प्रधानता है. ऋग्वेद में ऋषि के हाथ को ही भगवान और सौभाग्य माना गया है-अयं मे हस्तो भगवान. यह हाथ भगवान है, तो यह हाथ सौभाग्य और समृद्धि का साधन है. धन्वंतरि के हाथ में अमृत कलश यह दर्शाता है कि जब कोई आध्यात्मिक अभ्यास के माध्यम से समस्त जीव जगत के लिए अमरता की तलाश करता है तो वह अपने कर्म के ऊर्ध्वगामी प्रकृति के कारण देवत्व का स्थान प्राप्त कर लेता है.

## सुख और समृद्धि की इच्छा

धन्वंतरि के हाथ में अमृत कलश के साथ अवतरण भारतीय सभ्यता की अनूठी कथा है. श्रीविष्णु संसार की रक्षा करते हैं, पालन करते हैं और उनका संवर्द्धन करते हैं, अतएव देव हैं. उसी प्रकार रोगों से रक्षा करने वाले धन्वंतरि को विष्णु का अंश माना गया. वैदिक कालीन अश्विनी कुमारों की भूमिका मृत्यु को दूर करना है. अर्थववेद (7.53.1) में अश्विनी कुमार को देवताओं का वैद्य कहा गया है. उनसे प्रार्थना है कि हे देवताओं के भिषक् अश्विनी कुमार! अपनी शक्ति के द्वारा मृत्यु को हमसे दूर करो. वैदिक ग्रंथों में सोम और मधु के माध्यम से आनंद की अभिव्यक्ति है. यह आनंद की अभिव्यक्ति परवर्ती काल में अमृतपान के साथ जुड़ गयी. धन्वंतरि के हाथों में जो अमृत कलश है, वह भारतीय जीवन में सुख और समृद्धि की सबकी इच्छा है. क्षीणसागर मन या मानवीय चेतना का समुद्र है. विचार और भावना के लहरों में जीव का कल्याण करना और उसे अमरता की ओर आरोहण करना मानसिक एकाग्रता के साथ संपूर्ण साधना की आकांक्षा करता है. जीवन कर्म प्रधान है, जहां मनुष्य के कर्म और श्रम का मुख्य कारण हाथ है. अतएव यह मनुष्य जीवन सदैव समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए धन्वंतरि के पथ का अनुगामी होने का अभिलाषी है, जिन्होंने अपनी एकागता, संकल्प से स्वस्थ जीवन का अमृत पथ दिखाया. केनोपनिषद (6.14) कहता है कि जब हृदय की सकल कामनाएं जीत ली जाती हैं, वहीं मर्त्य मानव अमृत पाता है और इसी जीवन में ब्रह्म की अनुभूति कर लेता है, जो सबकी आत्मा है.

## धन्वंतरि के पास थी अमृत निर्माण की कला

इस सृष्टि में जगत और जगत में जीव केंद्र में है. जीव यानी शरीर सांसारिक सुख का भोग करे, यह अपेक्षित है. परंतु सतत भोग करते हुए शतायु हो. इसकी भी भारतीय सभ्यता में चिंता है. ऋग्वेद में जीवन को मृत्यु से बचाया जाए, इसलिए महामृत्युंजय मंत्र की संकल्पना की गयी है. मधु, सोम, संजीवनी, अमृत की बात बार-बार की गयी है, ताकि जीवन लंबा के साथ स्वस्थ हो. ऋग्वेद के नवम मंडल सोम को समर्पित है, इससे पता चलता है कि भारद्वाज, वत्स और विश्वामित्र सहित कुछेक ऋषियों के कुल को सोम और संजीवनी बनाने की कला पता थी. उसी प्रकार परवर्ती काल में अमृत निर्माण की कला धन्वंतरि के पास थी. सोम, औषधि, चंद्र तथा अमृत ये सभी शब्द अंतर संबंध रखते हैं. इन्हीं से अनुसंधान करके धन्वंतरि ने चौबीस प्रकार के सोम प्रस्तुत किए थे. इन्हीं से अमृत का निर्माण होता था. अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण के पात्र में ही बताया है. यह स्वर्ण का पात्र भी रुपक है. सृष्टि का उद्भव को भी हिरण्यगर्भ यानी स्वर्ण जैसे अति चमकदार वस्तु ने माना गया है. सूर्य सविता है और उनकी किरणें स्वर्णिम है, अतएव सविता के हाथ को हिरण्यपाणि (1.22.5) कहा गया है. ऋग्वेद (10.74.3) में कहा गया है कि देवता सदा से नहीं हैं और उनका उद्भव सृष्टि के साथ होता है. ऋषियों ने कहा कि सूर्य दिव्य है, अतएव देवता है, पृथ्वी भरण-पोषण करती है, जीवन देती है अतएव माता है. विष्णु पालन करते हैं, सर्वव्यापक है और उनके चरणों में मधु यानी अमृत का वास है- विष्णोनः पदे परमे मध्वा उत्स (1.154.5). इसी प्रकार धन्वंतरि सहित सभी राम, कृष्ण, बुद्ध और पूर्ववर्ती वामन, कूर्म और नरसिंह आदि विष्णु के अवतार है, जो जगत की चिंता करते हैं.

## विष्णु के अवतार हैं धन्वंतरि

जगत की चिंता के कारण ही धन्वंतरि को भारतीय जीवन में केंद्रीय स्थान प्राप्त है. वह विष्णु के अवतार हैं, वह समुद्र मंथन के समय में हैं, वह महाभारत काल में हैं. वह विक्रमादित्य के समय में है. वह महात्मा बुद्ध के समय में है. जीवक को भी महात्मा बुद्ध ने धन्वंतरि जीवक के रूप में उल्लेख किया है. आज धन्वंतरि का अमृत नहीं है, लेकिन धन्वंतरि का कर्म अमरता को प्राप्त है. इसके साथ ही धन्वंतरि के हाथ में अमृतकलश को भारतीय जीवन में शाश्वत स्थान प्राप्त है. भारतवर्ष की अध्यात्म नगरी काशी के राजवशों ने भारत के इतिहास को आलोकित करने में बहुमूल्य योगदान दिया है. इस नगरी को महाराज काश ने बसाया था. इन्हीं के पौत्र धन्व ने समुद्र की तपस्या करके पुत्र रूप में धन्वंतरि को प्राप्त किया था. ये वही धन्वंतरि हैं, जिनकी स्वस्थ जीवन के लिए अमृत खोज ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था. पहली बार महाभारत के रचयिता वेदव्यासजी ने विष्णु के चैबीस अवतारो में धन्वंतरि को परिगणित किया है. अमृत रूपी स्वस्थ और सफल जीवन का सूत्र केवल देवपक्ष तक न रहे, इस तथ्य को लेकर दोनों पक्षों में समुद्र तट पर विचार-विमर्श हुआ था. इसी मंत्रणा को उस समय समुद्र मंथन की संज्ञा दी गई थी. कश्यप, आत्रेय आद ऋषियों ने यज्ञ में धन्वंतरि के लिए एक आहुति देने का विधान किया. कहा जाता है कि धन्वंतरि ने एक सौ एक प्रकार की मृत्युओं का उल्लेख किया है, जिसमें एक अकाल मृत्यु होती है, जिसे प्रत्येक शरीरधारी को स्वीकार करना पड़ता है. इस अकाल मृत्यु को रोकने का प्रयास धन्वंतरि ने अपनी चिकित्सा पद्धति में किया है. चिकित्सा के माध्यम अमरता के लिए धन्वंतरि परंपरा के ऋषियों का प्रयास अभूतपूर्व रहा है. चिकित्सा की आयुर्वेद में दो शाखाएं हैं. एक आत्रेयी शाखा जो काया चिकित्सा प्रधान है और दूसरी धंवन्तरि शाखा जो शल्य चिकित्सा प्रधान है. यह शरीर को पुनर्जीवन देना है, जो अमरता के तुल्य है.

## राशि के अनुसार करें खरीदारी





आचार्य अजय मिश्रा

### मुर्हूत

धनतेरस के दिन लक्ष्मी गणेश की पूजा का शुभ मुर्हूत

| | |
|---|---|
| वृष लग्न | संध्या 5:30 से 7:30 तक |

**खरीदारी का समय**

| | |
|---|---|
| प्रात: | 6:47-8:10<br>8:15-9:35<br>09:35-10:58 |
| दोपहर | 12:22-01:46 |
| शाम | 04:34-05-58<br>05:45-07:55<br>08:45 – 10:09 |

**मेष :** धन-धान्य में वृद्धि के लिए चांदी की लक्ष्मी या कुबेर की प्रतिमा खरीदें. इससे दरिद्रता भागेगी.

**वृष :** चांदी के बने पूजा के बर्तन खरीदें. चांदी के सिक्के आदि की खरीदारी शुभ रहेगी.

**मिथुन :** इस राशि वालों के लिए सोने के बने सिक्के, बर्तन, मूर्तियां या गहने की खरीदारी शुभ रहेगी.

**कर्क :** चांदी का श्रीयंत्र खरीदें. धनतेरस के दिन इसकी पूजा करें और फिर उसी दिन तिजोरी में स्थापित कर दें.

**सिंह :** सोने के गहने, बर्तन, सिक्के आदि की खरीदारी शुभ रहेगी. इसके अलावा धार्मिक ग्रंथों को भी खरीद सकते हैं.

**कन्या :** पीतल के बर्तन, श्रीयंत्र, शंख या शंख की चूड़ी आदि की खरीदारी सुख समृद्धि में वृद्धिदायक होगी.

**तुला :** इलेक्ट्रॉनिक सामान, किचन से जुड़ा सामान, चांदी के बर्तन-सिक्के आदि की खरीदारी रोगनाशक व धन-धान्य में वृद्धिदायक होगी.

**वृश्चिक :** भूमि-वाहन, औषधि, अनाज, घर का सजावटी सामान खरीदना शुभ होगा. भगवान का चित्र भी खरीद सकते हैं.

**धनु :** वाहन, पीतल या सोने के गणेश-लक्ष्मी की तस्वीर अंकित सिक्के, गुड लक प्लांट आदि की खरीदारी शुभ रहेगी.

**मकर :** नीले रंग की वस्तु या कपड़े की खरीदारी, लकड़ी से बने सामान की खरीदारी दुर्भाग्य का नाश करेगी.

**कुंभ :** चांदी के बर्तन व लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर वाले सिक्के की खरीदारी करें. पीतल का दीपक या तांबे का जलपात्र भी ले सकते हैं.

**मीन :** इलेक्ट्रॉनिक आयटम, पीतल के बर्तन, काष्ठ या पीतल निर्मित कामधेनू गाय, गोमती चक्र, कौड़ी खरीदना शुभ होगा. ऋण मुक्ति होगी.



# धनतेरस-दीपावली पर लक्ष्मी प्राप्ति के स्वर्णिम प्रयोग



स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री

**कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, धनतेरस, कहलाती है. वस्तुत: यह यमराज से संबंध रखने वाला व्रत है. धनतेरस के दिन सूर्यास्त होने पर घर के बाहर मुख्य द्वार पर एक मिट्टी के पत्र में अन्न, धान ,गेहूं या जौ रखकर उसके ऊपर यमराज के निमित्त दक्षिणमुखी दीप जलाना चाहिए तथा धूप अगरबत्ती आदि से उसकी पूजा अर्चना करना चाहिए. ऐसी मान्यता है कि धनतेरस के दिन यमराज के उद्देश्य से जो कोई भी दीप दान करेगा उसकी आकस्मिक मृत्यु नहीं होगी. लक्ष्मी प्राप्ति व सुख शांति सौभाग्य समृद्धि के लिए कुछ अचूक उपाय यंत्रों द्वारा घर में स्वास्थ्य समृद्धि धनतेरस पर किया जा सकता है. आइए, ऐसे ही उपायों की करें चर्चा-**

## सियार सिंगी, हत्था जोड़ी, काली बिल्ली की जेर

जैसा नाम वैसा काम लक्ष्मी की सारी साधनाएं विफल हो जाए और व्यक्ति को हाई प्रोफेशन सिस्टम में जाना हो तो यह तीन चमत्कारी वस्तुओं को धनतेरस के दिन अवश्य प्राप्त करें. ये हैं सियार सिंगी, हत्था जोड़ी, काली बिल्ली की जेर. हत्था जोड़ी और सियार सिंगी व काली बिल्ली के जेर में मां चामुंडा का बस होता है. अभिमंत्रित होने के बाद इसकी शक्ति असीमित हो जाती है. इन तीनों में साक्षात चामुंडा देवी का प्रतिरूप माना जाता है. हत्था जोड़ी एक विषैला पौधे की जड़ होते हैं जो पायः नेपाल व मध्य प्रदेश के जंगलों में पाया जाता है. इनमें वशीकरण की असीम शक्ति होती है इनको अपने पास रखने से हर क्षेत्र में जबरदस्त सफलता मिलती है. कोर्ट कचहरी व केस में सफलता के लिए आप इन्हें अपने पास रखें. जिनको कर्ज से मुक्ति नहीं मिल रही है या बेल नहीं मिल रहा है वह भी आजमा कर देखें. चमत्कारी लाभ होता है. इनको रखने से भूत प्रेत का भय नहीं रहता और धन संपत्ति में बहुत लाभदायक माना जाता है. यह बहुत ही शक्तिशाली व प्रभावशाली है.

काली बिल्ली का जेर अभूतपूर्व धन का भंडार माना जाता है. यानी कि कभी ना खत्म होने वाली धन-संपत्ति. कहते हैं जिस घर में काली बिल्ली की जेर होती है उस घर में कोई ना कोई व्यक्ति हाय-प्रोफेशन के सिस्टम में जाता है जैसे राजनीति, आई.पी.एस अधिकारी, फिल्मी लाइन या हाई- प्रोफाइल बिजनेसमैन उद्योगपति बनता है. इन तीनों में अत्यंत प्रभावशाली वशीकरण की शक्ति है. यह तीनों जिनके पास होता है किसी को भी बशीभूत कर सकते हैं. स्त्री-पुरुष, वृद्ध -बालक, राजा-रंक, अधिकारी आदि को सम्मोहित वशीभूत करके अपने मन के अनुकूल कार्य कर सकता है किंतु इसका दुरुपयोग करने अथवा अपवित्र भावना से प्रयोग करने पर हानि उठानी पड़ सकती है. सियार सिंगी, हत्था जोड़ी और काली बिल्ली का जेर आप किसी वास्तु शास्त्री साधक से चार्ज एवं अभिमंत्रित कराकर धनतेरस पर प्राप्त करें और इन्हें दीपावली के दिन चांदी या किसी डब्बे में सिंदूर लौंग और इलायची के साथ रखकर मां भगवती लक्ष्मी के समीप पूजा अर्चना करें इन्हें आप उपयोग में सालों भर ले.

## अष्टधातु का कछुआ

अष्टधातु का कछुआ रखना बेहद शुभ माना जाता है. अष्टधातु से निर्मित कछुआ के ऊपर मेरू श्री यंत्र बना हो तो सोने पर सुहागे वाली बात हो जाती है. कछुआ पुरे परिवार की लंबी आयु और कैरियर के लिए बहुत शुभ होता है. इसे घर में रखने से यह हमारे अनेक बीमारियों से रक्षा करता है. मेरू श्री यंत्र लक्ष्मी की अस्थाई प्राप्ति के लिए रखा जाता है इससे रखने से हमारा रुका हुआ पैसा भी आ जाता है.



## स्फटिक/अष्टधातु का श्रीयंत्र

सामान्य यंत्रों की तुलना में स्फटिक और अष्टधातु का श्रीयंत्र का प्रभाव कई हजार गुना अधिक प्रभाव देता है. लक्ष्मी अस्थाई प्राप्ति के लिए पैसा आता है, रुकता भी है. यह स्फटिक श्रीयंत्र मणि के समान है. अष्टधातु का और स्फटिक श्रीयंत्र एक से ज्यादा भी घर में अथवा प्रतिष्ठान में रखा जाता है. इन्हें दुकान के पूजा स्थान लॉकर में भी रखा जा सकता है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 08 | 08 | 00 | 16 | +2.456 |
| 2 | द. अफ्रीका | 08 | 06 | 02 | 12 | +1.376 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 08 | 06 | 02 | 12 | +0.861 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 09 | 05 | 04 | 10 | +0.743 |
| 5 | पाकिस्तान | 08 | 04 | 04 | 08 | +0.036 |
| 6 | अफगानिस्तान | 08 | 04 | 04 | 08 | -0.338 |
| 7 | इंग्लैंड (ई) | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.885 |
| 8 | बांग्लादेश (ई) | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.142 |
| 9 | श्रीलंका (ई) | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.419 |
| 10 | नीदरलैंड (ई) | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.635 |

## एक नजर में

श्रीलंका 171/10

प्लेयर ऑफ द मैच: ट्रेंट बोल्ट

न्यूजीलैंड 172/05

## आगे कौन

**सबसे अधिक रन**
565



रचिन रवींद्र, न्यूजीलैंड

**सबसे अधिक विकेट**
21



दिलशान मधुशंका, श्रीलंका

**सिक्सर किंग** रोहित शर्मा : 22

**बाउंड्री**
6: 522
4: 1900

# विश्व कप : न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

# सेफा में पहुंचना लगभग तय

## ट्रेंट बोल्ट ने चटकाए 3 विकेट

भाषा । बेंगलुरू

न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच विश्व कप में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली. इस जीत से न्यूजीलैंड के पॉइंट्स टेबल में सभी लीग मैचों के बाद 10 अंक हो गए हैं. जबकि श्रीलंका आखिरी लीग मैच हारकर 4 अंकों के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई है. 172 रनों का पीछा करते हुए डेवॉन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने टीम को शानदार शुरुआत दिलायी, जिससे न्यूजीलैंड ने 23.2 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया. इससे पहले ट्रेंट बोल्ट के नयी गेंद से शानदार प्रदर्शन के बाद मिशेल सैंटनर ने पिच से पूरा फायदा उठाया जिससे न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 171 रन पर समेट दिया. न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया. उसके बायें हाथ के तेज गेंदबाज बोल्ट (3/37) और बायें हाथ के स्पिनर सैंटनर (2/22) ने टीम की जरूरत के अनुरूप गेंदबाजी की। सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा को एक रन पर विकेटकीपर टॉम लैथम ने जीवनदान दिया था जिन्होंने 28 गेंद में 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली. पिछले कुछ मैचों में 35 वर्षीय बोल्ट लय हासिल करने में जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने यहां वापसी की. साउदी ने पहले पाथुम निसाका को आउट किया जिसके बाद बोल्ट ने श्रीलंकाई कप्तान कुसल मेंडिस का विकेट झटका. तीन गेंद के बाद बोल्ट ने फॉर्म में चल रहे सदीरा समरविक्रमा का विकेट झटका. दो ओवर बाद बोल्ट ने चरिथ असालंका को पगबाधा आउट किया जिससे श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर 70 रन हो गया. एंजेलो मैथ्यूज और धनंजय डिसिल्वा कुछ देर में सैंटनर की स्पिन का शिकार होकर सस्ते में पवेलियन पहुंचे. एक छोर से विकेट गिर रहे थे तो दूसरे छोर पर कुसल परेरा डटे थे और उन्होंने साउदी की गेंदों पर भी काफी अच्छे शॉट लगाये.

### परेरा ने इस विश्व कप में सबसे तेज अर्धशतक जड़ा

श्रीलंकाई ओपनर कुसल परेरा ने इस मैच में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा 51 रन बनाए साथ ही उन्होंने इस विश्व का सबसे तेज अर्धशतक जमाया. परेरा ने 22 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया. शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके.



### डेब्यू विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने रचिन

रचिन रवींद्र डेब्यू विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने गए हैं. रवींद्र के वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन में 565 रन हो चुके हैं. उन्होंने साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक (550 रन) को पीछे छोड़ा. रवींद्र डेब्यू वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने. उन्होंने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो (532 रन) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा. बेयरस्टो ने 2019 में अपने डेब्यू वर्ल्ड कप में रन बनाए थे.

**डेब्यू विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज**

| खिलाड़ी | साल | रन |
|---|---|---|
| रचिन रवींद्र | 2023 | 565* |
| जॉनी बेयरस्टो | 2019 | 532 |
| बाबर आजम | 2019 | 474 |
| बेन स्टोक्स | 2019 | 465 |
| राहुल द्रविड़ | 1999 | 461 |



## स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसंका कै लैथम बो साउदी | 2 | 8 | 0 | 0 |
| पेरेरा कै सैंटनर बो फर्ग्यूसन | 51 | 28 | 9 | 2 |
| मेंडिस कै रचिन बो बोल्ट | 6 | 7 | 1 | 0 |
| समराविक्रम कै मिचेल बो बोल्ट | 1 | 2 | 0 | 0 |
| असालांका एलबीडब्ल्यू बो बोल्ट | 8 | 8 | 1 | 0 |
| मैथ्यूज कै मिचेल बो सैंटनर | 16 | 27 | 2 | 0 |
| डी सिल्वा कै मिचेल बो सैंटनर | 19 | 24 | 2 | 1 |
| करुणारत्ने कै लाथम बो फर्ग्यूसन | 6 | 17 | 1 | 0 |
| तीक्षना नॉट आउट | 38 | 91 | 3 | 0 |
| चमीरा कै बोल्ट बो रचिन | 1 | 20 | 0 | 0 |
| मदुशांका कै लाथम बो रचिन | 19 | 48 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त:** 4, **कुल:** 171/10, 46.4 ओवर, **विकेट पतन:** 3-1, 30-2, 32-3, 70-4, 70- 5, 104-6, 105-7, 113-8, 128-9, 171-10, **गेंदबाजी:** बोल्ट10-3-37-3, साउदी: 8-0-52-1,लॉकी फर्ग्यूसन: 10-2-35-2, सैंटनर: 10-2-22-2, रचिन रवींद्र: 7.4-0-21-2, ग्लेन फिलिप्स: 1-0-3-0

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कॉनवे कै डी सिल्वा बो चमीरा | 45 | 42 | 9 | 0 |
| रचिन कै डी सिल्वा बो तीक्षाना | 42 | 34 | 3 | 3 |
| विलियमसन बो मैथ्यूज | 14 | 15 | 2 | 0 |
| मिचेल कै असलांका बो मैथ्यूज | 43 | 31 | 5 | 2 |
| चैपमैन रन आउट | 7 | 6 | 1 | 0 |
| फिलिप्स नॉटआउट | 17 | 10 | 3 | 0 |
| लैथम नॉटआउट | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 2, कुल: 172/5, 23.2 ओवर, **विकेट पतन:** 86-1, 88-2, 130-3, 145-4, 162-5 **गेंदबाजी:** मदुशंका: 6.2-0-58-0, तीक्षाना: 7-0-43-1, धनंजय डी सिल्वा: 2-0-22-0, दुष्मंथा चमीरा: 4-1-20-1, एंजेलो मैथ्यूज: 4-0-29-2

### विश्व कप के नॉकआउट मैचों के टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली ।** आईसीसी वनडे विश्व के सेमीफाइनल और फाइनल के टिकटों के अंतिम सेट की बिक्री गुरुवार रात से शुरू हो गयी. विश्व कप का पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को मुंबई में और दूसरा 16 नवंबर को कोलकाता में खेला जाएगा. फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में होगा. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि विश्व कप के तीनों अहम मैचों पहला सेमीफाइनल (15 नवंबर), दूसरा सेमीफाइनल (16 नवंबर) और 19 नवंबर को होने वाले फाइनल के टिकट, वेबसाइट 'टिकट्स डॉट क्रिकेटवर्ल्डकप डॉट कॉम पर उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि विश्व कप के जादू और रोमांच का अनुभव करने और एक नए चैंपियन की ताजपोशी को व्यक्तिगत रूप से देखने के इच्छुक क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह आखिरी मौका होगा. भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं.

ऑस्ट्रेलिया टी-20 श्रृंखला

### सूर्यकुमार या ऋतुराज को मिल सकती है कप्तानी

**नई दिल्ली।** भारतीय टी-20 टीम के चोटिल कप्तान हार्दिक पंड्या का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 नवंबर से शुरू होने वाली भारत की आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के लिए उपलब्ध होने की संभावना काफी कम है. मौजूदा वनडे विश्व कप के दौरान पंड्या के टखने का 'लिगामेंट' चोटिल हो गया था. उन्हें इस चोट से उबरने के लिए अधिक समय की जरूरत है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा विश्व कप के सेमीफाइनल के बाद की जायेगी. इस बात की संभावना काफी अधिक है कि भारतीय टीम का सेमीफाइनल मुकाबला 15 नवंबर को मुंबई में खेला जायेगा. यह समझा जाता है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के नामित उप-कप्तान सूर्यकुमार यादव या एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम का नेतृत्व करेंगे. सूर्यकुमार एकदिवसीय विश्व कप में खेल रहे हैं.

### विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

- राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड हासिल की थी जीत



**आदित्यपुर।** बिहार ग्रामीण फुटबॉल संघ एवं भारतीय ग्रामीण फुटबॉल महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में चर्तुथ राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत टाटानगर स्टेशन पर हुआ. प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 6 नवंबर तक बोधगया के कालचक्र फुटबॉल मैदान में किया गया था. जिसमें सभी वर्गों में झारखंड की बालक एवं बालिका टीम विजयी रही. झारखंड सीनियर बालक टीम ने फाइनल में बिहार को पेनाल्टी शूटआउट में 3–1 से हराया था, वहीं बालक जूनियर टीम ने बिहार को 1–0 हराया था. बालक जूनियर टीम के कप्तान को उनकी बेहतरीन गोलकीपिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर चुना गया था. झारखंड की जूनियर बालिका टीम का पहला मुकाबला बिहार से हुआ था जिसमें उन्होंने बिहार को 3-0 गोल से हराया था. दूसरे मुकाबले में यूपी को 2-0 गोल से, तीसरे मुकाबले में छतीसगढ़ को 7-0 गोल से एवं इसके बाद फाइनल में ओडिसा को 3-0 गोल से परास्त कर खिताब पर कब्जा जमाया.

### बजरंग को मानहानि मामले में जमानत मिली

**नई दिल्ली।** पहलवान बजरंग पूनिया को कोच नरेश दहिया द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को जमानत दे दी.दहिया ने इस पहलवान पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तामान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने बयान से उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया था. पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बजरंग ने कहा था कि दहिया के पास उनके आंदोलन का विरोध करने का नैतिक आधार नहीं है क्योंकि उनके खिलाफ बलात्कार का मामला चल रहा है. दहिया ने तब अदालत का रुख किया था. बजरंग को हाल ही में एशियाई खेलों में हार का सामना करना पड़ा था. वह बिना पदक के वापस लौटे थे.

## दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला आज

# अफगानिस्तान की नजरें सेमीफाइनल पर

भाषा । अहमदाबाद

अफगानिस्तान विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को उतरेगा तो उसकी नजरें एक और बड़ी टीम को हराने पर होंगी जबकि दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी कमजोरियों से पार पाने की कोशिश में होगा. भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ दक्षिण अफ्रीका विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंच चुका है लिहाजा उसके लिये इस मैच में बहुत कुछ दाव पर नहीं है. आठ अंक के साथ अफगानिस्तान चौथे स्थान के लिये पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ दौड़ में है. अब उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिये दक्षिण अफ्रीका को हर हालत में हराना होगा. पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की तुलना में अफगानिस्तान का रनरेट भी खराब है लिहाजा उसे बड़े अंतर से जीत और दूसरे मैचों के नतीजे अनुकूल रहने की उम्मीद करनी होगी. इस मैच का नतीजा चाहे जो हो लेकिन अफगानिस्तान ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी के दिल जीते हैं. उसने आठ में से चार मैच जीते हैं. अब उनमें यह आत्मविश्वास भर गया है कि अपना दिन होने पर वे किसी को भी हरा सकते हैं.

- पहले ही सेमीफाइनल पहुंच चुका है दक्षिण अफ्रीका

**कमजोरियों से पार पाना चाहेगा दक्षिण अफ्रीका**



### पहले बल्लेबाजी करते हुए द. अफ्रीका का प्रदर्शन अच्छा

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है लिहाजा शाहिदी टॉस जीतने पर उन्हें पहले गेंदबाजी के लिये भेजना चाहेंगे. लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की कमजोरियां उजागर हुई है. अफगानिस्तान की ताकत उसकी स्पिन गेंदबाजी रही है लेकिन तेज गेंदबाजों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी. नवीन उल हक और अजमतुल्लाह उमरजई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नयी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है. अब तक कमजोर कड़ी रहे अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने भी उम्दा प्रदर्शन किया है. इब्राहिम जदरान, रहमत शाह और कप्तान शाहिदी को पता है कि हालात के अनुरूप कैसे खेलना है. रहमानुल्लाह गुरबाज से टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि अनुभवी मोहम्मद नबी भी बल्ले से प्रभावित नहीं कर सके हैं.

**टीमें**

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान, मुजीबुर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और नवीनुल हक.

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबादा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन , लिजाद विलियम्स.

### फेयरलेस फाइटर ने आरसीसी चंदवा को 133 रनों से हराया



संवाददाता । लातेहार

लातेहार जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग बी ग्रुप का पांचवा मैच गुरूवार को जिला स्टेडियम में फेयरलेस फाइटर व आरसीसी, चंदवा के बीच खेला गया. फेयरलेस फाइटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर 212 रन बनाये. लवकुश कुमार ने 69, इमदाद अंसारी ने 40 व अर्श आर्य ने 21 रनों का योगदान दिया. आरसीसी, चंदवा की ओर से प्रिंस ने तीन विकेट चटकाये.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी, चंदवा की पूरी टीम 22 वें ओवर में ही 79 रनों पर ढेर हो गई. फेयरलेस फाइटर की ओर से मो अर्शलान ने पांच व इमदाद ने दो विकेट चटकाये. मैच के अंपायर आनंद सिंह,श्रवण महली और स्कोरर रौनक दुबे थे. मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फेयरलेस फाइटर के मो अर्शलन को दिया गया. मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह व प्रकाश सिंह समेत कई खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित थे.

**एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप** भारतीय तीरंदाजों ने हासिल किए कुल सात पदक

# परनीत कौर ने हासिल की कॅरियर की सबसे बड़ी जीत

भाषा । बैंकॉक

किशोर तीरंदाज परनीत कौर ने गुरुवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष भारतीय कम्पाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम को पछाड़कर व्यक्तिगत खिताब के साथ अपने कॅरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की. कम्पाउंड तीरंदाज एक बार फिर अपने रिकर्व टीम पर भारी पड़े. भारत ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते. इन सात पदकों में से केवल एक कांस्य रिकर्व वर्ग (महिला टीम) में आया. कम्पाउंड महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला भारत की दो तीरंदाजों के बीच था. मुकाबले के बीच में परनीत दो अंकों से पिछड़ रही थी लेकिन 18 साल की इस खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 145-145 कर दिया. एशियाई खेलों में हाल में स्वर्ण पदक का हैट्रिक लगाने वाली ज्योति टाई-ब्रेकर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी. वह शूट-ऑफ में परनीत से 8-9 से हार गयी.



**अदिति व प्रियांश की जोड़ी ने जीता स्वर्ण :** अदिति स्वामी और प्रियांश की मिश्रित कंपाउंड जोड़ी ने भारत को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया. इस जोड़ी ने एक तरफा फाइनल में थाईलैंड को 156-151 से हराया. ज्योति, परनीत और अदिति की महिला टीम ने कम्पाउंड फाइनल में चीनी ताइपै को 234-233 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ एशियाई खेलों की अपनी सफलता को दोहराने में सफल रहीं.

### रिकर्व तीरंदाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

रिकर्व वर्ग के तीरंदाजों का खराब प्रदर्शन इस प्रतियोगिता में भी जारी रहा जहां कोई भी तीरंदाज क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया. धीरज बोम्मदेवरा को तांग चिह-चुन ने 3-7 से हराया जबकि उनके सेना के उनके अनुभवी सहयोगी तरूणदीप राय को दक्षिण कोरिया के किम जे डेओक ने 0-6 (27-29, 28-29 29-30) से मात दी. महिला वर्ग में भारतीय तीरंदाज प्री-क्वार्टर फाइनल की बाधा को पार करने में विफल रहे.



### फाइनल में पहुंची झारखंड की आशा

**रांची।** कोयंबटूर में चल रही जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मंगलवार को झारखंड की आशा किरण बारला ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. उम्मीद जताई जा रही है कि शुक्रवार को आशा फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड के साथ-साथ बोकारो का भी नाम रौशन करेंगी. भाटिया एथलेटिक्स अकादमी के बच्चों में काफी उमंग देखने को मिल रही है और वह आशा के स्वर्ण जीतने का इंतजार कर रहे हैं.

- जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप

हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए टीम घोषित

### झारखंड की तीन खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मिली जगह



खेल संवाददाता । रांची

चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक होने वाली एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप चिली के लिए हॉकी इंडिया ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की. भारतीय जूनियर महिला टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी रोपनी कुमारी, महिमा टेटे और दीपिका सोरेंग को शामिल किया गया है. तीनों खिलाड़ी झारखंड के सिमडेगा जिला की हैं. दीपिका सोरेंग केरसई प्रखंड के करगागुड़ी की रहनी वाली है, वहीं महिमा टेटे सदर प्रखंड के बरकीछापर की रहने वाली और ओलंपियन सलीमा टेटे की छोटी बहन है. **29 नवंबर को भारतीय टीम करेगी अपने अभियान की शुरुआत :** इस प्रतियोगिता में भारत को पूल सी में जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ रखा गया है. भारतीय टीम अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेगी.

### ब्रीफ खबरें

**केरल सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में राज्य सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने गुरुवार को उक्त परिसर की गहन तलाशी ली. सूत्रों के मुताबिक, पुलिस नियंत्रण कक्ष के पास एक धमकी भरा फोन आया था, जिसमें दावा किया गया था कि सचिवालय परिसर के भीतर रखे गए विस्फोटकों में विस्फोट किया जाएगा. सूत्रों के अनुसार, कॉल पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए पुलिसकर्मियों ने खोजी कुत्तों की मदद से सचिवालय परिसर के अंदर और बाहर गहन तलाशी ली. उन्होंने बताया कि पार्क किए गए वाहनों और आसपास की दुकानों की भी जांच की गई.

**विधायक सह पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन का निधन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ (पूर्व) से विधायक और पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन का गुरुवार की दोपहर हृदय गति रुकने से निधन हो गया. वे 63 वर्ष के थे. आशुतोष टंडन के निधन की पुष्टि करते हुए मेदांता हास्पिटल, लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर डाक्टर राकेश कपूर ने बताया कि टंडन लंबे समय से बीमार थे और उनका इलाज मेदांता लखनऊ में चल रहा था. गुरुवार दोपहर उन्होंने 12 बजकर 7 मिनट पर अंतिम सांस ली. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर आशुतोष टंडन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया. परिजनों को सांत्वना दी.

**लातूर में कॉलेज में छात्रों ने पेड़ों की लाइब्रेरी स्थापित की**

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर शहर के एक कॉलेज में लगभग 100 स्वदेशी और दुर्लभ पेड़ों का एक 'पुस्तकालय' स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को इन पौधों के बारे में अधिक जानने और उन्हें संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करना है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने कहा राजर्षि साहू कॉलेज के परिसर में छात्रों द्वारा औषधीय के साथ-साथ बिबवा, घाटाबोर, बहावा, बांस, आम और पीपल सहित कुछ लोकप्रिय पेड़ लगाए गए हैं. छात्रों ने विभिन्न देशी और दुर्लभ पेड़ों की लगभग 100 प्रजातियों को गमलों में लगाया और उनके बारे में जानकारी भी दी.

**ट्रक और बस की टक्कर, दो की मौत**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के बुलढाणा ले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को एक ट्रक ने एक निजी बस को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना नागपुर से लगभग 350 किलोमीटर दूर स्थित बुलढाणा के मेहकर क्षेत्र में सुबह करीब चार बजे तब हुई, जब बस चालक ने टायर की जांच के लिए एक लेन में अपने वाहन को रोका. बस मुंबई से नागपुर जा रही थी. अधिकारी ने बताया कि ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी जिससे इसके चालक और एक यात्री की मौत हो गई.

**ऊना में भाजपा नेता पर हमला, रुपये लूटे**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरौली इलाके में भाजपा के नेता लखबीर सिंह लक्खी पर हमला करने के साथ ही बंदूक दिखा कर उनसे 63,000 रुपये लूट लिए गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. उसने बताया कि वारदात के बाद मौके पर जुटे कुछ स्थानीय लोग भाजपा नेता को अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज किया जा रहा है. पुलिस उपाधीक्षक (हरौली) मोहन रावत ने बताया कि हमले और लूटपाट के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा मामले की जांच जारी है.

**केजरीवाल की समीक्षा याचिका खारिज**

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के गुजरात विश्वविद्यालय को दिए गए निर्देश को रद्द करने के उसके पहले के आदेश पर समीक्षा का अनुरोध किया गया था. मार्च में, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील स्वीकार की थी.

**उत्तराखंड राज्य का 23वां स्थापना दिवस मना...**



### उत्तराखंड ने विकास के नए शिखरों पर कदम जमाए : मुर्मू

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि 2000 में उत्तराखंड गठन के बाद नई पहचान के साथ राज्य के परिश्रमी लोगों ने विकास और प्रगति के नित-नूतन शिखरों पर अपने कदम जमाए हैं. उत्तराखंड के 23 वें राज्य स्थापना दिवस पर यहां पुलिस लाइंस में आयोजित एक कार्यक्रम में परेड का निरीक्षण करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने समस्त प्रदेशवासियों को बधाई दी. कार्यक्रम में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे. मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश की मातृशक्ति के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के लिए ' 'महिला नीति' बनाई गयी है जिसे शीघ्र ही लागू किया जाएगा. उन्होंने 'बाल श्रम उन्मूलन' के लिए कार्ययोजना बनाने तथा ड्रग्स मुक्त उत्तराखंड के लिए 'नशामुक्त ग्राम'' और 'नशामुक्त शहर' योजना बनाने की घोषणा की.

**आओ जानें**

### दुनिया की सबसे पुरानी इमारतें

| | | | |
|---|---|---|---|
| मार्टिन लूथर स्टेच्यू | जर्मनी | एफिल टॉवर | फ्रांस |
| लुडविंग हाउस | पोलैंड | ओल्ड सेंट लुइस कोर्ट हाउस | अमेरिका |
| स्विटी मार्सिन बिल्डिंग | पोलैंड | | |
| मौलिन रूज सिनेमा | फ्रांस | रोमरबर्ग मार्केट | जर्मनी |
| मोंट सेंट-मिशेल | फ्रांस | ग्रैंड गार्डन पैलेस | जर्मनी |
| रीचस्टैग बिल्डिंग | जर्मनी | कार्लस्टोर स्ट्रीट | जर्मनी |
| सुल्तान अब्दुल समद | मलेशिया | लॉड्ज़ सिटी बिल्डिंग | पोलैंड |
| ड्रेसडेन फ्रौएनकिर्चे चर्च | जर्मनी | होटल डी विले | फ्रांस |



अयोध्या में योगी मंत्रिमंडल की हुई बैठक

## हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में योगी आदित्यनाथ ने प्रार्थना की



**एजेंसी। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक नगरी अयोध्या में आज कैबिनेट की बैठक की. इससे पूर्व कैबिनेट मंत्रियों के साथ हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में प्रार्थना की. योगी आदित्यनाथ और उनके कैबिनेट के साथी आज सुबह अयोध्या पहुंचे और हनुमान गढ़ी मंदिर गये और फिर राम मंदिर की ओर बढ़े. बता दें कि राम मंदिर में अगले साल के शुरू में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रस्तावित है. मुख्यमंत्री और उनके मंत्री कैबिनेट की बैठक करने सरयू नदी के किनारे स्थित कथा मंडपम पहुंचे. नौ नवंबर की तिथि इस मायने में खास है क्योंकि इसी दिन उच्चतम न्यायालय ने 2019 में बाबरी मस्जिद- राम जन्मभूमि मामले में अपना फैसला सुनाया था. जिससे राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ. वर्ष 1989 में नौ नवंबर को ही विश्व हिंदू परिषद ने राम मंदिर के लिए शिलान्यास किया था. यह दुर्लभ ही है कि राज्य कैबिनेट की बैठक राज्य की राजधानी से बाहर हो. लखनऊ से बाहर इससे पूर्व, पहली बार जनवरी, 2019 में प्रयागराज में कैबिनेट की बैठक हुई थी.

केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए चार करोड़ पक्के घर बनाये : मोदी

# आपका वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा : पीएम

**भाषा। सतना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में मतदाताओं का प्रत्येक वोट त्रिशक्ति से भरा है, जो भारतीय जनता पार्टी को मध्य प्रदेश में फिर से सरकार बनाने में, केंद्र में प्रधानमंत्री को मजबूत करने में और प्रदेश में भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने में मदद करेगा. मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सतना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के लिए चार करोड़ पक्के घर बनाये हैं, लेकिन उन्होंने अपने लिए एक भी घर नहीं बनाया है.

मोदी ने कहा आपका एक वोट भाजपा को मध्य प्रदेश में फिर से सरकार बनाने में मदद करेगा. आपका वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा और प्रदेश में भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता से सौ मील दूर भी रखेगा. यानी एक वोट, तीन चमत्कार, यह त्रिशक्ति की तरह है. प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में उनकी सरकार बनने के बाद, कांग्रेस के समय से सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लगभग 10 करोड़ फर्जी लाभार्थियों को हटा दिया है. मोदी ने कहा कि इसलिए कांग्रेस के नेता इन दिनों उन्हें गालियां दे रहे हैं, क्योंकि उनकी सरकार का यह कदम उन पर भारी पड़ा है. उन्होंने कहा, इस तरह सरकार ने लोगों के 2.75 लाख करोड़ रुपये बचाये हैं.



**खास बातें**

- राज्य से भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता से दूर रखना होगा
- 10 करोड़ फर्जी लाभार्थियों का नाम हटाया गया

**आजकल हर अयोध्या में राम मंदिर की चर्चा हो रही**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, मैं आजकल जहां भी जाता हूं, वहां अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनने की चर्चा होती है. पूरे देश में ख़ुशी की लहर है. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, हमने नया संसद भवन बनवाया है तो 30,000 पंचायत भवन भी बनवाये हैं. मुझे खुशी है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के कारण मध्य प्रदेश उन राज्यों में से एक है जहां लाखों गरीबों के लिए घर बनाये गये. उन्होंने कहा कि सतना में भी गरीबों को 1.32 लाख आवास मिले हैं. मोदी ने कहा कि उन्होंने गरीबों के लिए कोविड-19 संकट के दौरान शुरू की गयी मुफ्त राशन योजना को दिसंबर के बाद अगले पांच साल तक बढ़ाने का संकल्प लिया है.

**सतना के भजन बजाने वाले एक संगीत समूह की प्रशंसा की**

अपने संबोधन से पहले मोदी ने, सतना के भजन बजाने वाले एक संगीत समूह की प्रशंसा करते हुए कहा, यह संगीत की धुनों की ताकत है जो बंदूक की नलियों से बने वाद्य यंत्र से निकल रही है. उन्होंने कहा कि जब दुनिया संकट से घिरी हुई है, चारों ओर बम और बंदूकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं तब भारत जैसे देश आज दुनिया में अपने विचार का प्रभाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं. वहीं, मप्र कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह का संदर्भ देते हुए, कमलनाथ की कथित टिप्पणी कपड़े फाड़ो को लेकर मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के दो नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने में व्यस्त हैं. प्रधानमंत्री ने कहा, दोनों नेता अपने समर्थकों से एक-दूसरे के 'कपड़े फाड़ने' के लिए कह रहे हैं. कमलनाथ और दिग्विजय सिंह इस जुगत में हैं कि तीन दिसंबर को मतगणना वाले दिन हार मिलने के बाद किसका बेटा मप्र कांग्रेस की कमान संभालेगा.' वे अपने बेटों को सेट करने के लिए मध्य प्रदेश को अपसेट कर रहे हैं.

### तीन हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट में हुए नियुक्त

**नयी दिल्ली।** तीन उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पदोन्नत करते हुए गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किया गया. उनके शपथ लेने के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या पूर्ण यानी 34 हो जाएगी. दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सतीशचंद्र शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया. उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने छह नवंबर को उनके नामों की सिफारिश की थी.

## महुआ के खिलाफ प्रस्ताव पारित, जा सकती है सांसदी

**भाषा। नयी दिल्ली**

ैश फॉर क्वेरी मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ एथिक्स कमेटी में गुरुवार को प्रस्ताव पारित हो गया. महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रस्ताव के पक्ष में छह सांसदों ने और प्रस्ताव के विरोध में 4 विपक्षी सदस्यों ने वोट डाला. खास बात रही कि कांग्रेस की सांसद परनीत कौर ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया. कमेटी ने अपने प्रस्ताव में महुआ को सांसद के रूप में निष्कासित करने की सिफारिश की है. अब इसके बाद महुआ मोइत्रा पर सांसदी जाने की तलवार लटक रही है. कमेटी के अध्यक्ष सोनकर ने कहा कि समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट को स्वीकार करने का समर्थन किया. चार सदस्यों ने इसका विरोध किया. सूत्रों के अनुसार समिति ने मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की है. रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजी जायेगी. वहीं, महुआ मोइत्रा ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दावा किया कि एक निजी समाचार चैनल ने उनसे जुड़े मामले पर संसदीय समिति की गोपनीय मसौदा रिपोर्ट हासिल की है.



**लगाए आरोप**

- मोइत्रा ने विशेषाधिकार के उल्लंघन की शिकायत की
- एक चैनल ने संसदीय समिति की गोपनीय रिपोर्ट हासिल की

### मेरे पास छिपाने को कुछ नहीं है, जांच में सहयोग किया: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय से बाहर आने के बाद गुरुवार को कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह राज्य में कथित स्कूल रोजगार घोटाले की जांच में केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं. अभिषेक बनर्जी बंगाल में कथित स्कूल रोजगार घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 10 मिनट पर कोलकाता में ईडी कार्यालय पहुंचे. अधिकारियों ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी दोपहर के ठीक बाद केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय से बाहर आये. टीएमसी सांसद ने कहा कि उन्होंने एजेंसी को लगभग छह हजार पन्नों का जवाब और उसके द्वारा मांगे गये सभी दस्तावेज सौंपे हैं.

## देश की सुरक्षा सर्वोपरि: अमित शाह

**भाषा। नयी दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति बिल्कुल नरमी नहीं बरतने की अपनी नीति को जारी रखेगी और भारत को इस खतरे से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है. शाह ने कहा कि सुरक्षित भारत की प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अंतर्गत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पांच अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. उन्होंने कहा कि यह अभियान दस राज्यों में एक साथ चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया. शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एनआईए की टीम को बधाई. मोदी सरकार अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरतने की अपनी नीति को जारी रखेगी और केंद्र सरकार इस खतरे से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि एजेंसी ने बुधवार को देशभर में छापेमारी कर मानव तस्करी में शामिल पांच गिरोह का भंडाफोड़ कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया.



**खास बातें**

- एनआईए ने 5 मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया था
- अवैध रूप से रह रहे लोगों पर कार्रवाई में नरमी नहीं

### तरुण गुलाटी लंदन के पहले मेयर बनना चाहते हैं

**लंदन।** व्यवसायी तरुण गुलाटी ने लंदन का भारतीय मूल का पहला मेयर बनने की ख्वाहिश के साथ ब्रिटेन की राजधानी में मई 2024 में प्रस्तावित मेयर चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है. गुलाटी (63) ने पिछले महीने अपनी ''जन्मभूमि'' भारत की यात्रा के दौरान यह घोषणा की थी. उन्होंने कहा था कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ भी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि लंदन, जो पिछले 20 वर्षों से उनका घर है, एक अग्रणी वैश्विक शहर बना रहे और सभी लंदनवासी सुरक्षित एवं विकास के अवसरों से सशक्त महसूस करें.

## कांग्रेस प्रत्याशी के ठिकानों पर आईटी रेड

### श्रीनिवास रेड्डी गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करने वाले थे

**एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को हैदराबाद और खम्मम में कांग्रेस उम्मीदवार पी श्रीनिवास रेड्डी के कार्यालय और आवासीय परिसरों पर तलाशी ली. सूत्रों ने यह जानकारी दी. रेड्डी खम्मम जिले की पलैर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार वह गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करने वाले थे.



कांग्रेस नेता के समर्थकों ने खम्मम में उनसे जुड़े ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे के विरोध में नारे लगाये. रेड्डी ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में संकेत दिया था कि आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियां उन्हें निशाना बनाकर छापेमारी कर सकती हैं. उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियों की तलाशी पिछले कई दिनों से कांग्रेस नेताओं पर केंद्रित रही हैं.

**बीआरएस और भाजपा मिलकर कांग्रेस के नेताओं को निशाना बना रही हैं :** रेड्डी ने यह भी कहा था कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भाजपा मिलकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को निशाना बना रही हैं. उन्होंने कहा था, मैं अपने सभी समर्थकों से अनुरोध करता हूं कि वे किसी भी गतिविधि में शामिल न हों.

**अभियान** काठोहलान में आतंकियों के छिपे होने की भारतीय सेना को मिली थी जानकारी

# शोपियां में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़, आतंकी ढेर

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गयी. इस मुठभेड़ ''द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़ा एक आतंकवादी ढेर हो गया. उसके पास से गोला-बारूद सहित अन्य आतंकवादी सामग्री बरामद की गयी है. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के काठोहलान इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी. जिसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया. इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की. जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायीं. जिसके बाद दोनों पक्षों में मुठभेड़ हो गयी और टीआरएफ से जुड़ा एक आतंकी मारा गया.

**सुरक्षा बलों का तलाश अभियान जारी**

कश्मीर जोन पुलिस ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि आतंकी संगठन टीआरएफ से संबंधित एक आतंकवादी को मार गिराया गया है. उसके पास से गोला-बारूद सहित अन्य आतंकवादी सामग्री बरामद की गयी है. सुरक्षा बलों का तलाश अभियान जारी है. अतिरिक्त जानकारी जल्द उपलब्ध करायी जायेगी.

## माओवादियों के गोला-बारूद का जखीरा ढूंढ़ा

**भाषा। भुवनेश्वर**

भाषा) सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा के समीप मलकानगिरी जिले में तुलसी आरक्षित वन क्षेत्र में एक माओवादियों के एक ठिकाने का पता लगाया और वहां से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई. अर्द्धसैनिक बल ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी. बयान के मुताबिक, बीएसएफ की दूसरी बटालियन ने खुफिया जानकारी के आधार पर तुलसी आरक्षित वन क्षेत्र में किरमिती और तुलसी गांव में एक अभियान चलाया. बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया, लक्षित इलाके में छापेमारी के दौरान बल ने किरमिती गांव के समीप जंगल में एक पेड़ के पास चट्टानी गुफा में स्थित माओवादी का गोला बारूद का जखीरा ढूंढ निकाला. उन्होंने बताया कि ठिकाने से बरामद की गई चीजों में एक एल्यूमिनियम कंटेनर (15 लीटर), बैटरी व एंटीना के साथ एक वायरलेस सेट, एक हथगोला और अन्य चीजें बरामद की गई हैं. अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ दक्षिण ओडिशा के माओवादी प्रभावित जिले मलकानगिरी में अभियान चला रही है. उन्होंने बताया कि इस तरह की बरामदगी से निश्चित रूप से माओवादियों की रणनीति को तगड़ा झटका लगेगा और सुरक्षा बलों के बढ़ते प्रभुत्व से निपटने का उनका हौसला कम होता जाएगा.

**खास बातें**

- मलकानगिरी जिले के तुलसी वन क्षेत्र में अड्डा
- किरमिती गांव के जंगल में मिला हथियारों का जखीरा

**लंदन में दिवाली**



लंदन के डाउनिंग स्ट्रीट में दिवाली मनाने पहुंचे ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक व पत्नी अक्षता मूर्ति. फोटो: पीटीआई






# ‘मोदी ओबीसी हैं, तो जनगणना क्यों नहीं कराते’

एजेंसी। भोपाल

एमपी में चुनावी तापमान चरम पर हैं. कांग्रेस-भाजपा एक दूसरे पर हमलावर हैं. महंगाई, बेरोजगारी से लेकर जातपात पर वोट मांगे जा रहे हैं. कांग्रे के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार भाजपा को कटघरे में खडा कर रहे हैं. अब उन्होंने ओबीसी दांव खेला है आज गुरुवार को उन्होंने एमपी के अशोक नगर में ओबीसी जनगणना की बात छेड़ दी. पीएम मोदी की जाति का मामला उठाते हुए उन्होंने यहां एक जनसभा में कहा, दो तीन दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है, वो है गरीब. एक तरफ वो कहते हैं मेरा नाम नरेंद्र मोदी, मैं ओबीसी हूं और दूसरी तरफ कहते हैं हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है वो है गरीब.

राहुल गांधी ने जनता से मुखातिब होते हुए कहा, जो मैंने अपनी आंखों से देखा वो आपको बताना चाहता हूं. मैं लाखों युवाओं से मिला और जब मैं उनसे पूछता था कि भैया, आप



बेरोजागार हो आपकी जाति क्या है तो वो मुझे कहते थे मैं ओबीसी हूं, मैं दलित हूं, मैं आदिवासी हूं.

इसके बाद जातिगत जनगणना के पक्ष में बोलते हुए राहुल ने कहा कि उनके दिमाग में यह बात आयी कि इस देश में कितने ओबीसी हैं, दलित कितने हैं, आदिवासी कितने हैं, सामान्य वर्ग के कितने हैं और इन वर्गों के लोगों को भारत को चलाने में कितनी हिस्सेदारी मिल रही है. इस क्रम में उदाहरण दिया कि अगर इस देश में 50 फीसदी ओबीसी है तो सरकार को चलाने में चलाने में उनकी 50 फीसदी भागीदारी होनी चाहिए

## भगवान राम के दौर में सत्य की विजय की परंपरा थी : प्रियंका

भाषा। चित्रकूट (मध्यप्रदेश)

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए गुरुवार को मतदाताओं को सत्य की विजय और असत्य की पराजय की ‘रामायणकालीन परंपरा’ याद दिलाई. उन्होंने ‘मामा’ के उपनाम से मशहूर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी तंज कसते हुए कहा कि रिश्ता निभाने से बनता है, वरना कंस भी मामा थे. सतना जिले के चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान उन्होंने यह बात कही. प्रियंका ने कहा कि मतदाता उन नेताओं के प्रति अपनी ‘श्रद्धा’ थोड़ी कम कर लें, जो चुनाव के दौरान उन्हें धर्म के नाम पर फुसलाकर वोट मांगते हैं.

चित्रकूट के बारे में पौराणिक



मान्यता है कि यह भगवान राम की तपोस्थली था. इस क्षेत्र में प्रियंका ने कहा कि भगवान राम के दौर में भी ‘सत्य की विजय और असत्य की पराजय’ की ‘परंपरा’ थी और देश में रामायणकाल से परंपरागत रूप से यह क्रम चला आ रहा है कि आम लोगों के मन में उसी शासक के लिए श्रद्धा होती है जो करुणा और सेवा के भावों के साथ जनता के लिए काम करता है.मतदाताओं से मुखातिब कांग्रेस महासचिव ने कहा, आप इस परंपरा को मत तोड़िये.

# छत्तीसगढ़ की सरकार ने महादेव के नाम पर सट्टा शुरू कर दिया : शाह

भाषा। जशपुर (छत्तीसगढ़)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान के उतरने वाले स्थान का नाम ‘शिव शक्ति’ रखकर भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्ति की लेकिन छत्तीसगढ़ की (कांग्रेस) सरकार ने महादेव के नाम पर ‘सट्टा’ शुरू कर दिया. शाह ने जशपुर जिले के बगीचा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद, पांच वर्ष के भीतर राज्य से नक्सलवाद समाप्त कर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने सभा को



संबोधित करते हुए कहा, ‘’केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है, मोदी ने चंद्रयान भेजा चंद्रमा पर, और जहां चंद्र यान उतरा, उस जगह का नाम ‘शिव शक्ति पॉइंट’ रख कर उन्होंने भगवान शंकर के प्रति श्रद्धा व्यक्त की. यहां छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है, उन्होंने क्या किया? महादेव ऐप से जोड़कर सट्टा खोलने का काम किया. शर्म करें, कम से कम महादेव को तो छोड़ देते. शाह राज्य में कथित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप घोटाले का जिक्र कर रहे थे.

## भाजपा के बागी राजपाल ने नामांकन वापस लिया

**जयपुर।** जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले पूर्व मंत्री राजपाल सिंह ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र वापस लेने की घोषणा की. सिंह ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिकट काट दिए जाने के बाद बागी होकर नामांकन पत्र दाखिल किया था. राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन है. सिंह ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस को हराना जरूरी है.









## केसीआर ने दो सीट से नामांकन दाखिल किया

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को गजवेल और कामारेड्डी सीटों से नामांकन पत्र दाखिल किया. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कामारेड्डी के मौजूदा विधायक गम्पा गोवर्धन और पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में राव ने कामारेड्डी में रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र जमा किया. इससे पहले, दिन में उन्होंने गजवेल सीट से भी पर्चा दाखिल किया, जिसका वह निवर्तमान विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं.

## मध्य प्रदेश ‘बीमारू’ नहीं ‘बेमिसाल’ राज्य बना

**भोपाल।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि भाजपा नीत सरकार के सुशासन से मध्य प्रदेश एक बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य में बन गया है. मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य



में समग्र विकास 5जी यानी वृद्धि, सुशासन, लोगों की सद्भावना, मोदी जी की गारंटी और गरीब कल्याण (गरीबों का कल्याण) से मुमकिन हुआ है. सीतारमण ने कहा कि 5जी के दम पर मध्य प्रदेश अब एक बीमारू राज्य नहीं रह गया है.









मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)